✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 76 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 11 अगस्त 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



बिहार पेंशन दिवस पर पेंशनधारियों के बैंक खातों में राशि हस्तांतरित करते सीएम सम्राट चौधरी

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जेपी गोलंबर से लेकर कारगिल चौक तक निकली भव्य तिरंगा यात्रा

# 2047 में सबसे शक्तिशाली देश होगा भारत : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना में सोमवार को जेपी गोलंबर से लेकर कारगिल चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें सीएम सम्राट चौधरी भी शामिल हुए। हाथों में तिरंगा लेकर सीएम सम्राट चौधरी लगभग डेढ़ किलोमीटर पैदल चले। जेपी गोलंबर पहुंचने के बाद उन्होंने जेपी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इस दौरान हजारों की संख्या में हाथों में तिरंगा लिए लोग चौक पर भारत माता की जय का जयघोष करते हुए दिखे। इस दौरान अपने भाषण में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि तिरंगा को 'एकता, अखंडता और संप्रभुता' का प्रतीक है। तिरंगा हमारे लिए जीने और मरने का प्रतीक है। तिरंगे की आन के लिए हमारे लाखों सैनिकों ने अपनी प्राणों की आहूति दे दी है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत शांति चाहता है लेकिन अगर हमसे कोई लड़ने की कोशिश करता है तो हम लोग भी उसे कड़ा जवाब देते हैं। उन्होंने कहा कि भारत 2047 में सबसे शक्तिशाली देश के रूप में उभर कर सामने आएगा। सीएम सम्राट ने यह भी कहा कि आज का तिरंगा यात्रा केवल तीन रंगों का ध्वज नहीं है बल्कि हमारे पूर्वजों और स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी प्राणों की आहूति देकर लोकतंत्र की स्थापना की और इस तिरंगा को स्थापित किया। मुख्यमंत्री ने 17 अगस्त तक चलने वाली तिरंगा यात्रा में ज्यादा से ज्यादा लोगों को शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस मुहिम को सफल बनाएं और प्रखंड स्तर पर हो रहे इस कार्यक्रम में शामिल होकर तिरंगे की शान में अपनी उपस्थिती दर्ज कराएं। तिरंगा यात्रा में मंत्री अशोक चौधरी, रामकृपाल यादव, विजय सिन्हा, मिलिलेश तिवारी, संतोष कुमार सुमन, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी समेत अन्य नेता भी शामिल हुए। सोमवार को तिरंगा यात्रा को लेकर पहले से ही सुरक्षा के सभी इंतजाम कर लिए गए थे। सुबह 7 बजे से ही गांधी मैदान, डाकबंगला चौराहा, जेपी गोलंबर, कारगिल चौक और बुद्ध मार्ग के आसपास गाड़ियों की एंट्री पर रोक लगा दी गई थी। इसके बदले वैकल्पिक रूट की व्यवस्था की गई थी ताकि लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं झेलनी पड़े। तिरंगा यात्रा खत्म होने के बाद यातायात पहले की तरह सुचारू रूप से चालू कर दिया गया।

## 2011 की जनगणना के आधार पर तय होगी पंचायतों की सीमा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा कि सरकार ने 2011 की जनगणना के आधार पर पंचायतों की सीमा तय करने का फैसला किया है। यह काम पूरा होने के बाद ही पंचायत चुनाव की अगली प्रक्रिया शुरू होगी। मंत्री ने कहा कि पंचायतों की सीमा तय करने यानी परिसीमन का काम पूरा होने के बाद ही पंचायत चुनाव की आगे की तैयारी होगी। परिसीमन से लेकर आरक्षण की सूची तैयार करने और फिर चुनाव कराने तक की पूरी प्रक्रिया राज्य निर्वाचन आयोग की देख-रेख में होती है। इसी वजह से अभी पंचायत चुनाव की पक्की तारीख या समय-सीमा बताना संभव नहीं है। विभाग की ओर से राज्य निर्वाचन आयोग को हर जरूरी मदद दी जा रही है। सरकार की कोशिश है कि परिसीमन और आरक्षण का काम समय पर पूरा हो और इसके बाद पंचायत चुनाव की प्रक्रिया तय समय के अनुसार आगे बढ़े। पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा कि सरकार पंचायतों को मजबूत करने



के साथ सरकारी सुविधाओं को गांव के लोगों के और करीब लाना चाहती है। पंचायत स्तर पर लोगों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का फायदा आसानी से मिले, इसके लिए लगातार काम किया जा रहा है। सरकार ऐसी व्यवस्था तैयार कर रही है, जिसमें ग्रामीणों को अलग-अलग सरकारी काम के लिए अलग-अलग दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। पंचायत स्तर पर एक ही भवन में कई सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने की योजना पर काम चल रहा है। इसके लिए सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत सरकार भवन बनाए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### लूट की योजना बनाते दो गिरफ्तार

**गयाजी(नबिटा ब्यूरो)।** बेलागंज थाना क्षेत्र के डीहा मोड़ के पास वाहन जांच के दौरान पुलिस ने लूट की योजना बना रहे पूर्व सरपंच के बेटे सहित दो युवकों को पकड़ा है। पुलिस ने इनके पास से एक देसी कट्टा बरामद किया है। साथ ही दो मोबाइल फोन व एक बाइक जब्त की है। गिरफ्तार युवक की पहचान बेलागंज थाना क्षेत्र के पनारी गांव निवासी पूर्व सरपंच रवींद्र यादव के पुत्र गौरव कुमार के रूप में हुई है। उसके साथ मौजूद एक विधि-विरुद्ध बालक को भी पुलिस ने निरुद्ध किया है।

### 161 सहायक प्राध्यापकों ने विवि में दिया योगदान

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पाटलिपुत्र विवि (पीपीयू) अंतर्गत संचालित 16 राजकीय डिग्री कॉलेजों के 161 नवनियुक्त सहायक प्राध्यापकों (संविदा) को सोमवार को विवि में समारोह में कुलपति प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इन शिक्षकों ने विवि में अपना योगदान दिया। मौके पर कुलपति ने कहा कि राजकीय डिग्री कॉलेजों की स्थापना का उद्देश्य ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उनके निकट उच्च शिक्षा की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना है।

### जवानों को ट्रेनिंग देने के क्रम में हवलदार इंस्ट्रक्टर की मौत

**गयाजी(नबिटा ब्यूरो)।** जिला मुख्यालय में सोमवार को अनुदेशक सिपाही (हवलदार इंस्ट्रक्टर) की ड्यूटी के दौरान मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि उनकी हर्ट अटैक से मौत हुई है। मृतक खगड़िया के निकेश कुमार हैं, जो बीएमपी-14 के सिपाही थे और पिछले तीन महीने से बीएमपी-3 में इंस्ट्रक्टर के रूप में तैनात थे। बताया गया कि सोमवार को निकेश अपने जवानों को मैदान में ट्रेनिंग दे रहे थे। पीटी कराते समय अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। जवानों ने उन्हें संभाला। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### प्रस्तावित विवि अधिनियम के विरोध में सामूहिक अवकाश पर रहे शिक्षक-कर्मी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सरकार के प्रस्तावित विश्वविद्यालय अधिनियम के विरोध में सोमवार को बिहार के सभी परम्परागत विश्वविद्यालयों के शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारी सामूहिक आकस्मिक अवकाश पर रहे। शिक्षक-कर्मचारियों ने अपने विवि मुख्यालयों पर जोरदार प्रदर्शन किया। इसके बाद शिक्षक-कर्मचारियों ने प्रस्तावित अधिनियम को निरस्त करने की अनुशंसा सरकार को करने की मांग को लेकर कुलपति को ज्ञापन सौंपा। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय क्षेत्र के शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारी कॉलेज ऑफ कॉमर्स से जुलूस निकाल विवि मुख्यालय पहुंचे और अधिनियम के विरोध में नारेबाजी की।

## एक करोड़ से ज्यादा पेंशनधारियों के खाते में भेजी गयी पेंशन राशि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में वृद्ध, विधवा और दिव्यांग पेंशन पाने वाले लोगों के लिए बड़ी खबर है। राज्य सरकार हर महीने की 10 तारीख को बिहार पेंशन दिवस के तौर पर मना रही है। इसी व्यवस्था के तहत आज 10 अगस्त को एक करोड़ एक लाख 33 हजार पेंशनधारियों के बैंक खातों में 1100 रुपये भेजे गए। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने डीबीटी के जरिए पेंशन की राशि सीधे लाभार्थियों के खाते में ट्रांसफर किया। बिहार सरकार ने पेंशन देने की व्यवस्था को अब हर महीने की तय तारीख से जोड़ दिया है। हर महीने की 10 तारीख को बिहार पेंशन दिवस के रूप में पेंशन की राशि जारी की जाती है। समाज कल्याण विभाग की ओर से आयोजित डीबीटी कार्यक्रम के जरिए यह पैसा सीधे बैंक खातों में भेजा जाता है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के 94 लाख से ज्यादा पेंशनधारियों के खातों में 1100 रुपये की राशि ट्रांसफर किया। इस योजना के तहत बिहार के 94 लाख से ज्यादा बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांग लाभार्थियों को फायदा मिलता है। सरकार की ओर से कुल 1100 करोड़ रुपये की पेंशन राशि डीबीटी के जरिए बैंक खातों में भेजी गई। जिन लोगों का बैंक खाता आधार से जुड़ा हुआ है और जिनका जरूरी सत्यापन पूरा हो चुका है, उनके खाते में पेंशन की रकम आज पहुंची है। पेंशन की राशि खाते में पहुंची है या नहीं, यह जानने के लिए लाभुक अपने बैंक खाते से जुड़े मोबाइल नंबर पर आया बैंक एसएमएस चेक कर सकते हैं।

## आज भी हृदय में बसी है वीर जगतपति की शहादत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपनी आहुति देकर आजादी की अग्नि को प्रज्ज्वलित करने वाले वीर सेनानियों में औरंगाबाद के सपूत शहीद जगतपति कुमार का नाम भी स्वर्णाक्षरों में दर्ज है। ओबरा प्रखंड मुख्यालय के समीप पुनपुन नदी के तट पर खरांटी गांव में उनकी पुश्तैनी हवेली आज खंडहर में तब्दील हो चुकी है लेकिन यह हवेली आज भी उनके व्यक्तित्व और बलिदान की मूक साक्षी बनी हुई है। पटना सचिवालय के सामने स्थापित सात शहीदों की प्रतिमाओं में एक प्रतिमा जगतपति कुमार की भी है। वर्ष 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन शुरू हुआ। 9 अगस्त की रात महात्मा गांधी, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, जवाहरलाल नेहरू सहित देश के कई प्रमुख नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद पूरे देश में क्रांति की लहर फैल गई। पटना और औरंगाबाद भी इससे अछूते नहीं रहे।



महात्मा गांधी के 'करो या मरो' के आह्वान ने युवाओं में आजादी के लिए नया जोश भर दिया। उस समय जगतपति

**शहादत दिवस पर विशेष**

कुमार की उम्र महज 19 वर्ष थी। उनके पिता सुखराज बहादुर प्रतिष्ठित जमींदार थे। तीन पुत्रों में जगतपति सबसे छोटे थे। उनके बड़े भाई सरयू प्रसाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रहे। वर्ष 1942 में जगतपति कुमार पटना में रहकर बीएन कॉलेज में तृतीय वर्ष की पढ़ाई कर रहे थे। इसी दौरान देशभक्तों की एक टोली ने पटना सचिवालय पर तिरंगा फहराकर ब्रिटिश शासन को चुनौती देने का निर्णय लिया। 11 अगस्त 1942 को देशभक्तों का काफिला सचिवालय की ओर बढ़ा जिसमें जगतपति कुमार भी शामिल हो गए। सचिवालय परिसर में प्रवेश से रोकने के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने बाधा पार कर ली। जगतपति कुमार अग्रिम पंक्ति में थे। काफिले के सचिवालय के मुख्य द्वार से अंदर प्रवेश करते ही तत्कालीन पटना डिप्टी कमिश्नर आर्चर ने गोली चलाने का आदेश दे दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गोली लगने पर एक युवक गिरता तो दूसरा तिरंगा थाम लेता था। इसी क्रम में सात युवकों ने शहादत दी जिनमें औरंगाबाद के जगतपति कुमार भी शामिल थे। शहीद जगतपति कुमार की स्मृति में खरांटी गांव के समीप एक स्मारक बनाया गया जिसकी नींव ओबरा के तत्कालीन विधायक राजाराम सिंह ने रखी थी। औरंगाबाद जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन परिसर में भी उनका स्मारक है। रमेश चौक के पास उनकी लघु प्रतिमा स्थापित है। हर वर्ष इन स्थानों पर लोग पुष्पांजलि अर्पित करते हैं। वहीं जगतपति कुमार की पुश्तैनी हवेली उपेक्षा के कारण पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। स्थानीय लोगों के अनुसार 9 या 11 अगस्त के आसपास ही पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता यहां पहुंचते हैं। हवेली की देख-रेख के लिए एक कर्मचारी है, जो कभी-कभार आता है। जिस कमरे में जगतपति कुमार का जन्म हुआ था, वह भी पूरी तरह नष्ट हो चुका है। हवेली भले ही खंडहर में बदल जाए लेकिन जगतपति कुमार की शहादत लोगों की स्मृतियों और हृदय में सदैव जीवित रहेगी। उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति, साहस और स्वतंत्रता के मूल्य का प्रकाश देता रहेगा।

## फरक्का जल समझौते में बिहार के हितों का रखें ध्यान : संजय झा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** जदयू नेता और राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने कहा है कि 1996 के भारत-बांग्लादेश गंगा जल समझौते को पुराने तरीके से आगे न बढ़ाया जाए। बिहार की मौजूदा और आने वाले वर्षों की पानी की जरूरत को ध्यान में रखकर नई व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। संजय कुमार झा ने केंद्र से मांग की है कि फरक्का जल समझौते की अवधि खत्म होने के बाद बिहार के हितों को भी ध्यान में रखा जाए। तीन दशक पहले बिहार में पानी की जो स्थिति थी, वह आज नहीं है। बिहार के कई हिस्सों में भूजल लगातार नीचे जा रहा है। खेती, पीने के पानी और दूसरी जरूरतों के लिए गंगा पर निर्भरता बढ़ रही है। ऐसे में आने वाले समय में बिहार को कितने पानी की जरूरत होगी, इसका नए सिरे से हिसाब लगाया जाना जरूरी है। संजय झा ने राज्यसभा में कहा कि बिहार समेत गंगा पर निर्भर राज्यों की साल 2050 तक की पानी की जरूरत का वैज्ञानिक तरीके से आकलन होना चाहिए। बिहार सरकार के अनुमान के अनुसार राज्य को भविष्य में करीब 2000 क्यूसेक अतिरिक्त पानी की जरूरत पड़ सकती है। संजय झा ने बिहार सरकार के आकलन के आधार पर करीब 2000 क्यूसेक अतिरिक्त पानी की जरूरत बताई है। 2026 में सामने आई एक रिपोर्ट के मुताबिक फरक्का समझौते की समीक्षा के लिए बनी एक अंदरूनी समिति ने कम पानी वाले मौसम में बिहार की पीने के पानी और उद्योगों की जरूरत के लिए 900 क्यूसेक पानी की सिफारिश की है। दोनों आंकड़ों के बीच काफी अंतर है। इसलिए बिहार के लिए वास्तव में कितने पानी की जरूरत होगी, इसे लेकर नए अध्ययन की जरूरत साफ दिखाई देती है। संजय झा की मांग का सबसे अहम हिस्सा साल 2050 तक बिहार की पानी की जरूरत का आकलन है। उनका कहना है कि केवल 1996 के आंकड़ों के आधार पर आने वाले समय की व्यवस्था तय करना सही नहीं होगा। बिहार में आबादी, खेती, उद्योग, शहरों और पीने के पानी की जरूरत लगातार बदल रही है। ऐसे में बिहार के लिए अगले 20 से 25 साल में कितने पानी की जरूरत होगी, इसका पहले से आकलन करके उसी के आधार पर आगे की व्यवस्था तय करने की मांग की जा रही है।

## स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से पहली बार गूंजेगा 'वंदे मातरम'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान पहली बार लाल किले की प्राचीर से 'वंदे मातरम' गाया जाएगा। इस समारोह की अगुवाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह मौका 'वंदे मातरम' के 150 साल पूरे होने का भी प्रतीक होगा। पीएम मोदी दिल्ली के इस ऐतिहासिक स्मारक से राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और देश को संबोधित करेंगे। बयान में कहा गया कि पहली बार लाल किले की प्राचीर से 'वंदे मातरम' गाया जाएगा।' इस साल का समारोह 'युवा शक्ति' पर केंद्रित होगा जिसमें 2047 तक 'विकसित भारत' बनने की देश की यात्रा में भारत की युवा आबादी के योगदान को उजागर किया जाएगा। संसद ने हाल ही में 'राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम (संशोधन) विधेयक' पारित किया है। इसके तहत वंदे मातरम को अपमानजनक कृत्यों के कानूनी सुरक्षा दी गई है और राष्ट्रीय गीत को राष्ट्रगान के समान कानूनी दर्ज़ा दिया गया है।




## राज्य में उद्योगों के लिए 4200 एकड़ से भी ज्यादा जमीन का होगा अधिग्रहण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में अब उद्योगों के लिए जमीन तैयार करने का काम तेज हो गया है। राज्य सरकार ने 24 जिलों में इंडस्ट्रियल एरिया विकसित करने के लिए बड़े पैमाने पर जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इनमें 10 जिलों में प्रक्रिया काफी आगे बढ़ चुकी है। इन जिलों में ही 4200 एकड़ से अधिक जमीन उद्योगों के लिए जुटाई जाएगी। कहा जा रहा है कि आने वाले समय में इन जमीन पर सिर्फ इंडस्ट्रियल एरिया ही नहीं बल्कि नए कारोबार, निवेश और रोजगार के अवसर भी दिखाई दे सकते हैं। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने अधियाचना भेजने के साथ कई जगहों पर सामाजिक प्रभाव का अध्ययन भी पूरा कर लिया है। जिस जिले में जमीन का अधिग्रहण किया जाना है उनमें वैशाली में 1234.45 एकड़, बेगूसराय में 991 एकड़, पटना में 742 एकड़, मधुबनी में 712.94 एकड़, मुजफ्फरपुर में 700 एकड़, नालंदा में 524.95 एकड़, रोहतास में 510.61 एकड़, सुपौल में 498 एकड़, मुंगेर में



466.49 एकड़, औरंगाबाद में 441.79 एकड़, सहरसा में 420.62 एकड़, दरभंगा में 385.45 एकड़, पूर्णिया में 279.65 एकड़, शिवहर में 253.78 एकड़, शेखपुरा में 250 एकड़, कटिहार में 252.30 एकड़, भोजपुर में 249.48 एकड़, सीवान में 167.34 एकड़, नवादा में 139.48 एकड़, अरवल में 61.24 एकड़, गयाजी में 49 एकड़ एवं भागलपुर में 13.45 एकड़ जमीन शामिल है। विभाग के अधिकारियों की माने तो मुजफ्फरपुर, भागलपुर, गयाजी, मधुबनी समेत कई जिलों में जमीन अधिग्रहण को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। भागलपुर और दरभंगा में दावा-आपत्ति की प्रक्रिया भी पूरी की जा चुकी है। इसके बाद लोगों को यह बताया जाएगा कि अधिग्रहित जमीन किन-किन रैयतों की है। फिर संबंधित जमीन मालिकों को मुआवजे का भुगतान किया जाएगा और इसके बाद जमीन का दखल-कब्जा लिया जाएगा। सीतामढ़ी, सुपौल, शिवहर, कटिहार, भोजपुर, बेगूसराय, सीवान, मुंगेर, पटना, पूर्णिया, सहरसा, शेखपुरा, मधेपुरा और नालंदा में भी जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई तेज है। सरकार का लक्ष्य उद्योगों के लिए पर्याप्त जमीन उपलब्ध कराना है। अगर प्रक्रिया तय समय पर पूरी होती है तो इन औद्योगिक क्षेत्रों के विकसित होने के बाद निवेश, स्थानीय कारोबार और रोजगार के नए रास्ते खुलने की उम्मीद है। खास बात यह है कि इस पूरी योजना से उत्तर से लेकर दक्षिण बिहार तक कई जिलों में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सकता है।

C M Y K

# गयाजी से राजगीर तक बदलेगा पर्यटन का चेहरा, विभाग ने 2,130 करोड़ रुपये की योजना केंद्र को सौंपी

## पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात कर प्रस्तावों पर शीघ्र सैद्धांतिक स्वीकृति देने का किया अनुरोध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बिहार के प्रमुख तीर्थ एवं पर्यटन स्थलों के समग्र विकास की योजनाओं को गति देने के लिए पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात की। उन्होंने केंद्रीय बजट घोषणा 2024-25 के तहत बिहार सरकार की ओर से भेजे गए प्रस्तावों पर शीघ्र विचार करते हुए सैद्धांतिक स्वीकृति देने का अनुरोध किया, ताकि राज्य के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों पर विकास कार्य समयबद्ध तरीके से शुरू किए जा सकें। पर्यटन मंत्री ने बैठक के दौरान गयाजी-बोधगया और नालंदा-राजगीर के लिए तैयार की गई व्यापक गंतव्य रणनीति एवं विकास योजना की जानकारी केंद्रीय मंत्री को दी। बिहार सरकार ने गयाजी-बोधगया के समग्र विकास के लिए 1,080 करोड़ रुपये तथा नालंदा-राजगीर के लिए 1,050 करोड़ रुपये की विकास योजना तैयार की है। दोनों योजनाओं के विस्तृत आधारभूत विश्लेषण प्रतिवेदन भी केंद्र सरकार को उपलब्ध कराए गए हैं। मंत्री ने कहा कि केंद्रीय बजट घोषणा 2024-25 के अनुरूप इन योजनाओं का उद्देश्य बिहार के प्रमुख धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों की पर्यटन क्षमता को बढ़ाना है। इसके साथ ही इन क्षेत्रों में पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाओं का विस्तार, आधारभूत संरचना का विकास और पर्यटन गतिविधियों को व्यवस्थित एवं टिकाऊ तरीके से बढ़ावा देना है। गयाजी-बोधगया विकास योजना के तहत हेरिटेज हाट, बोधगया और इंटरनेशनल फूड कोर्ट से जुड़ी दो योजनाओं का प्रस्ताव भी केंद्र को दिया गया है। इन परियोजनाओं के माध्यम से बोधगया आने वाले देश-विदेश के पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ स्थानीय कला, संस्कृति और खान-पान को भी बढ़ावा देने की योजना है। इसके अलावा स्वदेश दर्शन योजना के तहत बेगूसराय जिले के सिमरिया घाट के विकास के लिए 1,216.02 लाख रुपये (लगभग 12.16 करोड़ रुपये) का परियोजना प्रस्ताव भी केंद्र सरकार को भेजा जा चुका है। इसकी स्वीकृति फिलहाल प्रतीक्षित है। पर्यटन मंत्री ने केंद्रीय पर्यटन मंत्री से अनुरोध करते हुए कहा कि बिहार सरकार द्वारा प्रस्तुत सभी प्रस्तावों पर जल्द निर्णय लिया जाए और संबंधित योजनाओं को सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की जाए। इससे गयाजी, बोधगया, नालंदा और राजगीर में प्रस्तावित विकास कार्यों को बिना विलंब आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। इन परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन से बिहार के प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों को विश्वस्तरीय पर्यटन एवं सांस्कृतिक विरासत गंतव्य के रूप में विकसित करने के प्रयासों को गति मिलेगी। साथ ही पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के लिए सुविधाओं का विस्तार होगा तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार और पर्यटन आधारित आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

# सर्वे कार्य महत्वपूर्ण, पूरा करने के लिए सरकार पूरी तरह वचनबद्ध : जायसवाल

## पांच जिलों के अधिकारियों के साथ विशेष सर्वेक्षण कार्यों की समीक्षा बैठक


नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने अपने कार्यालय कक्ष में सोमवार को पांच जिलों में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जहानाबाद, लखीसराय, शिवहर, अरवल एवं शेखपुरा जिलों के बंदोबस्त पदाधिकारियों के साथ सर्वेक्षण कार्य के प्रगति की समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। मंत्री ने कहा कि विशेष सर्वेक्षण का कार्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है और सरकार इसे पूरा करने के लिए पूरी तरह वचनबद्ध है। सर्वेक्षण कार्य पूरा होने से भूमि अभिलेखों में पारदर्शिता आएगी और जमीन से जुड़े विवादों में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि थानों में बड़ी संख्या में मामले भूमि विवाद से जुड़े होते हैं। ऐसे में विशेष सर्वेक्षण का सफल एवं समयबद्ध निष्पादन राज्य में भूमि विवादों के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। बैठक के दौरान भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के निदेशक सुहर्ष भगत ने प्रजेंटेशन के माध्यम से सर्वे कार्यों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया। विभाग के सचिव जय सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सर्वेक्षण कार्य के साथ-साथ गैप एनालिसिस पर भी विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि सर्वेक्षण कार्यों में आ रही कमियों एवं चुनौतियों की पहचान कर उनका समयबद्ध समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि गैप एनालिसिस के आधार पर सर्वेक्षण कार्य की प्रगति की लगातार समीक्षा की जानी चाहिए, ताकि निर्धारित लक्ष्य को समय पर पूरा किया जा सके। समीक्षा के दौरान कुछ मौजों के आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने की जानकारी सामने आने पर मंत्री ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मियों को चिन्हित कर लापरवाही के लिए कड़ी कार्रवाई की बात कही। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण से जुड़े अभिलेख अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और इनके संरक्षण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# पश्चिम बंगाल विधान सभा अध्यक्ष रथिन्द्र बोस से मिले डॉ. प्रेम कुमार, विधायी परंपराओं पर हुआ संवाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल दौरे के क्रम में बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने पश्चिम बंगाल विधान सभा अध्यक्ष रथिन्द्र बोस से उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार मुलाकात की। रथिन्द्र बोस ने डॉ. प्रेम कुमार का आत्मीय स्वागत किया और पश्चिम बंगाल विधान सभा से संबंधित कई महत्वपूर्ण पुस्तकें तथा विधान सभा द्वारा प्रकाशित डायरी भेंट की। डॉ. प्रेम कुमार ने भी अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर उनका अभिनंदन किया। रथिन्द्र बोस ने डॉ. प्रेम कुमार को विधान सभा की कार्यप्रणाली तथा सदन में विधायकों के बैठने की व्यवस्था का अवलोकन कराया। इस दौरान दोनों के बीच बिहार और पश्चिम बंगाल की विधान सभाओं की गौरवशाली परंपराओं, लोकतांत्रिक व्यवस्था, विधायी कार्यप्रणाली और जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा हुई। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार विधान सभा देश की प्राचीन और महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक संस्थाओं में से एक है। सदन ने समय-समय पर जनहित के मुद्दों को उठाने, लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने और जनता की आकांक्षाओं को शासन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि बिहार और पश्चिम बंगाल केवल पड़ोसी राज्य नहीं, बल्कि दोनों के बीच गहरे सांस्कृतिक, सामाजिक, ऐतिहासिक और भावनात्मक संबंध हैं। दोनों राज्यों ने स्वतंत्रता, सामाजिक जागरण, शिक्षा, साहित्य, कला और लोकतांत्रिक चेतना के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि विधान सभा अध्यक्षों के बीच ऐसी मुलाकातें लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करती हैं। विभिन्न विधान सभाओं की ऐतिहासिक परंपराओं, कार्यशैली और अनुभवों के आदान-प्रदान से संसदीय लोकतंत्र की गुणवत्ता और प्रभावशीलता बढ़ती है।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की मुख्य सचिव ने की विस्तृत समीक्षा

# बैंक ऋण के आवेदनों को 10 दिन में करें स्वीकृत, रिजेक्ट नहीं करने के निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के यूएलए मॉडल की सोमवार को मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला-वार प्रगति, लाभार्थियों को बैंक ऋण उपलब्ध कराने की स्थिति, रूफटॉप सोलर संयंत्रों की स्थापना तथा योजना के निर्धारित लक्ष्यों की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने बैंकों के शीर्ष अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजना से जुड़े सभी लंबित ऋण आवेदनों का 10 दिनों के अंदर स्वीकृति सुनिश्चित करें। उन्होंने पात्र लाभार्थियों के ऋण आवेदन को अनावश्यक रूप से रिजेक्ट नहीं करने तथा रिजेक्शन के कारणों की बैंक स्तर पर समीक्षा करने को कहा जिन आवेदनों में आवश्यक कमियां हैं, उन्हें दूर कर पात्र लाभार्थियों को जल्द ऋण उपलब्ध कराने की दिशा में कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। सभी बैंकों को राज्य के सभी जिलों में शाखा-वार समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। विशेष रूप से उन तीन जिलों पर फोकस करने को कहा गया जहां ऋण रिजेक्शन की दर अधिक है और ऋण स्वीकृति में अधिक समय लग रहा है। बैठक में स्पष्ट किया गया कि ऋण स्वीकृति के लिए बैंकों द्वारा लाभार्थियों से ऑनलाइन जमा किए गए दस्तावेजों के अतिरिक्त किसी अन्य आय प्रमाण संबंधी दस्तावेज की मांग नहीं की जाएगी। केवल संपत्ति के स्वामित्व अथवा बिजली बिल के स्वामित्व संबंधी विवरण में अंतर के आधार पर ऋण आवेदन को रिजेक्ट नहीं किया जाएगा।

**डीएफएस निदेशक ने बैंकिंग प्रक्रिया में तेजी लाने पर दिया जोर**

बैठक में डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंशियल सर्विसेज के संयुक्त सचिव ने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के पात्र लाभार्थियों को समय पर बैंक ऋण उपलब्ध कराना योजना की सफलता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बैंकों को ऋण आवेदन प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने तथा लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने पर जोर दिया। ऋण स्वीकृति की अवधि 18 दिनों से घटाकर 10 दिन करने तथा ऋण रिजेक्शन की दर को 36 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत करने का निर्देश बैंक अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों के आवेदन को अनावश्यक रूप से अस्वीकृत नहीं किया जाना चाहिए। ऑनलाइन आवेदन के साथ उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर ऋण प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए तथा अनावश्यक रूप से अतिरिक्त आय प्रमाण या अन्य दस्तावेजों की मांग नहीं की जाए। उन्होंने ऋण रिजेक्शन के कारणों की बैंक स्तर पर नियमित समीक्षा करने तथा रिजेक्शन रेट और ऋण स्वीकृति में लगने वाले समय को कम करने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही। एसएलबीसी एवं डीएलबीसी को जिला प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया गया। वहीं ऋण पात्रता के लिए 2 लाख तक लोन के लिए सिविल स्कोर की अनियमितता समाप्त करने के लिए जल्द दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

# मुख्यमंत्री के साथ तिरंगा यात्रा में शामिल हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, जेपी गोलंबर से कारगिल चौक तक पैदल चले

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** स्वतंत्रता दिवस के पहले राजधानी पटना सोमवार को पूरी तरह देशभक्ति के रंग में रंगी नजर आई। बिहार सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित तिरंगा यात्रा में हजारों की संख्या में बच्चे, युवा और आम नागरिक हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर शामिल हुए। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में जेपी गोलंबर से कारगिल चौक तक निकली इस तिरंगा यात्रा ने राजधानी के माहौल को राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और उत्साह से भर दिया। बैंड की थाप और हाथों में लहराते तिरंगे के बीच पूरा मार्ग 'भारत माता की जय' और राष्ट्रभक्ति के भाव से ओतप्रोत नजर आया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने जेपी गोलंबर पहुंचकर लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ जेपी गोलंबर से कारगिल चौक तक आयोजित तिरंगा यात्रा में पैदल सहभागिता की। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी बच्चों और अन्य प्रतिभागियों के साथ हाथ में तिरंगा लेकर करीब डेढ़ किलोमीटर तक पैदल चले। यात्रा के समापन पर प्रदेश अध्यक्ष ने कारगिल चौक स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर मां भारती की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन किया।

# रेल सुरक्षा बल हाजीपुर बैंड टीम ने दी राष्ट्रभक्ति धुनों की मनमोहक प्रस्तुति



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष्य में रेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देशभर के प्रमुख स्थलों पर रेलवे सुरक्षा बल के बैंड दल द्वारा राष्ट्रभक्ति एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत धुनों की प्रस्तुति किए जाने की कड़ी में आज पटना के बुद्ध स्मृति पार्क में सायं काल में भव्य बैंड प्रस्तुति का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रेलवे सुरक्षा बल, हाजीपुर की बैंड टीम ने देशभक्ति की विभिन्न मधुर एवं जोशीली धुनों की शानदार प्रस्तुति देकर वातावरण को राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। बैंड की सुमधुर धुनों ने उपस्थित लोगों में राष्ट्रीय गौरव, एकता और देश के प्रति समर्पण की भावना को और प्रबल किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित आमजन ने रेलवे सुरक्षा बल के बैंड दल की अनुशासित एवं आकर्षक प्रस्तुति की सराहना की। देशभक्ति की धुनों के बीच पूरा परिसर राष्ट्रप्रेम के भाव से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नागरिकों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्र के प्रति गौरव की भावना को व्यापक रूप से प्रसारित करना है।

# कोलकाता में चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की बैठक

## संगठन की मजबूती और राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने का संकल्प

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कोलकाता।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक कोलकाता में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने की। बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री रणविजय रोशन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रणजीत चंद्रवंशी, राष्ट्रीय महामंत्री संजय सिंह, प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह सहित महासभा के विभिन्न पदाधिकारी और समाज के प्रमुख लोग उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति के लिए मजबूत संगठन, सामाजिक एकजुटता और राजनीतिक जागरूकता आवश्यक है। चंद्रवंशी समाज को गांव से लेकर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर तक संगठन को और मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि समाज की राजनीतिक एवं शासन में भागीदारी बढ़ाने के लिए लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से निरंतर प्रयास करना जरूरी है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि युवाओं को संगठन से जोड़ना, महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना और समाज के प्रतिभावान लोगों को आगे लाना महासभा की प्राथमिकताओं में शामिल होना चाहिए। संगठन का उद्देश्य केवल सामाजिक कार्यक्रमों तक सीमित न रहकर शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी समाज के लोगों को आगे बढ़ाना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के विकास, सुशासन, रोजगार, सुरक्षा और सामाजिक समरसता के लिए जनता की आकांक्षाओं को समझते हुए लोकतांत्रिक तरीके से सकारात्मक भूमिका निभाना आवश्यक है। लोकतंत्र में जनता का मत सर्वोपरि है और जनता के विश्वास को विकास एवं सुशासन के माध्यम से मजबूत करना जनप्रतिनिधियों तथा राजनीतिक कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है।

# विद्यार्थियों ने करीब से जाना ए.आई, रोबोटिक्स, ड्रोन और साइबर सिक्यूरिटी का संसार : डॉ. आनंद रंजन झा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**जन्दाहा (वैशाली)।** कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जन्दाहा के छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों के लिए संस्थान की ओर से आयोजित शैक्षणिक एवं तकनीकी परिभ्रमण बेहद ज्ञानवर्धक एवं रोमांचक रहा। इस दौरान विद्यार्थियों को आधुनिक एवं उन्नत तकनीकों को करीब से देखने, समझने और स्वयं प्रयोग करने का भरपूर अवसर मिला। परिभ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के इंटरएक्टिव गेम्स, रोबोट्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.आई), ड्रोन टेक्नोलॉजी, वर्चुअल रियलिटी (वी.आर), कोबोट (कोलाब्रेटीव रोबोट), गूगल क्लाउड लैब, साइबर अटैक एवं साइबर सिक्युरिटी सहित कई अत्याधुनिक तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त की। विशेष रूप से जेस्चर कंट्रोल गेम्स एवं इंटरएक्टिव तकनीकों ने विद्यार्थियों को काफी आकर्षित किया। विद्यार्थियों को इन तकनीकों को स्वयं प्रयोग करने का पर्याप्त समय दिया गया जिससे उनमें नई तकनीकों को सीखने और समझने की उत्सुकता और बढ़ी। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. आनन्द रंजन झा ने भी विभिन्न आधुनिक तकनीकों एवं नवाचारों को स्वयं करीब से देखा, उनकी कार्यप्रणाली को समझा तथा विद्यार्थियों के साथ इस तकनीकी अनुभव में सहभागिता की। उन्होंने कहा कि आज के दौर में विद्यार्थियों के लिए केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें ए.आई, रोबॉटिक, ड्रोन टेक्नोलॉजी, वी.आर, क्लाउड कम्प्यूटिंग और साइबर सिक्युरिटी जैसी उभरती तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान भी होना आवश्यक है। परिभ्रमण के दौरान संस्थान की ओर से छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों के लिए नाश्ता एवं भोजन की भी समुचित व्यवस्था की गई। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा। विद्यार्थियों ने इस तकनीकी परिभ्रमण को ज्ञानवर्धक, रोमांचक एवं यादगार अनुभव बताया। इस अवसर पर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी के निदेशक डॉ. आनन्द रंजन झा ने विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों से रूबरू कराने और इस शानदार शैक्षणिक अनुभव का अवसर प्रदान करने के लिए सीमेज ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट के निदेशक डॉ. नीरज अग्रवाल, टीम के कर्मठ सदस्य नीरज पोद्दार एवं रंजीत कुमार सहित सीमेज ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट के सभी कर्मचारियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

# बिहार और तेलंगाना के बीच कृषि क्षेत्र में बढ़ेगा सहयोग : विजय कुमार सिन्हा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** तेलंगाना दौरे पर रवाना होने से पहले कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार के कृषि क्षेत्र को आधुनिक, तकनीक आधारित एवं रोजगारोन्मुख बनाने तथा किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से यह दौरा महत्वपूर्ण है। इस दौरान तेलंगाना में कृषि के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों, आधुनिक तकनीकों एवं सफल प्रयोगों की जानकारी प्राप्त की जाएगी। उनके साथ कृषि विभाग के प्रधान सचिव, कृषि निदेशक एवं उद्यान निदेशक भी रहेंगे। दौरे के दौरान कृषि मंत्री तेलंगाना के कृषि मंत्री, कृषि विभाग के सचिव एवं अन्य वरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर कृषि, सिंचाई, फसल विविधीकरण, डिजिटल कृषि, कृषि प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त करेंगे।

# एचडीएफसी बैंक मजबूत विकास के अगले चरण के लिए तैयार : राजीव कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** एचडीएफसी बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष एवं अतिरिक्त (स्वतंत्र) निदेशक राजीव कुमार ने बैंक की 32वीं वार्षिक आम बैठक में कहा कि मजबूत बुनियादी आधार, ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण, प्रौद्योगिकी, विस्तृत वितरण नेटवर्क और निरंतर नवाचार के बल पर बैंक आने वाले वर्षों में बेहतर व्यावसायिक परिणाम देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, ऊर्जा बाजार में व्यवधान और आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। वित्त वर्ष 2025-26 में अर्थव्यवस्था 7.6 प्रतिशत बढ़ी जबकि वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 6.6 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है। मजबूत घरेलू मांग, बुनियादी ढांचे में निवेश, अर्थव्यवस्था के औपचारीकरण और अनुकूल जनसांख्यिकीय स्थिति को उन्होंने सतत विकास का आधार बताया। राजीव कुमार ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में बैंक का कर पश्चात लाभ 10.9 प्रतिशत बढ़कर रूपये 74,671.3 करोड़, अग्रिम 12.1 प्रतिशत बढ़कर रूपये 29.37 लाख करोड़ और जमा 14.4 प्रतिशत बढ़कर रूपये 31.05 लाख करोड़ हो गई। जमा वृद्धि बैंकिंग प्रणाली की 11.5 प्रतिशत वृद्धि से अधिक रही। बैंक ने पहली बार 1:1 बोनस इक्विटी शेयर जारी किए और कुल लाभांश रूपये 15.50 प्रति इक्विटी शेयर रहा। बैंक ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध होने के 30 वर्ष भी पूरे किए। उन्होंने कहा कि एचडीएफसी लिमिटेड के साथ विलय से प्राप्त तालमेल, एमएसएमई क्षेत्र में मजबूत स्थिति, विस्तृत शाखा नेटवर्क और प्रौद्योगिकी आधुनिकीकरण बैंक के विकास के प्रमुख आधार हैं।

# प्रस्तावित विश्वविद्यालय अधिनियम के विरोध में गंगा देवी महिला महाविद्यालय के कर्मियों ने किया प्रदर्शन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** फूटाब, फुस्टाब, बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ तथा बिहार राज्य विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के संयुक्त आह्वान पर बिहार सरकार के प्रस्तावित विश्वविद्यालय अधिनियम-2026 के विरोध में सोमवार, 10 अगस्त 2026 को गंगा देवी महिला महाविद्यालय, पटना के सभी कर्मी एक दिवसीय सामूहिक आकस्मिक अवकाश पर रहे। कर्मियों ने प्रस्तावित अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों पर असहमति व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों की स्वायत्तता तथा शिक्षक एवं कर्मचारियों के हितों की रक्षा की मांग की। महाविद्यालय परिसर में प्रदर्शन के उपरांत सभी कर्मी पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में आयोजित विश्वविद्यालय स्तरीय विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। महाविद्यालय के कर्मियों ने कहा कि केंद्रीय संगठनों के निर्णय के अनुरूप आगे भी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मियों के हितों तथा उच्च शिक्षा की स्वायत्तता से जुड़े मुद्दों पर एकजुट होकर आवाज उठाई जाएगी।

# सावन महोत्सव पर दिया गया 'बिहारश्री रत्न अवॉर्ड'

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** स्थानीय कंकड़बाग पीसी कॉलोनी स्थित विम्पा हॉबी सेंटर में सावन महोत्सव के शुभ बेला पर रंग बिरंगी परिधानों में हरिहर रंग से सरोवर श्रावणी महोत्सव काफी धूमधाम से मनाया गया। सावन पर आधारित गीत, संगीत एवं नृत्य पर आधारित कार्यक्रम में दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया गया जिसका उद्घाटन चर्चित चिकित्सा पहल के निदेशक डॉक्टर दिवाकर तेजस्वी ने किया। मुख्य अतिथि बिहार प्रदेश ज द यू के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार उर्फ छोटू सिंह थे। अन्य अतिथियों में उमाशंकर सिंह, मुकेश कुमार, प्रेम प्रतीक, अजय पासवान,मनीष कुमार आदि ने उपस्थित होकर अपने उदगार व्यक्त किया। अध्यक्षता प्रसिद्ध रंगकर्मी व पत्रकार विश्वमोहन चौधरी 'संत' ने किया। सभी उपस्थित दर्शकों को स्वागत भाषण स्वागताध्यक्ष रवि रंजन ने किया। अतिथियों के हाथों नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ संजीव कुमार सुमन, लोक गायन में धर्मेंद्र कुमार, कला आयोजन में कृष्ण जी शर्मा उर्फ शालीमार, सिंने अभिनय एवं नृत्य में अंशिका सिंह, सिने अभिनय में आदित्य सिंह रंगमंच, गायन एवं नृत्य विधा में हरे कृष्णा सिंह मुन्ना पत्रकारिता विधा में नरेश चंद्र और प्रसिद्ध उद्घोषक एवं गायक ऋषभ राठौर को 'बिहार श्री रत्न सम्मान' स्वरूप सम्मान पत्र, शाल एवं प्रतीक चिन्ह दिया गया।

# राज्य के सभी पैक्स ने निकाली बाइक रैली और तिरंगा यात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** सहकारिता विभाग द्वारा वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राज्य के सभी सहकारी समितियों एवं कार्यालयों द्वारा 'हर घर तिरंगा-2026' का व्यापक स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में राज्यभर के जिला स्तरीय सहकारी बैंक, पैक्स (प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों) एवं अन्य सहकारी संस्थानों द्वारा बाइक रैली निकाल कर लोगों को जागरुक किया गया। साथ ही पंचायत स्तर पर तिरंगा यात्राएं भी निकाली गयीं जिनमें सहकारिता विभाग से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सहकारी समिति के सदस्यों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। सभी जिला मुख्यालयों के महत्वपूर्ण चौक-चौराहों से गुजरती हुई बाइक रैली एवं तिरंगा यात्रा लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहीं। अगले एक सप्ताह में विभाग द्वारा जिला एवं पंचायत स्तर पर विविध जागरुकता कार्यक्रमों का संचालन प्रस्तावित है जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी, रंगोली, सेल्फी विद तिरंगा इत्यादि मुख्य रूप से शामिल हैं।

# अनुग्रह नारायण महाविद्यालय के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने तिरंगा यात्रा में सहभागिता की



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** 'हर घर तिरंगा अभियान 2026' के अंतर्गत पटना में आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा में अनुग्रह नारायण महाविद्यालय, पटना के राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह, उमंग और देशभक्ति की भावना के साथ भाग लिया। तिरंगा यात्रा जेपी गोलंबर से कारगिल चौक तक निकाली गई जिसका नेतृत्व मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में निकली इस यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता रही। अनुग्रह नारायण महाविद्यालय के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने हाथों में तिरंगा लेकर पूरे जोश और उत्साह के साथ यात्रा में सहभागिता की। इस अवसर पर एन.एस.एस. कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. नवीन कुमार ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए 'हर घर तिरंगा अभियान' के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं एन.एस.एस. कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. शिरीन मसरूर ने स्वयंसेवकों के बीच तिरंगे के महत्व एवं राष्ट्रीय एकता के विभिन्न आयामों पर चर्चा की। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत के दिशा-निर्देश में एन.एस.एस. स्वयंसेवकों की सहभागिता से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# दूसरी सोमवारी पर उमड़ा आस्था का सैलाब, लाखों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**चेनारी।** प्रखंड क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध बाबा गुप्तेश्वर नाथ धाम में आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ा कि कैमूर और रोहतास की पहाड़ी से लेकर उसकी तलहटी तक श्रद्धालुओं की भीड़ ही भीड़ नजर आई। श्रद्धालु बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा गुप्तेश्वर नाथ के पवित्र शिवलिंग पर जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। सोमवार की सुबह सात बजे तक तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं के जलाभिषेक करने की बात गुप्ता धाम कमेटी के उपाध्यक्ष गोपाल सिंह खरवार ने बतायी। रविवार की रात्रि 10 बजे से ही से ही गुप्ता धाम की ओर जाने वाले रास्ते पनियारी घाट और उगहनी घाट पर श्रद्धालुओं का रेला लगा रहा। हाथों में बेल पत्र, जल कंधे पर कांवर और जुबां पर बाबा गुप्तेश्वर नाथ का नाम लिए श्रद्धालु लगातार आगे बढ़ते रहे। चारों ओर 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष गूंजते रहे। पहाड़ी रास्तों पर भी श्रद्धालुओं की लंबी कतारें दिखाई दीं। लाखों श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए कैमूर पहाड़ी रोहतास की तलहटी में अपनी बारी का इंतजार करते रहे। इतनी भीड़ पहले कभी नहीं देखी-गुप्ता धाम कमेटी के उपाध्यक्ष गोपाल सिंह खरवार ने कहा कि सावन की दूसरी सोमवारी पर इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ पहले कभी नहीं जुटी थी। उन्होंने बताया कि सोमवार सुबह सात बजे तक ही तीन लाख से अधिक श्रद्धालु बाबा के पवित्र शिवलिंग पर जलाभिषेक कर चुके थे। इसके बाद भी श्रद्धालुओं का पहुंचना लगातार जारी रहा। भीड़ संभालने में पुलिस की अग्निपरीक्षा - श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को नियंत्रित करना स्थानीय पुलिस-प्रशासन के लिए किसी चुनौती से कम नहीं रहा। भीड़ को कतारबद्ध रखने और श्रद्धालुओं को सुरक्षित तरीके से जलाभिषेक कराने के लिए पुलिसकर्मियों को लगातार मशक्कत करनी पड़ी। चेनारी थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार स्वयं भीड़ के बीच पहुंचकर श्रद्धालुओं से कतारबद्ध होकर जलाभिषेक करने की अपील करते नजर आए। पुलिस जवानों ने जगह-जगह मोर्चा संभालकर भीड़ को नियंत्रित किया। गुप्ता धाम में उमड़ा यह जनसैलाब बाबा गुप्तेश्वर नाथ के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था की तस्वीर बन गया। पहाड़ी से लेकर तलहटी तक जहां नजर गई, वहां सिर्फ श्रद्धालुओं का हुजूम गेरुआ वस्त्र में दिखाई दिया। दूसरी सोमवारी पर गुप्ता धाम पूरी तरह 'हर-हर महादेव' के जयघोष में डूबा नजर आया।

**क्या कहते हैं थानाध्यक्ष** - वन विभाग के रेंजर अभय कुमार सिंह ने बताया कि सावन की दूसरी सोमवारी को गुप्ता धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस व वन विभाग के अधिकारी काफी सक्रिय दिखे और श्रद्धालुओं के लिए ऑक्सीजन और पेयजल की व्यवस्था समूची ढंग से की गई थी ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

## कैमूर में सहकारिता विभाग ने निकाली तिरंगा यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूरा होने पर कैमूर जिले में सहकारिता विभाग द्वारा सोमवार को जिला सहकारिता कार्यालय से तिरंगा यात्रा निकाला गया। जिला सहकारिता पदाधिकारी शशिकांत शशि के नेतृत्व में विभाग के अफसरों व कर्मियों ने विभाग के जिला कार्यक्रम से कचहरी पथ में तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान हाथों में तिरंगा लेकर वन्दे मातरम, भारत माता की जय आदि के नारे लगा रहे थे।

## हर घर तिरंगा, ड्रोन फोटो सूट कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत सोमवार को नगर परिषद, जीविका, जिला गंगा समिति के द्वारा शहर के राजेंद्र सरोवर पोखरा के पास ड्रोन फोटो सूट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार ड्रोन फोटो सूट कार्यक्रम का आयोजन कैमूर पहाड़ी के प्राकृतिक मनोहारी छटाओ के बीच स्थित करकट जलप्रपात व दुर्गावती जलाशय परियोजना के पास भी आयोजित किया जाएगा।

## कैमूर के 1,70,788 पेंशनधारियों के खाते में पहुंचे 19,33 करोड़



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** कैमूर के 1,70,788 पेंशनधारियों के खाते में सोमवार को 19 करोड़ 33 लाख 38 हजार 900 रुपये की राशि का भुगतान किया गया। पेंशन की राशि खाता में पहुंचते ही लाभुकों के चेहरे पर खुशी के भाव झलक रहे थे। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पेंशनधारियों के साथ जुड़े और डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खातों में सीधे जुलाई माह की 1100 पेंशन की राशि अंतरित किया। जिला प्रशासन द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार कैमूर जिले में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के 36,272 पेंशनधारी लाभुकों को, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 7,324 को, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांगता पेंशन योजना 1,064 को, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना 96,397 पेंशनधारी को, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना 12,849 पेंशनधारी को, बिहार दिव्यांग पेंशन योजना 16,882 पेंशनधारी को इस प्रकार जिले के कुल 1,70,788 पेंशनधारियों को जुलाई माह की 19 करोड़ 33 लाख 38 हजार 900 रुपये की राशि का भुगतान किया गया।

# अमर ज्योति ने संभाली डिहरी नप ईओ की कमान

**नगरवासियों को बेहतर सुविधा और बरसात में जलजमाव से निजात दिलाने पर रहेगा जोर**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी-डालमियानगर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी (ईओ) के पद पर सासाराम के डीसीएलआर अमर ज्योति ने सोमवार को योगदान किया। नगर परिषद के तत्कालीन ईओ विमल कुमार की हत्या के करीब दस दिन बाद जिलाधिकारी ने सासाराम डीसीएलआर अमर ज्योति को डिहरी-डालमियानगर नगर परिषद के ईओ का प्रभार सौंपा है। योगदान के बाद नवपदस्थापित ईओ अमर ज्योति ने कहा कि नगरवासियों को बेहतर नगरीय सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान कराने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बरसात को देखते हुए नगर परिषद क्षेत्र की तमाम नालियों-नालों एवं गलियों की साफ-सफाई और उड़ाही कराई जाएगी। जलजमाव वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर आवश्यक तैयारियां पूरी की जाएंगी, ताकि लोगों को जलजमाव की समस्या से नहीं जूझना पड़े। ईओ ने कहा कि नगर परिषद में लंबित कार्यों की भी समीक्षा की जाएगी और उनका नियमानुसार समाधान कराया जाएगा। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों और कर्मियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यों को गति देने की बात कही।

# पुरुषोत्तम एक्सप्रेस से लावारिस बैग से आठ किलो गांजा बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** रेल सुरक्षा बल डिहरी ऑन-सोन की टीम ने रविवार को पुरुषोत्तम एक्सप्रेस के स्लीपर कोच से लावारिस हालत में रखे एक बैग और प्लास्टिक के थैले से 8 किलो गांजा बरामद किया। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब चार लाख रुपये बताई गई है। आरपीएफ ने आवश्यक कार्रवाई के बाद बरामद गांजे को अग्रिम कार्रवाई के लिए रेल थाना डिहरी ऑन-सोन को सौंप दिया जहां एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार 9 अगस्त 2026 को आरपीएफ पोस्ट डिहरी-ऑन-सोन के प्रभारी निरीक्षक राजकिशोर कछवाहा एवं अपराध आसूचना शाखा गया के प्रभारी निरीक्षक चंदन कुमार के नेतृत्व में आरपीएफ की संयुक्त टीम डिहरी ऑन-सोन स्टेशन पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि गाड़ी संख्या 12801 अप पुरुषोत्तम एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में संदिग्ध बैग और थैला रखा हुआ है। सूचना के आधार पर ट्रेन के डिहरी ऑन-सोन स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या तीन पर पहुंचने पर स्लीपर कोच संख्या एस-4 की जांच की गई। जांच के दौरान कोच में एक नीले रंग का पिट्ठू बैग और एक काले रंग का प्लास्टिक थैला लावारिस हालत में मिला। आसपास के यात्रियों से पूछताछ करने पर किसी ने भी बैग और थैले पर अपना मालिकाना हक नहीं जताया। संदेह के आधार पर दोनों सामान को ट्रेन से उतारकर प्लेटफॉर्म संख्या तीन के पश्चिमी छोर पर पुराने पानी टंकी के पास रखा गया। विधिवत जांच के दौरान उसमें मादक पदार्थ गांजा जैसा पदार्थ पाया गया। इसके बाद राजपत्रित अधिकारी एवं मंडल चिकित्सा अधिकारी हरदीप कुमार सिंह की मौजूदगी में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए सामान की तलाशी ली गई। तलाशी में कुल 8 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ जिसकी अनुमानित कीमत चार लाख रुपये आंकी गई। आरपीएफ ने मौके की आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद बरामद गांजा रेल थाना डिहरी ऑन-सोन को अग्रिम कार्रवाई के लिए सुपुर्द कर दिया। रेल पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जनता दरबार में 65 शिकायतों के त्वरित निपटारे के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**विक्रमगंज (रोहतास)।** आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान और शासन को पारदर्शी व संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा आज अपने कार्यालय कक्ष में 'सबका सम्मान-जीवन आसान' अभियान के अंतर्गत जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में आम लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जनता दरबार में कुल 65 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें सबसे अधिक 30 मामले भूमि विवाद से संबंधित थे। इसके अलावा राशन कार्ड से जुड़ी 10 शिकायतें, ग्राम रक्षा दल में बहाली को लेकर 21 आवेदन तथा अन्य 4 विविध प्रकृति के मामले भी परिवादियों द्वारा प्रस्तुत किए गए। उपस्थित लोगों ने बारी-बारी से अपनी समस्याएं अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष रखीं जिन्हें उन्होंने गंभीरता से सुना और मौके पर ही संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी प्राप्त आवेदन पत्रों को चिन्हित कर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित कार्यालयों एवं पदाधिकारियों को दिया तथा कहा कि किसी भी फीता-फीती में देरी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि जनता दरबार का उद्देश्य आम लोगों को उनके घर के पास ही न्याय और सुविधा उपलब्ध कराना है, इसलिए प्राप्त मामलों का समय-सीमा के भीतर निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। पदाधिकारी ने यह भी कहा कि भूमि विवाद जैसे संवेदनशील मामलों में राजस्व कर्मियों एवं अंचलाधिकारी आपसी समन्वय से स्थल जांच कर रिपोर्ट दें, वहीं राशन कार्ड और ग्राम रक्षा दल से संबंधित मामलों में संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी त्वरित कार्रवाई करें। जनता दरबार में उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे उन्हें बिना भटकाव के सीधे अपनी बात रखने का अवसर मिला।

# मध्य विद्यालय शिवगंज में हर घर तिरंगा अभियान, बच्चों ने निबंध, पेंटिंग व रंगोली प्रतियोगिता में लिया भाग



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय मध्य विद्यालय शिवगंज, डिहरी में जिला शिक्षा पदाधिकारी, रोहतास-सासाराम के निर्देशानुसार 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने किया। प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने बताया कि 'हर घर तिरंगा' अभियान का उद्देश्य प्रत्येक परिवार तक राष्ट्रीय ध्वज की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा अधिक से अधिक घरों पर तिरंगा फहराने के लिए लोगों को प्रेरित करना है। जनभागीदारी और सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विद्यालय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने निबंध लेखन, पेंटिंग और रंगोली प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों और विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम' गीत का गायन किया। छात्राओं मिनत प्रवीण और जन्नत परवीन ने आकर्षक रंगोली बनाई। वहीं आध्या कुमारी ने भारत माता के रूप में अभिनय कर देशभक्ति का संदेश दिया। कक्षा छह की छात्रा सृष्टि कुमारी, कक्षा सात की चांदनी कुमारी तथा कक्षा आठ की रितु कुमारी ने 'वंदे मातरम' गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं प्रेमचंद प्रसाद, सुजाता प्रसाद, नसरीन, विभा रानी और आयुषी गौतम ने विद्यार्थियों के साथ सक्रिय सहभागिता निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

# एसडीएम के नेतृत्व में स्वतंत्रता दिवस को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** स्वतंत्रता दिवस-2026को उत्साहपूर्वक मनाने के उद्देश्य से अनुमण्डल पदाधिकारी दिलीप कुमार की अध्यक्षता में को आयोजित बैठक में मुख्य समारोह सहित अनुमंडल क्षेत्र में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि मुख्य ध्वजारोहण एवं परेड कार्यक्रम पूर्व की भांति इन्टरस्तरीय उच्च विद्यालय स्टेडियम, बिक्रमगंज में सुबह 08:20 बजे होगा। इससे पूर्व अनुमण्डल अंतर्गत 21 स्थानों पर क्रमबद्ध ध्वजारोहण किया जाएगा जिसकी शुरुआत अनुमण्डल पदाधिकारी के आवासीय कार्यालय में सुबह 07:30 बजे से होगी और अंतिम कार्यक्रम महादलित टोला में सुबह 11:05 बजे संपन्न होगा। मुख्य समारोह की सम्पूर्ण व्यवस्था अनुमण्डल नजारत द्वारा की जाएगी जिसमें ध्वनि विस्तारक, झंडा, सजावट, मंच पर 30 वीआईपी कुर्सियां, 6 टेबल एवं सामने 100 कुर्सियां शामिल हैं जबकि सफाई, सेनेटाइजेशन एवं पेयजल की व्यवस्था नगर परिषद बिक्रमगंज करेगी। परेड के वरीय प्रभार में सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी मो0 एहसान करीम तथा नोडल पदाधिकारी के रूप में प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी काराकाट राहुल कुमार सिंह और थानाध्यक्ष बिक्रमगंज रहेंगे। परेड का अभ्यास 09 से 12 अगस्त तक प्रतिदिन सुबह 06:00 बजे स्टेडियम में होगा जिसमें अग्निशमन, एनसीसी, स्काउट-गाइड, पुलिस बल के साथ कस्तूरबा, डीएवी एवं डीपीएस के छात्र भाग लेंगे। बैण्ड की व्यवस्था इन्टर कॉलेज एवं डीपीएस के प्राचार्य करेंगे। सुरक्षा हेतु अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति करेंगे और ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रीय ध्वज की सुरक्षा के लिए दो चौकीदार तैनात होंगे। मंच व्यवस्था के लिए प्रखण्ड सहकारिता पदाधिकारी राज कुमार एवं प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी अरविन्द कुमार सिंह को नोडल बनाया गया है। राष्ट्रीय गान के लिए इन्टर स्तरीय उच्च विद्यालय की छात्राओं की व्यवस्था प्राचार्य करेंगे। विधि-व्यवस्था के वरीय प्रभार में भूमि सुधार उप समाहर्ता संतोष कुमार रहेंगे।

# 6वीं राज्य स्तरीय गतका चैंपियनशिप में रोहतास का शानदार प्रदर्शन

**दो रजत पदक जीतकर बढ़ाया जिले का मान**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू (रोहतास)।** राजेंद्र नगर खेल भवन, पटना में आयोजित 6वीं राज्य स्तरीय गतका चैंपियनशिप 2026 में रोहतास जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो रजत पदक हासिल किए। प्रतियोगिता में जिले के करीब 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें रोहतास के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और मेहनत का शानदार प्रदर्शन किया। गतका जिला कोच सुधाकर कुमार (रितेश मिश्रा) के नेतृत्व में रोहतास की टीम ने प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया और जिले की झोली में दो रजत पदक डालने में सफलता हासिल की। अंडर-25 वर्ग में करूप-बभनी पंचायत निवासी शालू सिंह राजपूत, पिता अनिल सिंह, ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फरी सोटी स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। शालू सिंह राजपूत ने लगातार दूसरी बार राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में पदक जीतकर रोहतास जिले का गौरव बढ़ाया है। वहीं अंडर-30 वर्ग में नजम खान, पिता नूर आजम खान, ने पहली बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए शानदार प्रदर्शन किया और सिंगल सोटी स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया। उनके प्रदर्शन से जिले के खेल प्रेमियों में खुशी का माहौल है। गतका संघ के अध्यक्ष सैयद शाकिर इमाम ने दोनों पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं गतका सचिव शालू कुमारी ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

# रोहतास जिले में मनाया जा रहा 'हर घर तिरंगा अभियान'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जिले में 9 अगस्त से 17 अगस्त 2026 तक 'हर घर तिरंगा अभियान' का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से जिलेवासियों में राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान तथा देश के प्रति कर्तव्यों की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने का प्रयास किया जा रहा है। अभियान के प्रथम दिन 9 अगस्त को जिले की सभी पंचायतों के पंचायत सरकार भवनों में पंचायती राज विभाग के माध्यम से तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, कार्यपालक सहायक, मुखिया, सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान लोगों ने राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। अभियान के दूसरे दिन 10 अगस्त को शिक्षा विभाग के नेतृत्व में जिले के सभी विद्यालयों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालयों में विद्यार्थियों के बीच रंगोली प्रतियोगिता, झंडा बनाओ प्रतियोगिता, पेंटिंग एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय ध्वज के महत्व तथा देश के प्रति उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को राष्ट्रप्रेम, एकता और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गान एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर 'हर घर तिरंगा अभियान' को सफल बनाने तथा अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित होने का संकल्प लिया। जिले में आगामी 17 अगस्त तक विभिन्न विभागों एवं संस्थानों के सहयोग से अभियान से संबंधित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा जिलेवासियों से 'हर घर तिरंगा अभियान' में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और गौरव की भावना के साथ अभियान को सफल बनाने की अपील की गई है।

# नारायण मेडिकल कॉलेज में स्तनपान कक्ष की स्थापना




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा बाल रोग विभाग एवं प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग के सहयोग से विश्व स्तनपान सप्ताह के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं एवं परिवारों को स्तनपान के महत्व के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत कॉलेज परिसर में स्तनपान कक्ष की स्थापना की गई, ताकि माताओं को अपने शिशुओं को स्तनपान कराने के लिए स्वच्छ, सुरक्षित, आरामदायक एवं निजी स्थान उपलब्ध कराया जा सके। यह पहल संस्थान में स्तनपान-अनुकूल वातावरण के निर्माण एवं प्रोत्साहन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के दौरान माताओं को जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान शुरू करने, शिशु को जीवन के पहले छह माह तक केवल मां का दूध देने तथा छह माह के बाद उचित पूरक आहार के साथ स्तनपान जारी रखने के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम कुलाधिपति के सलाहकार डॉ. एम. के. सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रसूति एवं स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डॉ. के. के. कौल, सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष एवं एनाटॉमी विभागाध्यक्ष डॉ. शंभु सहित अन्य वरिष्ठ चिकित्सक भी उपस्थित रहे। कम्युनिटी मेडिसिन विभाग से डॉ. श्रीकृष्ण एस.आर., डॉ. पंकज कुमार मिश्रा, डॉ. विशाल कुमार सिंह, डॉ. नारायण कुमार जोशी एवं डॉ. भारत तंवर उपस्थित रहे।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

**(लापता सुशील कुमार, उम्र–17 वर्ष,)**



मझिऑव थाना कांड सं0–77/26, दिनांक–06.08.2026, धारा–137(2), 3(5), बी0एन0एस0 में लापता सुशील कुमार, उम्र–17 वर्ष, पिता–अजय राम, ग्राम–कुरकुट्टा, थाना–मझिऑव, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, के रहने वाला है। थाना से प्राप्त आवेदन में उल्लेख किया गया है कि आवेदक विश्वनाथ राम के नाती सुशील कुमार जो दिनांक–01.08.2026 को शाम करीब 03:00 बजे अपने घर से लापता हो गया है। उक्त लापता लड़का का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता लड़का किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**लापता का विवरण/हुलिया :–**

नाम–सुशील कुमार, उम्र–17 वर्श, रंग–सांवला, लम्बाई–170 से0मी0, पहनावा–आसमानी रंग का सर्ट एवं ब्लू रंग का लोअर, बोली–हिन्दी, पहचान चिन्ह–दाहिना गाल में गुलटी है।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 387155 (Police)26-27*D



कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि. ESIC

क्षेत्रीय कार्यालय, बिहार/Regional Office, Bihar
पंचदीप भवन,जवाहर लाल नेहरू मार्ग, पटना-800001
Panchdeep Bhawan, Nehru Marg, Patna - 01
rd-bihar@esic.gov.in EsicPatna 0612-2521928
www.esic.gov.in/robihar.esic.gov.in Esicpatna

Advertisement Notice No.: 30260/Legal/Bihar/2026 Dated: ..............................

**अधिवक्ताओं के नामिकायन हेतु विज्ञापन सूचना**

वर्ष 2026-29 की अवधि के लिए बिहार राज्य के विभिन्न न्यायालयों के समक्ष क.रा.बी.नि., क्षेत्रीय कार्यालय-बिहार का प्रतिनिधित्व करने के लिए अधिवक्ताओं के नामिका (पैनल) में शामिल करने हेतु आवेदन आमंत्रित करने हेतु सूचना।

क्षेत्रीय निदेशक, क.रा.बी. निगम (ESIC) क्षेत्रीय कार्यालय, बिहार द्वारा वर्ष 2026-29 की अवधि के लिए बिहार राज्य के विभिन्न न्यायालयों के समक्ष क.रा.बी.नि., क्षेत्रीय कार्यालय-बिहार का प्रतिनिधित्व करने के लिए अधिवक्ताओं के नामिका (पैनल) में शामिल करने हेतु आवेदन आमंत्रित की जाती है।

**आवेदन की प्रारंभ तिथि 05/08/2026**
**आवेदन की अंतिम तिथि 25/08/2026**

**रिक्ति स्थिति / Vacancy Position**

| न्यायालय/न्यायाधिकरण का नाम Name of the Court/Tribunal | स्थान Location | रिक्तियों की संख्या No. of Vacancy |
|---|---|---|
| पटना उच्च न्यायालय High Court of Judicature at Patna | पटना/Patna | 06 |
| केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण (सी.ए.टी.) पटना पीठ CAT-Patna Bench | पटना/Patna | 05 |
| कर्मचारी बीमा (ई.आई.) न्यायालय / EI Court | पटना/Patna | 06 |
| व्यवहार न्यायालय पटना Civil Court Patna | पटना/Patna | 05 |
| व्यवहार न्यायालय बिहार के अन्य सभी जिले (पटना को छोड़कर) Civil Court of all Districts of Bihar (Except Patna) | बिहार के अन्य सभी जिले (पटना को छोड़कर) All Districts of Bihar (Except Patna) | 02 (प्रत्येक जिला / Each District) |

**महत्वपूर्ण निर्देश:**
- विस्तृत नियम और शर्तें, पात्रता मानदंड, कर्तव्य अनुबंध 1' में दी गई है।
- पात्रता, अपेक्षित दस्तावेज अधिवक्ताओं के पारिश्रमिक दरें (शुल्क सूची), दिशा निर्देश तथा अनुलंग्नक क.रा.बी. निगम (ESIC) क्षेत्रीय कार्यालय बिहार के वेबसाईट https://robihar.esic.gov.in/recruitments पर उपलब्ध है।

क्षेत्रीय निदेशक
क.रा.बी. निगम, क्षेत्रीय कार्यालय, बिहार

# विश्वविद्यालय अधिनियम के विरोध में किसान कॉलेज के शिक्षक कर्मी का सामूहिक आकस्मिक अवकाश पर




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। विश्वविद्यालय अधिनियम 2026 के विरोध में सोमवार को किसान कॉलेज, सोहसराय, नालंदा के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों ने सामूहिक आकस्मिक अवकाश पर रहकर लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराया। विधेयक के विभिन्न प्रावधानों को लेकर शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों ने असहमति और चिंता व्यक्त की। विरोध कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय के कुछ शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी कॉलेज का प्रतिनिधित्व करते हुए पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर संघ के संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर विश्वविद्यालय परिसर पहुंचे। वहां आयोजित विरोध-प्रदर्शन में उन्होंने सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। वहीं, महाविद्यालय के अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी कॉलेज परिसर में उपस्थित रहकर शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों और आपत्तियों को सामने रखा। इस अवसर पर शिक्षकों ने कहा कि उच्च शिक्षा व्यवस्था से जुड़े किसी भी महत्वपूर्ण विधायी परिवर्तन से पहले शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मियों और उच्च शिक्षा जगत के अन्य हितधारकों के विचार एवं सुझावों पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, शैक्षणिक स्वायत्तता, शिक्षक हित और विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए ही नीतिगत निर्णय लिए जाने चाहिए। शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों ने एकजुट होकर विश्वविद्यालय अधिनियम 2026 के प्रति अपना विरोध दर्ज कराया। उन्होंने सरकार एवं संबंधित विश्वविद्यालय प्राधिकारियों से विधेयक के प्रावधानों पर व्यापक विचार-विमर्श करने तथा सभी संबंधित पक्षों की राय लेने की मांग की। पूरे कार्यक्रम के दौरान विरोध शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से किया गया।

# 31 सूत्री मांगों को लेकर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, डीएम को सौंपा ज्ञापन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के बैनर तले नियमित एवं संविदा कर्मियों ने सोमवार को विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों ने 31 सूत्री मांग पत्र जिला पदाधिकारी, नालंदा को सौंपा। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला महासंघ नालंदा के जिलाध्यक्ष जयवर्धन ने कहा कि बिहार में कर्मचारी-शिक्षकों के लाखों पद रिक्त पड़े हैं। इन पदों पर ठेका, संविदा, आउटसोर्सिंग एवं पीपीपी मोड आधारित व्यवस्था लागू की जा रही है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार कर्मचारियों की पेंशन रूपी सामाजिक सुरक्षा की मांग को नजरअंदाज कर रही है। कर्मचारियों की अन्य समस्याओं को लेकर महासंघ ने क्रमवार आंदोलन चलाने का निर्णय लिया है। जिला मंत्री संजय कुमार ने कहा कि महासंघ की प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन योजना लागू करना, सभी संविदा कर्मचारियों को नियमित करना, सभी विभागों एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में रिक्त पदों को भरना, आठवें वेतन आयोग का लाभ समय पर देना तथा राज्याधीन सेवाओं के अंतर्गत सभी पदों पर नियमानुसार प्रोन्नति का लाभ देना शामिल है। इसके अलावा विभिन्न कर्मचारी संगठनों के शिष्टमंडल और सरकार के बीच हुई वार्ता एवं समझौते के सभी बिंदुओं को लागू करने की भी मांग की गई। कर्मचारियों ने मांग पत्र का संलेख जिला प्रशासन को सौंपते हुए उम्मीद जताई कि बिहार सरकार के मुख्य सचिव कर्मचारियों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर समस्याओं का समाधान करेंगे। प्रदर्शन में सहायक जिला मंत्री अरविंद कुमार, कोषाध्यक्ष धीरज कुमार, संयोजिका ज्योति सिंह, संयुक्त मंत्री विनोद कुमार, चिकित्सा संघ नालंदा के जिलाध्यक्ष नदीम, सिंचाई संघ के जिला मंत्री कुमोद कुमार सिंह, शिक्षा संघ के जिला मंत्री विपिन कुमार, संविदा संघ के अनंत कुमार, कुमार अमित, कल्पना कुमारी, निर्मला कुमारी, सुलेखा कुमारी, आशा कुमारी सहित दर्जनों कर्मचारी शामिल हुए।

# ट्राइसाइकिल मिलने से दिव्यांगजनों के चेहरे पर आई खुशी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नगरनौसा**। दिव्यांगजनों के आवागमन को सुगम बनाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सोमवार को नगरनौसा प्रखंड में सराहनीय पहल की गई। कार्यक्रम आयोजित कर जरूरतमंद दिव्यांगजनों के बीच मोटर चालित ट्राइसाइकिल का वितरण किया गया। बिहार सरकार के पूर्व मंत्री, सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के सभापति सह हरनौत विधायक हरिनारायण सिंह ने लाभार्थियों के बीच मोटर चालित वाहनों का वितरण किया। वाहन मिलने के बाद लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास नजर आया। लाभार्थियों ने कहा कि मोटर चालित ट्राइसाइकिल मिलने से दैनिक आवागमन में काफी सुविधा होगी और वे अधिक स्वतंत्र होकर अपने कार्य कर सकेंगे।इस अवसर पर विधायक हरिनारायण सिंह ने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न हिस्सा हैं। उनके सम्मान, सुविधा और आत्मनिर्भरता के लिए सरकार एवं जनप्रतिनिधियों को हरसंभव सहयोग करना चाहिए। बेहतर आवागमन की सुविधा मिलने से दिव्यांगजन शिक्षा, रोजगार, व्यवसाय और सामाजिक गतिविधियों में अधिक स्वतंत्रता से भाग ले सकेंगे। कार्यक्रम में विधायक ने लाभार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याओं और जरूरतों की जानकारी ली तथा भविष्य में भी हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। मौके पर नालंदा जिला जदयू उपाध्यक्ष अनिल कुमार, बीडीओ ओमप्रकाश कुमार, संबंधित विभाग के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# लक्ष्य हासिल करने पर जोर, डीएम ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। एनआईसी सभागार में जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में विभागीय साप्ताहिक समन्वय एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए डीएम ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि केवल प्रयास नहीं, बल्कि निर्धारित लक्ष्य हर हाल में हासिल करना सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की प्रगति अपेक्षा के अनुरूप नहीं पाए जाने पर डीएम ने इंस्टॉलेशन लक्ष्य में तेजी लाने और इसकी दैनिक मॉनिटरिंग का निर्देश दिया। उन्होंने योजना के प्रचार-प्रसार के साथ जनप्रतिनिधियों और आम लोगों को जोड़कर व्यापक जागरूकता अभियान चलाने को कहा। उन्होंने कहा, कोशिश नहीं करना है, लक्ष्य हासिल करना हैकृतभी होगा। टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा में उन्होंने टीबी स्क्रीनिंग की गति बढ़ाने तथा अधिक से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। राशन कार्ड निर्माण में तेजी लाने और लंबित कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने को कहा गया। आंगनबाड़ी केंद्रों की समीक्षा में डीएम ने शौचालय की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सरकारी भवन में संचालित केंद्रों में आवश्यकता अनुसार शौचालय निर्माण तथा निजी भवन में संचालित केंद्रों को शौचालययुक्त उपयुक्त भवन में स्थानांतरित करने को कहा। उन्होंने योजनाओं की जमीनी उपलब्धि और लाभार्थियों तक पहुंच पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले कॉमनवेल्थ पदक विजेता झंडू कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हरनौत**। हरनौत के प्रतिभाशाली खिलाड़ी एवं कॉमनवेल्थ गेम्स पदक विजेता झंडू कुमार ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। कॉमनवेल्थ गेम्स में शानदार प्रदर्शन कर पदक जीतने के बाद प्रधानमंत्री से हुई यह मुलाकात झंडू कुमार के साथ-साथ पूरे नालंदा जिले और नालंदा लक्ष्य खेल अकादमी के लिए गौरव का विषय है। झंडू कुमार की इस उपलब्धि से हरनौत समेत पूरे नालंदा में खुशी का माहौल है। छोटे से क्षेत्र से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले झंडू कुमार ने मेहनत, लगन और अनुशासित प्रशिक्षण के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। प्रधानमंत्री से मुलाकात को उनके खेल जीवन की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक माना जा रहा है। इस मुलाकात से नालंदा लक्ष्य खेल अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे अन्य खिलाड़ियों में भी उत्साह और नई ऊर्जा का संचार हुआ है। अकादमी के प्रशिक्षकों का कहना है कि झंडू कुमार की सफलता यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाडियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। नालंदा लक्ष्य खेल अकादमी के लिए यह पहला अवसर नहीं है, जब यहां के किसी खिलाड़ी को प्रधानमंत्री से मिलने का गौरव प्राप्त हुआ है। इससे पहले अकादमी की प्रतिभाशाली खिलाड़ी गोल्डी कुमारी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का अवसर मिला था। अब कॉमनवेल्थ गेम्स में पदक जीतने के बाद झंडू कुमार ने भी प्रधानमंत्री से मुलाकात कर अकादमी की उपलब्धियों में एक और गौरवपूर्ण अध्याय जोड़ दिया है। अकादमी के कोच एवं सचिव कुंदन कुमार पांडेय ने झंडू कुमार की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि यह नालंदा लक्ष्य खेल अकादमी के लिए ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा कि झंडू कुमार ने अपनी मेहनत और निरंतर अभ्यास के दम पर न केवल अकादमी, बल्कि बिहार और हरनौत का नाम देश-दुनिया में रोशन किया है।

## एक नजर

### हाइवा की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत

**कतरीसराय**। गिरियक-शाहपुर स्टेट हाइवे-71 पर कतरी मोड़ स्थित जगदंबा धर्मकांटा के समीप रविवार की देर शाम तेज रफ्तार अज्ञात हाइवा की टक्कर से बाइक सवार 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान शेखपुरा जिले के शेखोपुरसराय थाना क्षेत्र के मियां बिगहा गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि धर्मेंद्र कुमार अपनी हीरो मोटरसाइकिल से गिरियक की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक अज्ञात हाइवा ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद धर्मेंद्र सड़क के बीच में जा गिरे और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद हाइवा चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही कतरीसराय थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए पावापुरी विम्स अस्पताल भेज दिया। पुलिस फरार हाइवा चालक और वाहन की पहचान में जुटी है।

### देसी कट्टा लहराते फोटो वायरल, युवक गिरफ्तार

**बिहारशरीफ**। सोशल मीडिया पर देसी कट्टा लहराते हुए एक युवक की तस्वीर वायरल होने के मामले में छबिलापुर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके घर की तलाशी के दौरान एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, 9 अगस्त को थानाध्यक्ष छबिलापुर को सूचना मिली कि एक व्यक्ति का देसी कट्टा लहराते हुए फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सूचना का सत्यापन कराया गया। महाल चौकीदार द्वारा वायरल फोटो में दिख रहे व्यक्ति की पहचान पवन कुमार (20 वर्ष), पिता-गुड्डू राजवंशी, निवासी मोहनपुर, थाना छबिलापुर, जिला नालंदा के रूप में की गई।

### पेंशनधारियों के खातों में पहुंची बढ़ी हुई पेंशन राशि

**बिहारशरीफ**। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत नालंदा जिले के 3,54,663 पेंशनधारियों के बैंक खातों में बढ़ी हुई पेंशन राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई। राज्य सरकार ने जून 2025 से सामाजिक सुरक्षा की सभी छह पेंशन योजनाओं की राशि 400 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 1100 रुपये प्रतिमाह करने का निर्णय लिया था। इसी क्रम में जुलाई 2026 की बकाया राशि भी लाभार्थियों के खातों में भेजी गई। जिले में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना के 75,416 लाभार्थियों को 8.32 करोड़ रुपये, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के 2,01,514 लाभार्थियों को 22.95 करोड़ रुपये, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 12,091 लाभार्थियों को 1.43 करोड़ रुपये तथा लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 34,202 लाभार्थियों को 3.79 करोड़ रुपये अंतरित किए गए। इसी तरह इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना के 4,176 लाभार्थियों को 46.13 लाख रुपये और बिहार निःशक्तता पेंशन योजना के 27,264 लाभार्थियों को 3.03 करोड़ रुपये दिए गए। कुल 39.99 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की गई।कार्यक्रम में पेंशनधारियों ने बढ़ी राशि के लिए सरकार के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर जिलाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित संबंधित अधिकारी-कर्मी उपस्थित रहे।

### शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**हिलसा**। सावन की दूसरी सोमवारी को लेकर सोमवार को हिलसा प्रखंड व नगर परिषद क्षेत्र के प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शहर के बाबा अभयनाथ धाम सहित विभिन्न शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से देर रात तक गूंजता रहा।शहर के प्रमुख बाबा अभयनाथ धाम और नंदेश्वर स्थान दारोगा कुआं में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। फतुहा गंगा घाट से गंगाजल लेकर बड़ी संख्या में कांवरिये करीब 25 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर हिलसा पहुंचे और भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। कांवरियों के जत्थे के पहुंचने से मंदिरों के आसपास भक्ति का माहौल बना रहा। वहीं, सोमवारी व्रत करने वाली महिलाओं ने पवित्र स्नान के बाद पूजा की थाली सजाकर नजदीकी शिवालयों का रुख किया।

## नवादा

# सामाजिक सुरक्षा पेंशनः 1.01 करोड़ लाभार्थियों के खातों में डीबीटी से 1,157.72 करोड़ अंतरित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने 'संकल्प' सभागार से राज्य के 1 करोड़ 1 लाख 33 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के खातों में डीबीटी के माध्यम से 1,157 करोड़ 72 लाख की पेंशन राशि हस्तांतरित की। योजना के तहत प्रति लाभार्थी 1,100 की दर से भुगतान किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार वृद्धजनों, विधवाओं एवं दिव्यांगजनों को आर्थिक सहायता देकर उनका जीवन सुगम व सम्मानजनक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से हर माह की 10 तारीख को पेंशन राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजी जाती है। डीआरडीए सभागार, नवादा में जिलाधिकारी रवि प्रकाश की मौजूदगी में इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के प्रभारी सहायक निदेशक ने बताया कि जिले में संचालित 6 पेंशन योजनाओं के कुल 2,32,773 पेंशनधारियों के खातों में राशि हस्तांतरित की गई है। जिले में बिहार राज्य निशक्तता पेंशन के 27,791, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निशक्तता पेंशन के 1,378, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन के 47,420, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन के 4,322, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 26,590 तथा मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के 1,25,272 लाभार्थी शामिल हैं। इस अवसर पर सहायक समाहर्ता प्रिंस राज, गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में पेंशनधारी उपस्थित रहे।

# टी.एस.कॉलेज,हिसुआ के शिक्षक-कर्मी रहे सामूहिक अवकाश पर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। बिहार सरकार द्वारा प्रस्तावित विश्वविद्यालय अधिनियम के विरोध में बिहार के सभी पारंपरिक विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के शिक्षक-कर्मी सोमवार को सामूहिक अवकाश पर रहें। शिक्षक कर्मी अपने-अपने विवि मुख्यालय पर प्रदर्शन किए इसके बाद कुलपति को ज्ञापन सौंप प्रस्तावित अधिनियम को तत्काल निरस्त करने की सरकार को अनुशंसा करने की मांग की। इसी कड़ी में सोमवार को मगध विश्वविद्यालय बोधगया की अंगीभूत इकाई टी.एस. कॉलेज हिसुआ के शिक्षक एवं कर्मचारी सामूहिक हड़ताल रहे तथा शिक्षक संघ के सचिव डॉ संजय कुमार के नेतृत्व में महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी मगध विश्वविद्यालय बोधगया पहुंच कर धरना प्रदर्शन भाग लिया। शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ के सचिव मुकेश कुमार ने कहा कि प्रस्तावित विवि अधिनियम से विवि और महाविद्यालयों की स्वायत्तता शैक्षणिक स्वतंत्रता प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है,प्रस्तावित विवि अधिनियम के विरोध में विवि मुख्यालय के समक्ष प्रदर्शन करने के कारण सभी शिक्षक एवं कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर थे,अवकाश पर रहने से शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्य बाधित रहा। शिक्षक संघ सचिव डॉ. संजय कुमार ने कहा सरकार द्वारा अविलंब इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ मगध प्रक्षेत्र के संयुक्त सचिव डॉ शेखर ने कहा सरकार को शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारियों की भावनाओं को समझते हुए प्रस्तावित अधिनियम को अविलंब निरस्त करना चाहिए । महाविद्यालय के शिक्षक डॉ रजनीश देव ने कहा कि लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से विरोध के बाद भी सरकार प्रस्तावित विवि अधिनियम को वापस नहीं लेती है, तो संघर्ष मोर्चा इस आंदोलन को और अधिक व्यापक और तेज करने को बाध्य होगा।

# जनसुनवाई में प्राप्त परिवादों पर जिलाधिकारी ने की सुनवाई



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान" का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया। इस दौरान कुल पांच परिवाद प्राप्त हुए।जिला पदाधिकारी ने सभी परिवादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों की नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनसुनवाई में प्राप्त सभी परिवादों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करें तथा परिवादियों को उनके मामलों में की गई कार्रवाई से अवगत कराएं।

# जनगणना प्रगणकों की बैठक, दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। जनगणना निदेशालय के निर्देश पर जिला जनगणना पुस्तिका तैयार करने को लेकर कौआकोल प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में सोमवार को जनगणना प्रगणकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कौआकोल बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार ने की। बैठक में राजस्व ग्राम स्तर पर संबंधित नौ बिंदुओं पर आवश्यक जानकारी एवं आंकड़ों के संकलन को लेकर प्रगणकों को विस्तार से दिशा-निर्देश दिए गए। बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार ने कहा कि जनगणना पुस्तिका के माध्यम से क्षेत्र की जनसंख्या, आवास, परिवार, शिक्षा, रोजगार, मूलभूत सुविधाओं सहित विभिन्न सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों से संबंधित महत्वपूर्ण आंकड़ों का संकलन किया जाता है। इसलिए आंकड़ों को एकत्र करने के दौरान विशेष सावधानी एवं सतर्कता बरतना आवश्यक है। उन्होंने सभी जनगणना प्रगणकों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने निर्धारित राजस्व ग्राम में जाकर निर्धारित नौ बिंदुओं से संबंधित आवश्यक सूचनाओं का सही एवं तथ्यात्मक तरीके से संकलन करें। किसी भी प्रकार की त्रुटि अथवा विसंगति पाए जाने पर उसका सत्यापन करने के बाद ही आंकड़ों को अंतिम रूप दिया जाए। साथ ही निर्धारित प्रपत्र एवं जनगणना निदेशालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही सभी जानकारियों को दर्ज करने को कहा गया। अधिकारियों ने कहा कि जनगणना से संबंधित आंकड़े भविष्य में क्षेत्र के विकास की योजना तैयार करने तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में सभी कर्मी पूरी जिम्मेदारी, गंभीरता एवं निष्पक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

# कांवर यात्रा में गूंजा हर-हर महादेव का जयघोष, श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विजयपुर आंती से भव्य कांवर यात्रा निकाली गई। बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक दिवाकर सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कावड़ यात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र हर-हर महादेव और जय भोलेनाथ के जयघोष से गूंजता रहा। कावड़ यात्रा की शुरुआत मां साक्षात काली मंदिर, रानीहट्टी आँती से हुई। श्रद्धालु कावड़ लेकर कादिरगंज बाजार होते हुए सूर्य मंदिर, घोंतावा पहुंचे। यहां श्रद्धालुओं ने पवित्र जल भरकर पुनः कादिरगंज होते हुए आंती स्थित पातालपुरी बाबा महादेव के मंदिर की ओर प्रस्थान किया। रास्ते में श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों और भगवान शिव के जयकारों के साथ यात्रा पूरी की। पातालपुरी बाबा महादेव के मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना की और बाबा के श्रीचरणों में जल अर्पित कर जलाभिषेक किया एवं शांति की कामना करते हुए आशीर्वाद लिया।

# कम्यूनिटी मेडिएटर का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के निर्देश के आलोक में तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा अरविन्द कुमार के सहयोग से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा एवं प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, नवादा एवं अन्य जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीशगण क्रमशः षष्ठ, नवम, तृतीय एवं अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारीगण क्रमशः प्रथम, द्वितीय, चतुर्थ, पंचम एवं षष्ठ की संयुक्त उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर आज कॉन्फ्रेंस रूम, लाइब्रेरी हॉल, व्यवहार न्यायालय, नवादा में कम्यूनिटी मेडिएटर के त्रिदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर प्रशिक्षण हेतु पंचायतों से चयन होकर आए कम्यूनिटी मेडिएटर से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर तीन दिवस कम्यूनिटी मेडिएटर का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य आम लोगों को मध्यस्थ के माध्यम से सरल व सुलभ समाधान करना है। उन्होंने आगे कहा कि यह अभियान पंचायतों में लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा संभव हो सके।


### गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच

**कौआकोल**। प्रधानमंत्री मातृत्व जांच शिविर के तहत सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) कौआकोल में विशेष शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में 136 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय सलाह दी। साथ ही निःशुल्क आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं तथा विभिन्न आवश्यक जांच भी की गईं। महिलाओं को संतुलित आहार, नियमित प्रसव पूर्व जांच, आयरन एवं कैल्शियम की गोलियों के सेवन और संस्थागत प्रसव के महत्व की जानकारी भी दी गई। चिकित्सकों ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच से मां और गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य की बेहतर निगरानी संभव होती है। इसलिए सभी गर्भवती महिलाओं से प्रत्येक माह आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री मातृत्व जांच शिविर का लाभ उठाने की अपील की गई।

### भूमि विवाद को लेकर हुए मारपीट में तीन घायल

**कौआकोल**। कौआकोल थाना क्षेत्र के पचम्बा गांव में सोमवार को भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में एक ही पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। जिनका प्राथमिक ईलाज कौआकोल पीएचसी में किया गया। जहाँ से बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया गया। इस सम्बन्ध में घायल पचम्बा गांव निवासी यदुनन्दन साव ने बताया कि वे अपने खेत में काम कर रहे थे,तभी अचानक संजीत मांझी,पप्पू मांझी,जालो मांझी,परमेश्वर मांझी,सोहित कुमार सहित अन्य लोगों ने अचानक लाठी डंडे एवं लोहे के रड से हमला कर दिया। बीच बचाव करने आये उनके सम्बन्धी कौशल कुमार एवं जयपाल कुमार पर भी हमला कर दिया। जिससे तीनों लोग घायल हो गए। घटना को लेकर घायल यदुनन्दन साव के द्वारा कौआकोल थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

### वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, सुरक्षा एवं कल्याण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम



**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं कल्याण से संबंधित प्रावधानों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के महत्वपूर्ण प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानपूर्वक एवं गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार है। उनकी देखभाल एवं भरण-पोषण सुनिश्चित करना परिवार की जिम्मेदारी होने के साथ-साथ कानूनी दायित्व भी है। जिलाधिकारी ने बताया कि भरण-पोषण से संबंधित मामलों के निस्तारण हेतु अधिनियम में निर्धारित प्रावधानों के तहत अनुमंडल पदाधिकारी के न्यायालय में आवेदन किया जा सकता है। यदि किसी माता-पिता अथवा वरिष्ठ नागरिक को उनके पुत्र, पुत्रवधू अथवा परिवार के किसी अन्य सदस्य द्वारा प्रताड़ित किया जाता है अथवा उनका उचित भरण-पोषण नहीं किया जाता है, तो वे संबंधित प्राधिकारी के समक्ष शिकायत दर्ज कराकर अपने अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक कार्रवाई प्राप्त कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों को वन स्टॉप सेंटर के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि किसी महिला को घर में किसी प्रकार की हिंसा, प्रताड़ना अथवा अन्य परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, तो वह वन स्टॉप सेंटर में अपनी शिकायत दर्ज कराकर आवश्यक सहायता एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि रजौली में जीविका दीदियों के माध्यम से संचालित दीदी अधिकार केंद्र पर भी महिलाएं अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को दर्ज करा सकती हैं। इस अवसर पर सहायक समाहर्त्ता प्रिंस राज, गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, स्थापना प्रभारी डॉ. राजकुमार सिन्हा, सहायक निदेशक, दिव्यांगजन कोषांग, नवादा रितेश कुमार, अन्य पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

# बिहार विश्वविद्यालय विधेयक के विरोध में मगध विश्वविद्यालय में प्रदर्शन, कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**बोधगया।** राज्य सरकार के प्रस्तावित बिहार विश्वविद्यालय विधेयक 2026 के विरोध में मगध विश्वविद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में सोमवार को शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक अवकाश लेकर प्रशासनिक भवन के समक्ष प्रदर्शन किया। स्नातकोत्तर विभागों के अलावा गया कॉलेज, जे.जे. कॉलेज, जी.बी.एम. कॉलेज, आर.एल.एस.वाई. कॉलेज और टी.एस. कॉलेज, हिसुआ सहित कई अंगीभूत महाविद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी इसमें शामिल हुए। प्रदर्शन के बाद संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केशरी को ज्ञापन सौंपा। इसमें विधेयक तत्काल वापस लेने तथा विश्वविद्यालय की स्वायत्तता एवं अकादमिक स्वतंत्रता से समझौता नहीं करने की मांग की गई। कर्मचारियों ने कहा कि आंदोलन किसी व्यक्ति या सरकार के खिलाफ नहीं, बल्कि विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता और शैक्षणिक स्वतंत्रता प्रभावित करने वाले प्रावधानों के विरोध में लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति है। सभी हितधारकों से व्यापक संवाद और प्रशासनिक एवं अकादमिक निर्णयों में बाहरी हस्तक्षेप समाप्त करने की मांग भी उठाई गई। सभा को डॉ. अनुज कुमार तरुण, डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव, डॉ. आलोक रंजन, सुबोध कुमार, दीपक कुमार, अंजनी कुमार, संतोष कुमार सिंह और वचनदेव कुमार ने संबोधित किया। प्रो. पी.के. चौधरी, प्रो. एहतेशाम खान, प्रो. पीयूष कमल सिन्हा, डॉ. राकेश कुमार रंजन, डॉ. अंबे कुमारी, डॉ. परम प्रकाश राय, डॉ. पिंटू कुमार और डॉ. मीनाक्षी ने भी विधेयक का विरोध किया। प्रदर्शन में प्रो. एस.एन.पी. यादव 'दीन', प्रो. दीपक कुमार, प्रो. आनंद कुमार सिंह, डॉ. शिप्रा सोलंकी, डॉ. रेणु रानी और पूनम सिंह समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। राजीव कुमार भास्कर, नितेश कुमार सिंह, डॉ. शेखर, डॉ. संजय कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. संगीता कुमारी, डॉ. आनंद कुमार, डॉ. एम.जेड. शाहजादे, डॉ. नगमा शादाब, डॉ. निधि त्रिपाठी, विकाश वर्णवाल, रामरूप राम, रंजीत कुमार, प्रमोद कुमार और जानकी यादव भी उपस्थित रहे। ज्ञापन की प्रतियां राज्यपाल-सह-कुलाधिपति, मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव और कुलसचिव को भेजी गईं। मोर्चा ने कहा कि मांगें नहीं मानी गईं तो विधेयक वापसी तक शांतिपूर्ण आंदोलन जारी रहेगा।

## कोंच डिग्री कॉलेज में आठ प्रोफेसरों ने संभाला कार्यभार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच डिग्री कॉलेज में पढ़ाई नियमित करने की दिशा में बड़ा कदम उठा है। सोमवार को छह विषयों के 8 शिक्षकों ने कॉलेज में योगदान देकर प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. सुनील कुमार को योगदान पत्र सौंपा। योगदान देने वाले शिक्षकों में राजनीति विज्ञान के डॉ. हेमंत दुबे व डॉ. अजीत कुमार, अंग्रेजी की डॉ. प्रिया प्रियदर्शनी, इतिहास के डॉ. बैज्जू कुमार व रोशन सिंह, हिंदी के डॉ. शुभम यादव व डॉ. सोनी कुमारी तथा मनोविज्ञान की डॉ. निकिता गुप्ता शामिल है। डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि शिक्षकों की नियुक्ति से शैक्षणिक व्यवस्था मजबूत होगी। अब संबंधित विषयों की कक्षाएं नियमित रूप से चलाई जाएगी। इससे छात्रों को विषयवार बेहतर पढ़ाई की सुविधा मिलेगी। लंबे समय से कॉलेज में नियमित कक्षाओं की मांग की जा रही थी।

# सात अमर क्रांतिकारियों का बलिदान युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत : डॉ. प्रेम कुमार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान पटना में शहीद हुए सात अमर क्रांतिकारियों को नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि 11 अगस्त 1942 को भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान पटना में घटित ऐतिहासिक घटनाक्रम की गूंज आज भी देशवासियों के हृदय में है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि 11 अगस्त 1942 को हजारों छात्रों ने पटना सचिवालय पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के उद्देश्य से कूच किया था। अंग्रेजी प्रशासन ने आंदोलनकारी युवाओं को रोकने का प्रयास किया। इसके बाद की गई जवाबी कार्रवाई में प्रशासन ने युवाओं पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं, जिसमें सात वीर युवा शहीद हो गए। उन्होंने कहा कि इन सात युवाओं का सर्वोच्च बलिदान केवल बिहार ही नहीं, बल्कि देशभर के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बना। पटना की यह घटना स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में अदम्य साहस, देशभक्ति और छात्र बलिदान का अमिट प्रतीक है। इन युवा क्रांतिकारियों ने राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण न्योछावर कर आने वाली पीढ़ियों के लिए त्याग और समर्पण की मिसाल कायम की। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों और अमर शहीदों का बलिदान देश की अनमोल विरासत है। उनके संघर्ष और त्याग से नई पीढ़ी को राष्ट्रप्रेम, साहस और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि पटना कांड की स्मृति में पटना सचिवालय के समक्ष स्थित 'सप्तमूर्ति' शहीद स्मारक आज भी उन सात अमर क्रांतिकारियों के अतुलनीय बलिदान की याद दिलाता है। यह स्मारक स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली इतिहास और देश के लिए प्राण न्योछावर करने वाले युवाओं की वीरता का प्रतीक है।

# पटना में रेल कर्मचारियों के बेहतर इलाज हेतु सात करोड़ के आधुनिक चिकित्सा उपकरण लगाए गए



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के केंद्रीय सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, पटना में रेल कर्मचारियों के बेहतर इलाज हेतु महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह एवं पूमरे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह द्वारा इंडियन रेलवे फाइनेन्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा प्रदत्त रु. 7,28,20,943/- के चिकित्सा उपकरणों का का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में आईआरएफसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मनोज कुमार दूबे, अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ एन.के.सजीव, चिकित्सा निदेशक डॉ सुबोध कुमार मिश्र सहित अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे। इंडियन रेलवे फाइनेन्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा प्रदत्त निधि से लैप्रोस्कोपिक मशीन, ईकोकार्डियो स्कैनिंग मशीन, मल्टीरपैरा कर्डियक मॉनिटर, मोटराईज्डो बेड, सीटीजी मशीन, ओटी टेबल, ईसीजी मशीन जैसे आधुनिक चिकित्सा उपकरण खरीदे गये है। इस अस्पताल में खरीदे गये चिकित्सा उपकरण से ईलाज की गुणवत्तात में काफी सुधार होगा। इस अवसर पर महाप्रबंधक द्वारा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक/आईआरएफसी धन्यवाद दिया इसके साथ ही पीसीएमएम, पीएफए व चिकित्सा निदेशक को सीमित समय में इन मशीनों के खरीद करने के लिए प्रशंसा की। पूमरे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनिता सिंह ने कहा कि अस्पताल में विशेष अवसरों पर सभी मरीजों को चिकित्सा सहायता दी जाती रही है जो निरंतर जारी रहेगी। विशिष्ट अतिथि मनोज कुमार दूबे ने कहा आईआरएफसी के भारत में 52वें स्थान की लाभकारी संगठन है जिसका कुछ अंश कल्याणकारी कार्य में दिया जाता है। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ संध्या किरण, एसीएचडी/सामान्य एवं डॉ ए. के. ओझा, एसीएचडी/एडमिन द्वारा घन्यवाद ज्ञापन किया गया।

## पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ने किया पटना-आरा रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण

**आरा स्टेशन पर चल रहे स्टेशन पुनर्विकास कार्य की प्रगति की समीक्षा**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा पटना-आरा रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक ने इस रेलखंड के रेलवे ट्रैक, रेल पुलों आदि का मुआयना किया। महाप्रबंधक ने रेल ट्रैक के बेहतर रख-रखाव पर संतोष व्यक्त करते हुए संरक्षित रेल परिचालन के लिए हर संभव कदम उठाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत आरा जं. पर चल रहे निर्माणाधीन स्थल का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा पर पूरा करने का निर्देश दिया। पुनर्विकसित स्टेशन भवन आकर्षक डिजाइन के साथ उन्नत एवं आधुनिक यात्री सुविधाओं से युक्त होगा। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक द्वारा आरा जं. पर नवनिर्मित सिक लाइन शेड, कोचिंग डिपो आरा का निरीक्षण के उपरांत उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही महाप्रबंधक द्वारा आरपीएफ बैरक सह पोस्ट, आरा एवं रेलवे कॉलोनी, आरा में कर्मचारियों के कल्याणार्थ हेल्थ सेंटर का उद्घाटन किया गया। निरीक्षण के दौरान दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार तथा मुख्यालय एवं मंडल के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# प्रस्तावित बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम के विरोध में गया कॉलेज कर्मियों का प्रदर्शन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**गया।** प्रस्तावित बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम-2026 की विसंगतियों के विरोध में फुटाब, फुस्टाब तथा विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा, बिहार के आह्वान पर सोमवार को बिहार के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में सामूहिक आकस्मिक अवकाश के तहत शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया गया। गया कॉलेज, गया के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने मगध विश्वविद्यालय, बोधगया मुख्यालय में प्रदर्शन कर प्रस्तावित अधिनियम पर पुनर्विचार की मांग की। कर्मचारियों ने कहा कि अधिनियम के प्रस्तावित प्रावधान विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों की स्वायत्तता, अकादमिक स्वतंत्रता तथा प्रशासनिक एवं वित्तीय व्यवस्था को प्रभावित कर सकते हैं। अंगीभूत डिग्री महाविद्यालयों को विश्वविद्यालयों से अलग कर राज्य सरकार के अधीन किए जाने की व्यवस्था से सेवा-शर्त, स्थानांतरण, पदोन्नति, शोध, पठन-पाठन और संस्थागत विकास प्रभावित होने की आशंका है। संघर्ष मोर्चा ने विधेयक को जल्दबाजी में पारित नहीं करने तथा शिक्षाविदों, विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और विशेषज्ञों से व्यापक विमर्श की मांग की। साथ ही समय पर वेतन भुगतान, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली खाते में सरकार का अंशदान, नवनियुक्त कर्मियों की सेवा संपुष्टि व वेतन भुगतान, पदोन्नति, मातृत्व-पितृत्व एवं शिशु देखभाल अवकाश और अकादमिक कैलेंडर के समयबद्ध अनुपालन की मांग उठाई। 5 से 8 अगस्त तक काला रिबन लगाकर विरोध किया गया। 11 से 25 अगस्त तक प्रतिदिन दोपहर 1:30 से 2 बजे तक घंटी बजाकर प्रदर्शन होगा। 5 सितंबर को विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संघर्ष मोर्चा ने आंदोलन को शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक बताया। मगध विश्वविद्यालय के कुलपति को भी सूचना दी गई है।

# हत्या के प्रयास मामले में दो आरोपित गिरफ्तार, गए न्यायिक हिरासत में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शेरघाटी थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक पुराने मामले में कार्रवाई करते हुए दो नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने दोनों को विधि-सम्मत प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से उन्हें जेल भेजने का आदेश दिया गया। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई शेरघाटी थाना कांड संख्या 978/23 दिनांक 13 सितंबर 2023 में दर्ज मामले के तहत की गई। इस कांड में तत्कालीन भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराएं 147, 149, 341, 323, 379, 307, 504 और 506 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामला मारपीट, हत्या के प्रयास, गाली-गलौज, धमकी और अन्य आरोपों से संबंधित है। गिरफ्तार आरोपितों में शुभम कुमार (20 वर्ष), पिता सचित पांडे उर्फ सच्चिदानंद पांडे, निवासी गोला बाजार, राम मंदिर के पीछे, थाना शेरघाटी तथा शशि कुमार उर्फ शक्ति उर्फ संदीप कुमार (29 वर्ष), पिता विनोद प्रसाद, निवासी हटिया मोहल्ला, देवी स्थान के पास, थाना शेरघाटी, जिला गया शामिल हैं। थाना पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपित लंबे समय से मामले में नामजद थे। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच पहले से जारी है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। यदि जांच के दौरान अन्य तथ्य सामने आते हैं तो उनके अनुरूप भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने और लंबित मामलों के निष्पादन के लिए विशेष अभियान लगातार जारी है।

# महाअभियान में तेजी लाकर लंबित मामले निपटाएं : डीसीएलआर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड स्थित अंचल कार्यालय में सोमवार को महाअभियान को लेकर समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भूमि सुधार उप समाहर्ता डीसीएलआर रवि प्रकाश गौतम ने की। उन्होंने महाअभियान के तहत चल रहे राजस्व कार्यों की एक-एक कर समीक्षा की और लंबित मामलों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निपटाने के निर्देश दिए। डीसीएलआर ने कहा कि महाअभियान का मुख्य उद्देश्य राजस्व से जुड़े मामलों का त्वरित निष्पादन कर आम जनता को सुविधा उपलब्ध कराना है। अंचलाधिकारी ऋतु सोनी ने बताया कि अभियान के तहत दाखिल-खारिज, परिमार्जन और अन्य राजस्व संबंधी आवेदनों पर विशेष फोकस किया जा रहा है। उन्होंने सभी राजस्व कर्मियों को फील्ड में जाकर मामलों का निपटारा प्राथमिकता पर करने को कहा। बैठक में राजस्व कर्मचारी संतोष कुमार, पंकज कुमार, सुंदर कुमार, पीयूष रंजन, साजन कुमार, श्रीकांत कुमार के अलावा कर्मी अंगद कुमार, वीरू कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे। डीसीएलआर ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## पोखरपुर रजबलिया पुल का पुनर्निर्माण अधूरा, ग्रामीणों में नाराजगी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डुमरिया।** गया जिले के डुमरिया प्रखंड के भंगिया पंचायत क्षेत्र में पोखरपुर रजबलिया पुल का पुनर्निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है। निर्माण कार्य शुरू हुए लगभग एक वर्ष पूरा होने के बाद भी पुल का काम पूरा नहीं हो सका है जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी है। पुल का निर्माण अधूरा रहने के कारण ग्रामीणों को रोजाना आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। स्कूली बच्चों, व्यवसायियों और आम राहगीरों को आने-जाने में काफी दिक्कत होती है। ग्रामीणों का कहना है कि आवागमन के लिए बनाए गए डायवर्सन की स्थिति भी बारिश के बाद खराब हो सकती है जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ने की आशंका है।

## स्कूल गई छात्रा नहीं लौटी घर, पिता ने दर्ज कराया अपहरण का मामला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोराप अंतर्गत एक गांव से 27 जुलाई को स्कूल गई छात्रा के लापता होने का मामला सोमवार को सामने आया है। छात्रा के पिता ने आंती थाने में युवक एवं उसके पिता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पिता ने बताया कि 27 जुलाई की सुबह उनकी बेटी स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की। पिता का आरोप है कि कुछ दिन पहले भी इसी छात्रा के साथ एक घटना घटित हुई थी। उसी आधार पर उन्होंने ग्राम पंचायत डबूर के एक गांव निवासी युवक को आरोपी बनाया है। शिकायत के दो-तीन दिन बाद इंस्टाग्राम पर छात्रा और उक्त युवक की एक फोटो सामने आई। फोटो में नोटरी से बना शादी का कागज भी दिख रहा है। परिजनों ने जब युवक के पिता से पूछताछ की तो उन्होंने डांट-फटकार कर उन्हें भगा दिया। इस संबंध में आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि पीड़ित पिता के बयान पर कांड संख्या 93/26 दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच पीएसआई शंकर पासवान कर रहे हैं। पुलिस छात्रा की बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## दुष्कर्म के आरोप में ग्रामीण चिकित्सक गिरफ्तार, गया जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** मऊ थाना क्षेत्र के एक गांव में इलाज के लिए पहुंचे ग्रामीण चिकित्सक पर घर में अकेली नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पीड़िता के परिजनों ने आरोपी की जमकर पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा। इलाज के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस के अनुसार पीड़िता अपने दादा-दादी के साथ रहती है जबकि उसके माता-पिता बाहर रहते हैं। बताया गया कि घटना के समय नाबालिग घर में अकेली थी। इसी दौरान इलाज के सिलसिले में ग्रामीण चिकित्सक उसके घर पहुंचा और कथित तौर पर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी की पहचान लोहानीपुर गांव निवासी रविंद्र पंडित के 30 वर्षीय पुत्र अखिलेश पंडित के रूप में हुई है। घटना के बाद पीड़िता के स्वजनों को इसकी जानकारी मिली। इसके बाद उन्होंने आरोपी की पिटाई कर पुलिस को सूचना दी।

# ठाकुरबाड़ी की जमीन को लेकर विवाद, पुलिस के हस्तक्षेप से मामला शांत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** अलीपुर थाना क्षेत्र के चैता गांव स्थित ठाकुरबाड़ी की जमीन को कथित रूप से अवैध दस्तावेज के माध्यम से दूसरे लोगों के नाम किए जाने के मामले को लेकर सोमवार को गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाया जिसके बाद मामला शांत हुआ। जानकारी के अनुसार चैता गांव स्थित ठाकुरबाड़ी की जमीन के स्वामित्व को लेकर विवाद सामने आया है। ठाकुरबाड़ी के पुरोहित ने आरोप लगाया कि मंदिर की जमीन के बड़े हिस्से को कथित रूप से अवैध दस्तावेज के माध्यम से दूसरे लोगों के नाम करा लिया गया है। इसे लेकर ग्रामीणों के बीच विवाद की स्थिति बन गई। वहीं दूसरे पक्ष ने ऑनलाइन जमाबंदी दिखाते हुए जमीन पर अपना दावा किया। मामला बढ़ता देख अलीपुर थाना पुलिस ने दोनों पक्षों को थाना बुलाकर मामले की जानकारी ली। इस दौरान अंचलाधिकारी संजीव कुमार और थानाध्यक्ष सत्यम ने भी दोनों पक्षों से जानकारी ली। अधिकारियों ने संबंधित पक्ष को जमाबंदी के रद्दीकरण के लिए सक्षम न्यायिक एवं राजस्व प्रक्रिया के तहत अपील करने की सलाह दी। वहीं दूसरे पक्ष से भी लिखित रूप से यह कहा गया कि जमीन के मामले में पूरी सुनवाई होने तक किसी प्रकार का दावा या विवाद उत्पन्न नहीं किया जाए। पुलिस और प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद दोनों पक्षों के बीच बनी तनातनी समाप्त हो गई और गांव में स्थिति सामान्य हो गई। प्रशासन ने दोनों पक्षों को जमीन के विवाद को लेकर कानून-व्यवस्था प्रभावित


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार)**
**शिविर मेदिनीनगर**

ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

तृतीय आमंत्रण

अति–अल्पकालीन ई–निविदा प्रसंग सं0– WRD/MD MANDAL/03/2026–27

दिनांक 10.08.2026

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | REPAIR OF 01 NO. EMERGENCY GATE AND 01 NO. SERVICE GATE, HOISTING ARRANGEMENT, RENOVATION OF OPERATING PLATFORM SHADE ETC.UNDER **DHANKAI RESERVOIR SCHEME.** |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 6,55,471.00 (छः लाख पचपन हजार चार सौ एकहत्तर) मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 06 (छःमाह)। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रूपये में) | रू0 13,110.00 (तेरह हजार एक सौ दस) मात्र। |
| 5 | वेबसाईट पर ई– निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 11.08.2026 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 6 | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 18.08.2026 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 7 | ई– निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 20.08.2026 (10:30 बजे पूर्वाह्न)। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार) शिविर मेदिनीनगर। |
| 9 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 9199101446 |
| 10 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–2490232 |

नोट :– 1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विस्तृत जानकरी के लिए बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।
4. सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबावदेही संबंधित निविदाकार की होगी।

**कार्यपालक अभियन्ता**
**यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार)**
**शिविर मेदिनीनगर।**

PR.NO.387115 District(26-27):D



**समाहरणालय, गढ़वा**
**(जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**
**जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा।**
**आदेश**

जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा में परामर्श दाता (**DSPS-05**), सामाजिक कार्यकर्ता (**DSPS-06**), आँकड़ा विश्लेषक (**DSPS-08**), सहायक –सह– डाटा इंट्री ऑपरेटर (**CWC-01**) एवं सहायक–सह–डाटा इंट्री ऑपरेटर (**JJB-01**) के रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 05.01.2026 तक प्राप्त कुल आवेदनों की कम्प्यूटर में प्रविष्टि के उपरांत तैयार सूची को ज्ञापांक– 119, दिनांक– 23.05.2026 के माध्यम से दावा/ आपत्ति प्राप्त करने हेतु जिले के वेबसाईट पर अपलोड किया गया।

दावा/आपत्ति निराकरण के उपरांत पदवार आवेदनों की योग्य एवं अयोग्य उम्मीदवारों की सूची को गढ़वा जिला के वेबसाईट www.garhwa.nic.in पर जारी कर दिया गया है। सहायक –सह– डाटा इंट्री ऑपरेटर (**CWC-01**) एवं सहायक–सह–डाटा इंट्री ऑपरेटर (**JJB-01**) पदों हेतु योग्य उम्मीदवारों की टंकण परीक्षा दिनांक–17.08.2026 को पूर्वाह्न 9:30 बजे से नये समाहणालय में अवस्थित सूचना एवं विज्ञान केन्द्र, उपरी तल, गढ़वा में आयोजित की जाएगी। सहायक –सह– डाटा इंट्री ऑपरेटर (**CWC-01**) एवं सहायक–सह–डाटा इंट्री ऑपरेटर (**JJB-01**) के योग्य उम्मीद्वारों की सूची के सभी अभ्यर्थी दिनांक– 14.08.2026 से अपना प्रवेश–पत्र गढ़वा जिले के वेबसाईट www.garhwa.nic.in से डाउनलोड कर सकेंगे।

**सहायक निदेशक,**
**जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग,**
**गढ़वा।**

PR 387102 Social Welfare,Women and Child Development(26-27)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर**

द्वितीय शुद्धि–पत्र

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेन्ट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–**DWSD/SR/DT/Med-08/2026-27 (1st Call)** (नलकूपों का पुर्नस्थापन कार्य) का प्रथम शुद्धि पत्र जो PR No. 386749 (Drinking Water and Sanitation) 26-27*D द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित है। उक्त निविदा की तिथि अपरिहार्य कारणों से निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| क्र0 सं0 | विवरण | पूर्व में प्रकाशित तिथि एवं समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 07.08.2026 / 02.30 बजे अपराह्न में। | 11.08.2026 / 02.30 बजे अपराह्न में। |
| 2 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 13.08.2026 / 5.00 बजे अपराह्न तक। | 17.08.2026 / 5.00 बजे अपराह्न तक। |
| 3 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 13.08.2026 / 5.00 बजे अपराह्न तक। | 17.08.2026 / 5.00 बजे अपराह्न तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 14.08.2026 / 05.00 बजे अपराह्न में। | 18.08.2026 / 05.00 बजे अपराह्न में। |

यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा एवं शेष पूर्ववत् रहेंगे।

**कार्यपालक अभियंता,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,मेदिनीनगर**

PR 387148 District(26-27).D

संपादकीय

# पर्यावरण की बलि देकर कैसा विकास?

विकास की अंधी दौड़ और पर्यावरण संरक्षण के बीच लंबे समय से चल रहे टकराव के बीच देश के सर्वोच्च न्यायालय का ताजा फैसला एक मील का पत्थर साबित होने जा रहा है. 29 जुलाई 2026 को सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार के उस कार्यालय ज्ञापन को निरस्त कर दिया है, जिसके आधार पर बिना पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति के शुरू हो चुकी विकास और औद्योगिक परियोजनाओं को बाद में वैध ठहराने का रास्ता बनाया गया था. अदालत ने स्पष्ट कर दिया है कि पर्यावरणीय स्वीकृति किसी औपचारिक सरकारी मुहर का नाम नहीं, बल्कि एक अनिवार्य कानूनी और वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जिसे किसी प्रशासनिक आदेश के सहारे कमजोर नहीं किया जा सकता. यह निर्णय हमारी न्याय व्यवस्था में पर्यावरण के प्रति बढ़ती संवेदनशीलता का ही नहीं, बल्कि कानून के शासन के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है. इस फैसले ने उस खतरनाक प्रवृत्ति पर गहरी चोट की है जिसमें परियोजनाएं पहले नियमों को ताक पर रखकर शुरू कर दी जाती थीं और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के बाद पिछले दरवाजे से कागजी वैधता हासिल कर ली जाती थी. वर्षों से यह देखा जा रहा था कि उद्योग, खनन, सड़क, बिजली और अन्य निर्माण परियोजनाएं बिना समुचित पर्यावरणीय जांच के आरंभ हो जाती थीं. जंगलों की कटाई होती थी, पहाड़ों का सीना चीर दिया जाता था, नदियों के प्राकृतिक प्रवाह में बदलाव कर दिया जाता था और जब विरोध बढ़ता था या मामला अदालत तक पहुंचता था, तब सरकारें कार्यालय ज्ञापनों और प्रशासनिक आदेशों के माध्यम से इन उल्लंघनों को नियमित करने का प्रयास करती थीं. सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट संदेश दिया है कि पर्यावरण जैसे गंभीर विषय पर ऐसे शॉर्टकट स्वीकार नहीं किए जा सकते. वर्ष 2006 की पर्यावरण प्रभाव आकलन व्यवस्था का मूल उद्देश्य यही था कि किसी भी बड़ी परियोजना के शुरू होने से पहले यह वैज्ञानिक रूप से जांच हो कि उसका जंगलों, जलस्रोतों, वन्य जीवों, खेती और स्थानीय आबादी पर क्या प्रभाव पड़ेगा. यदि संभावित नुकसान सामने आता है तो उसे कम करने के उपाय पहले से तय किए जाएं. यही कारण है कि इसे पूर्व स्वीकृति कहा गया है. यदि परियोजना शुरू होने के बाद अनुमति दी जाएगी तो पूरी प्रक्रिया केवल औपचारिकता बनकर रह जाएगी. जिस जंगल की कटाई हो चुकी हो, जिस नदी का प्रवाह बदल चुका हो या जिस पहाड़ी को खोद दिया गया हो, वहां बाद की स्वीकृति प्रकृति को उसके पुराने स्वरूप में वापस नहीं ला सकती. यह निर्णय केवल पर्यावरण की रक्षा का मामला नहीं है, बल्कि सुशासन और जवाबदेही का भी प्रश्न है. जब नियम तोड़ने के बाद भी वैधता मिलने की संभावना बनी रहती है, तब कानून का सम्मान कम होता है और भ्रष्टाचार के अवसर बढ़ते हैं. परियोजनाओं को बाद में नियमित करने की व्यवस्था प्रशासनिक और राजनीतिक दबावों के लिए भी रास्ता खोल देती है. इससे यह संदेश जाता है कि पहले निर्माण कर लो, बाद में कागजी औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएंगी. सर्वोच्च न्यायालय ने इस प्रवृत्ति पर रोक लगाकर यह स्पष्ट कर दिया है कि कानून का पालन पहले होगा और विकास उसके बाद. देश के पर्यावरण पर इस फैसले का दूरगामी और सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा. भारत पहले ही जलवायु परिवर्तन के गंभीर प्रभावों का सामना कर रहा है. कहीं भीषण बाढ़ है, कहीं लंबे सूखे की मार है, कहीं भूस्खलन बढ़ रहे हैं तो कहीं नदियां सिकुड़ रही हैं. हिमालयी राज्यों में अनियोजित निर्माण और अंधाधुंध खनन ने अनेक प्राकृतिक आपदाओं की तीव्रता बढ़ा दी है. पश्चिमी घाट, अरावली, मध्य भारत के वन क्षेत्र और तटीय इलाके भी लगातार दबाव झेल रहे हैं. यदि विकास परियोजनाओं का पर्यावरणीय मूल्यांकन ईमानदारी से पहले किया जाएगा तो अनेक संभावित नुकसान समय रहते रोके जा सकेंगे. इससे केवल प्रकृति ही नहीं बचेगी, बल्कि भविष्य में होने वाले आर्थिक नुकसान और मानवीय त्रासदियों को भी कम किया जा सकेगा. बेशक, इस निर्णय से कुछ लोगों को यह आशंका हो सकती है कि विकास परियोजनाओं की गति धीमी पड़ जाएगी. यह चिंता पूरी तरह निराधार भी नहीं है. देश में कई बार पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रक्रिया अनावश्यक रूप से लंबी, जटिल और अपारदर्शी रही है. कई परियोजनाएं वर्षों तक फाइलों में अटकी रहती हैं, जबकि कुछ मामलों में बिना पर्याप्त जांच के मंजूरी भी मिल जाती है. इसलिए आवश्यकता केवल सख्ती की नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था की भी है जिसमें वैज्ञानिक जांच पूरी गंभीरता से हो और निर्धारित समय सीमा के भीतर निर्णय लिया जाए. ईमानदार निवेशक भी यही चाहते हैं कि नियम स्पष्ट हों और सभी पर समान रूप से लागू हों.

# संकट में थार का कल्पवृक्ष ...

**केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान ने 'थार शोभा' जैसी खेजड़ी की उन्नत और जल्दी फल देने वाली किस्म विकसित की है, जिसे खेतों तक युद्धस्तर पर पहुंचाने की जरूरत है। यह किस्म रोपण के तीन साल में ही सांगरी का उत्पादन देने लगती है। खेजड़ी का जीवनकाल सामान्यतः 150 से 400 वर्ष तक होता है। सरकार को इसकी अवैध कटाई पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाकर इसके नए पेड़ लगाने के लिए विशेष अभियान शुरू करना चाहिए। 'खेजड़ी संरक्षण नीति' तय कर प्रत्येक किसान के खेत, मेड़, ओरण-गोचर और सार्वजनिक जमीन पर खेजड़ी के साथ स्थानीय प्रजातियों (रोहिड़ा, कुमट, बोरड़ी और जाल) के पौधे लगाना अनिवार्य किया जाना चाहिए। इसके लिए विशेष बजटीय प्रावधान हों, खंड स्तर पर नर्सरी बने और फंगल संक्रमण की रोकथाम के लिए कृषि वैज्ञानिकों की देखरेख में व्यापक कार्ययोजना तैयार की जाए। यदि विकास के नाम पर हमने इस कल्पवृक्ष को खो दिया, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए इस मरुधरा पर सांस लेना भी मुश्किल हो जाएगा।**

**भुवनेश जैन**

रेगिस्तान में खेजड़ी के वृक्ष को पर्यावरण का संरक्षक माना जाता है। यह भीषण गर्मी और सूखे में भी हरा-भरा रहता है। इसकी लंबी जड़ें रेतीली मिट्टी को मजबूती से बांधकर रखती हैं, जिससे आंधी में मिट्टी का कटाव रुकता है। इसकी पत्तियां पशुओं के लिए पौष्टिक चारा होती हैं। इसकी कच्ची फलियों की स्वादिष्ट सब्जी बनती है। इसकी छाल का इस्तेमाल औषधि बनाने में भी होता है। यानी रेगिस्तान की प्रकृति और जनजीवन से खेजड़ी का संबंध बहुत गहरा है। थार में इसे 'कल्पवृक्ष' का दर्जा दिया गया है। मगर विडंबना यह है कि शुष्क क्षेत्र के पर्यावरण की दृष्टि से जीवनदायिनी माने जाने वाले खेजड़ी के संरक्षण और विस्तार के लिए आज तक जमीनी स्तर पर कोई विधिवत सरकारी योजना नहीं बनी है।

भारतीय शुष्क क्षेत्र का क्षेत्रफल 3,20,000 वर्ग किलोमीटर है, जिसमें करीब 70 हजार वर्ग किलोमीटर शीत मरुस्थल है। यह क्षेत्र भारत के भौगोलिक क्षेत्रफल का करीब 12 प्रतिशत है। इसका 62 प्रतिशत हिस्सा राजस्थान में है, जिसका अनुमानित क्षेत्रफल 1,96,000 वर्ग किलोमीटर है। नए प्रशासनिक पुनर्गठन के बाद प्रदेश के 19 जिले मरुस्थलीय श्रेणी में आते हैं। इसके अलावा 19 प्रतिशत गुजरात और नौ प्रतिशत पंजाब-हरियाणा में है। ये चारों राज्य मिलकर 2,47,000 वर्ग किलोमीटर का शुष्क क्षेत्र घेरते हैं, जबकि 10 प्रतिशत शुष्क क्षेत्र आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में है।

शुष्क क्षेत्र थार को खेजड़ी ने ही जीवन दिया है। अत्यधिक सूखे और भीषण तापमान में भी सदाबहार रहने वाले इस वृक्ष को राजस्थान में जांट या खेजड़ी, गुजरात में सुमरी, धार्मिक ग्रंथों में शमी, सिंध में कांडी, संयुक्त अरब अमीरात में गाफ और फारसी में जंद कहा जाता है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के 20 देशों में खेजड़ी जैसी प्रजातियां वहां के लोगों के लिए जीवन का आधार हैं। इजराइल और सऊदी अरब ने तो इसे बचाने और इसके विस्तार के लिए बाकायदा विशेष राष्ट्रीय योजनाएं शुरू की हैं।

राजस्थान में खेजड़ी के संरक्षण के लिए पूर्व में किए गए प्रयासों की भी ऐतिहासिक गाथा है। 12 सितंबर, 1730 को जोधपुर के खेजड़ली गांव में एक महिला ने खेजड़ी को बचाने के लिए ऐतिहासिक हुंकार भरी थी। इसके बाद उन्होंने लोगों के एक समूह के साथ पेड़ों से चिपककर अपने प्राणों की आहुति दे दी। माना जाता है कि यह दुनिया का पहला 'चिपको आंदोलन' था।



तब महल के निर्माण के लिए जोधपुर दरबार के कारिंदे चूना पकाने के लिए इस पेड़ को काटना चाहते थे, लेकिन लोगों ने खेजड़ी के प्रति अगाध श्रद्धा के कारण शहादत दे दी। इसके बाद राजा ने खेजड़ी की कटाई पर पूर्ण रोक लगा दी थी। मगर आज का परिदृश्य चिंताजनक है। जिस खेजड़ी को बचाने के लिए हमारे पूर्वजों ने जान तक न्योछावर कर दी, आज उसी को हम आधुनिक विकास की होड़ में योजनाबद्ध तरीके से नष्ट कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि समाज ने इसे बचाने की संवेदनाएं खो दी हैं। वर्तमान में खेजड़ी के जीवन को बचाने और उसके विस्तार की कोई दीर्घकालिक नीति नहीं है, जबकि यह पेड़ थार की ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी का मुख्य आधार स्तंभ है।

रेगिस्तान के भयानक सूखे और अकाल में खेजड़ी ही मनुष्य और पशुधन का एकमात्र सहारा बनता है। इसका प्रत्येक भाग थार के जनजीवन को गति देता है। गर्मियों में इसका कच्चा फल 'सांगरी' सब्जी का मुख्य स्रोत है, जो पौष्टिक और स्वादिष्ट होती है। इसे सुखाकर पूरे वर्ष उपयोग किया जा सकता है। सांगरी जब पककर सूख जाती है, तो इसे 'खोखे' कहा जाता है, जिसे इंसान और मवेशी चाव से खाते हैं। इसके पत्ते ऊंट, गाय, भेड़ और बकरी का पसंदीदा चारा हैं। खेजड़ी के एक वृक्ष से सांगरी बेचकर 10 हजार रुपए तक की आय हो सकती है। थार के पारंपरिक जनजीवन में खेजड़ी की लकड़ी का उपयोग कुओं से पानी सींचने के लिए भाण, ऊंट-गधे का जांतरा, बैलों का जुआ, हल की फाल, झोपड़ी के थाम और खूंटियां बनाने में होता है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, एक स्वस्थ खेजड़ी का वृक्ष प्रतिदिन 250 से 500 लीटर तक शुद्ध ऑक्सीजन देता है। इसकी जड़ें 70-80 फीट गहराई तक जाकर नमी को सोखती हैं और नाइट्रोजन स्थिरीकरण के जरिए खेत की मिट्टी को उपजाऊ बनाती हैं।

वर्ष 1983 में राजस्थान के गौरवशाली वृक्ष खेजड़ी को 'राज्य वृक्ष' घोषित किया गया था। यह एक सदाबहार पेड़ है, जो मरुस्थलीय जैव विविधता को आश्रय देता है। यह कई प्रजातियों के पक्षियों का मुख्य बसेरा है। इस पेड़ के नीचे बेकर, झेरणिया, सटाडो और कुरी जैसी घास उगती हैं, जो कम बारिश में भी पनपकर रेगिस्तान के फैलाव को रोकती हैं। खेतों में जहां खेजड़ी होती है, वहां फसल उत्पादन बेहतर रहता है।

मगर आज खेजड़ी का अस्तित्व संकट में है, जिससे थार का पूरा जीवन खतरे में पड़ सकता है। बाड़मेर, जैसलमेर, फलोदी और बीकानेर में स्थापित हो रहे सोलर पार्क, पवन चक्कियों और बिजली की लाइनों के लिए ओरण, गोचर और खेतों की हजारों बीघा सामूहिक जमीन साफ कर दी गई है। एक अनुमान के अनुसार, जैसलमेर में 70-80 हजार बीघा और बाड़मेर के शिव क्षेत्र में आठ-दस हजार बीघा भूमि से खेजड़ी को खत्म कर दिया गया है। इस वृक्ष की अंधाधुंध कटाई के खिलाफ स्थानीय स्तर पर आंदोलन भी हुए हैं।

दूसरी ओर, जलवायु परिवर्तन के कारण थार में अचानक बढ़ी बेमौसम बारिश और नमी से पेड़ों में कवक रोग और कीटों का प्रकोप बढ़ा है। इससे खेजड़ी के तने एवं जड़ें संक्रमित हो रहे हैं और सांगरी का उत्पादन घट रहा है। चिंताजनक बात यह है कि इस बीमारी की रोकथाम के लिए स्थानीय स्तर पर कोई वैज्ञानिक योजना काम नहीं कर रही है।

यदि आर्थिक दृष्टि से देखें, तो मरुस्थलीय क्षेत्र ने सरकार के खजाने को भरपूर राजस्व दिया है। यहां स्थापित कई तरह की परियोजनाओं से करोड़ों रुपए का राजस्व मिल रहा है। सवाल है कि क्या इस राजस्व का कुछ हिस्सा खेजड़ी, रोहिड़ा, कुमट, बोरड़ी और जाल जैसी थार की विशिष्ट वनस्पतियों के संरक्षण पर खर्च नहीं किया जा सकता?

केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान ने 'थार शोभा' जैसी खेजड़ी की उन्नत और जल्दी फल देने वाली किस्म विकसित की है, जिसे खेतों तक युद्धस्तर पर पहुंचाने की जरूरत है। यह किस्म रोपण के तीन साल में ही सांगरी का उत्पादन देने लगती है।

खेजड़ी का जीवनकाल सामान्यतः 150 से 400 वर्ष तक होता है। सरकार को इसकी अवैध कटाई पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाकर इसके नए पेड़ लगाने के लिए विशेष अभियान शुरू करना चाहिए। 'खेजड़ी संरक्षण नीति' तय कर प्रत्येक किसान के खेत, मेड़, ओरण-गोचर और सार्वजनिक जमीन पर खेजड़ी के साथ स्थानीय प्रजातियों (रोहिड़ा, कुमट, बोरड़ी और जाल) के पौधे लगाना अनिवार्य किया जाना चाहिए। इसके लिए विशेष बजटीय प्रावधान हों, खंड स्तर पर नर्सरी बने और फंगल संक्रमण की रोकथाम के लिए कृषि वैज्ञानिकों की देखरेख में व्यापक कार्ययोजना तैयार की जाए। यदि विकास के नाम पर हमने इस कल्पवृक्ष को खो दिया, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए इस मरुधरा पर सांस लेना भी मुश्किल हो जाएगा।

अध्यात्म

## सच की छोटी-सी जीत

आनंदपुर के एक छोटे से प्राइमरी स्कूल में 10 साल का चिराग पढ़ता था। चिराग पढ़ाई में बहुत होशियार और मिज़ाज से बहुत नटखट था। उसकी क्लास टीचर, शर्मा मैडम, सब बच्चों को बहुत प्यार करती थीं। एक दिन शर्मा मैडम क्लास में एक सुंदर कांच का गमला लेकर आईं, जिसमें एक बेहद दुर्लभ और सुंदर फूल लगा हुआ था। मैडम ने बच्चों से कहा, 'बच्चों! यह पौधा बहुत नाजुक है। कोई भी इसके पास जाकर इसे छुएगा नहीं।' हाफ-टाइम के दौरान सारे बच्चे मैदान में खेलने चले गए। चिराग क्लास में ही रहकर अपनी फुटबॉल से हवा में उछाल-उछालकर खेल रहा था।

अचानक, फुटबॉल चिराग के पैर से छिटकी और सीधे जाकर मैडम की मेज पर रखे उस कांच के गमले से टकरा गई! एक तेज़ आवाज़ हुई–छन! और वह सुंदर गमला टूटकर फर्श पर बिखर गया। सुंदर फूल की मिट्टी चारों तरफ फैल गई। चिराग का दिल ज़ोर-ज़ोर से धड़कने लगा। वह घबरा गया! उसने मन ही मन सोचा, 'अगर मैडम को पता चला, तो वे मुझे बहुत डाँटेंगी और शायद मेरे माता-पिता को भी बुला लेंगी। '

तभी उसका दोस्त रोहन भागता हुआ कमरे में आया। टूटा हुआ गमला देखकर रोहन बोला, 'अरे चिराग! यह क्या हुआ? एक काम कर, चुपचाप बाहर आ जा। जब मैडम आएँगी, तो कह देना कि कोई आवारा बिल्ली खिड़की से अंदर आई थी और गमला गिरा दिया।'

चिराग के मन में एक पल के लिए आया कि वह रोहन की बात मान ले। लेकिन फिर उसे अपनी माँ की कही बात याद आई: 'एक झूठ को छिपाने के लिए सौ झूठ बोलने पड़ते हैं, लेकिन सच बोलने वाले का सिर हमेशा गर्व से ऊँचा रहता है।' चिराग का मन रोहन की सलाह को स्वीकार नहीं कर सका। उसके मन में एक भारीपन महसूस होने लगा था।

जब क्लास खत्म होने के बाद शर्मा मैडम कमरे में लौटीं, तो टूटा गमला देखकर दुखी हो गईं। उन्होंने गंभीर होकर पूछा, 'यह गमला किसने तोड़ा?' पूरी क्लास में सन्नाटा छा गया। रोहन ने चिराग को आँख से इशारा किया कि वह चुप रहे। लेकिन चिराग अपनी जगह से खड़ा हुआ। उसकी टाँगें काँप रही थीं और आँखों में डर के आँसू थे। उसने हिम्मत जुटाई और मैडम के पास जाकर सिर झुकाकर बोला: 'मैडम! यह गलती मुझसे हुई है। मैं क्लास में फुटबॉल से खेल रहा था। मेरा इरादा गमला तोड़ने का बिल्कुल नहीं था, पर मुझसे बहुत बड़ी भूल हो गई। आप मुझे जो भी सज़ा देंगी, मैं सहने को तैयार हूँ। '

# आत्म-खोज और मानसिक शांति का माध्यम है एकांत

**भारतीय दर्शन में कहा गया है कि मनुष्य अकेला ही इस संसार में आता है और अकेला ही जाता है। यह जीवन का अंतिम सत्य है। जब हम इस सत्य को स्वीकार कर लेते हैं, तो अकेलेपन का डर समाप्त हो जाता है और उसकी जगह एक शाश्वत आनंद ले लेता है। ऐसे समय में, स्वेच्छा से अकेलेपन को चुनना एक क्रांति की तरह है। अपने फोन को बंद करके, कुछ घंटे अपने साथ बिताना, किताबें पढ़ना, अपनी भावनाओं को डायरी में लिखना या बस चुपचाप बैठना- यह सब हमारे मानसिक स्वास्थ्य के लिए संजीवनी की तरह है। अकेलेपन का सौंदर्य इस बात में नहीं है कि हम दुनिया से कट जाएं या समाज से दूरी बना लें। इसका सौंदर्य इस बात में है कि हम दुनिया के बीच रहते हुए भी अपने भीतर एक शांत कोना बनाकर रखें। अकेलापन कोई सजा नहीं है, अगर हम सही संगति में हैं, और हमारी सबसे अच्छी संगति हम खुद हैं।**

**गिरीश पंकज**

कभी कहीं पढ़ा था कि एकांत वह स्थान है, जहां आत्मा खुद से मिलती है और अकेलापन वह कला है जहां इंसान खुद को पाना सीखता है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी, शोर-शराबे और सोशल मीडिया की अति-सक्रियता के बीच 'अकेलापन' एक ऐसा शब्द बन गया है, जिसे अक्सर नकारात्मक दृष्टिकोण से देखा जाता है। समाज में आमतौर पर माना जाता है कि जो व्यक्ति अकेला है, वह उदास है, निराश है या किसी मानसिक तनाव से गुजर रहा है। मगर क्या वास्तव में ऐसा है? दर्शनशास्त्र, साहित्य और अध्यात्म की दृष्टि से देखें, तो अकेलापन केवल एक स्थिति नहीं, बल्कि एक गहरा अनुभव है। जब हम 'अकेलेपन के डर' से बाहर निकलकर इसे स्वीकार करना सीख जाते हैं, तब इसका असली सौंदर्य प्रकट होता है। अकेलापन यदि मजबूरी हो, तो अभिशाप लग सकता है, लेकिन अगर इसे स्वेच्छा से अपनाया जाए, तो यह जीवन का सबसे सुंदर उपहार बन जाता है।

अकेलेपन के सौंदर्य को समझने से पहले 'अकेलेपन' और 'एकांत' के बारीक अंतर को समझना आवश्यक है। अकेलापन एक भावना है, जिसमें व्यक्ति दूसरों की कमी महसूस करता है। यह भीड़ में भी महसूस हो सकता है। यह अलगाव और खालीपन की भावना पैदा करता है। एकांत स्वयं के साथ होने की एक सुखद अवस्था है। यहां व्यक्ति किसी की कमी महसूस नहीं करता, बल्कि अपनी उपस्थिति का आनंद लेता है। जब हम अकेलेपन को नकारात्मकता के चश्मे से देखना बंद करते हैं, तो वही अकेलापन 'एकांत' के सौंदर्य में रूपांतरित हो जाता है। भीड़ में हम अक्सर दूसरों की आवाजें सुनते हैं, दूसरों की राय पर चलते हैं और समाज के तय किए गए मापदंडों के अनुसार जीने लगते हैं। अकेलेपन के क्षणों में, बाहर का शोर शांत हो जाता है और अंदर की आवाज सुनाई देने लगती है।

अकेलापन हमें खुद से परिचित कराता है। यह हमें अपनी ताकत, कमजोरियों, हमारे सपनों और हमारी इच्छाओं का अहसास कराता है। जब कोई दूसरा हमें प्रभावित करने वाला नहीं होता, तब हम वही होते हैं, जो वास्तव में हैं, बिना किसी नकाब के, बिना किसी दिखावे के। जब दिमाग बाहरी विकर्षणों से मुक्त होता है, तो कल्पना की सीमाएं टूट जाती हैं। अकेलापन मन को गहराई में उतरने का अवसर देता है, जहां से नए विचार और रचनात्मकता के मोती निकलकर बाहर आते हैं। हमारी इंद्रियां दिन भर सूचनाओं, ध्वनियों और दृश्य विकर्षणों से घिरी रहती हैं। जैसे मोबाइल फोन को चार्ज करने की आवश्यकता होती है, वैसे ही इंसान के मन और मस्तिष्क को भी 'रिचार्ज' होने के लिए शांति की आवश्यकता होती है।



अकेलेपन का सौंदर्य इस बात में निहित है कि यह हमारे मन को विश्राम देता है। किसी शांत कमरे में बैठकर चाय की चुस्की लेना, खिड़की से बाहर गिरती बारिश की बूंदों को देखना या सिर्फ अपनी सांसों पर ध्यान केंद्रित करना- ये छोटे-छोटे क्षण मन के तनाव को मिटा देते हैं और एक असीम शांति का अहसास कराते हैं। जब हम लोगों के साथ होते हैं, तो हमारा ध्यान संवादों और सामाजिक शिष्टाचारों पर होता है, लेकिन जब हम अकेले प्रकृति के बीच होते हैं, तब हम वास्तव में प्रकृति का हिस्सा बन जाते हैं।

अकेले में किसी जंगल की पगडंडी पर चलना, बहती नदी की कल-कल सुनना, या रात के अंधेरे में तारों से भरे आसमान को देखना एक अलौकिक अनुभव होता है। प्रकृति का सौंदर्य तब और निखर कर सामने आता है, जब उसे महसूस करने के लिए हमारे और उसके बीच कोई तीसरा न हो। यह अकेलापन इंसान को ब्रह्मांड की विशालता और अपनी सूक्ष्मता का अहसास कराता है। अकेलापन व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाता है। जब हम अकेले रहना सीख जाते हैं, तो हमारी खुशी किसी दूसरे व्यक्ति, वस्तु या परिस्थिति पर निर्भर नहीं रहती। आप क्या खाना चाहते हैं या कहां जाना चाहते हैं, इसके लिए आपको किसी की अनुमति या सहमति की आवश्यकता नहीं होती। जो व्यक्ति अपने अकेलेपन से प्यार करता है, उसे कोई भावनात्मक रूप से कमजोर नहीं कर सकता। वह अपनी खुशी का मालिक खुद होता है। अध्यात्म में अकेलेपन को मोक्ष या परम सत्य की प्राप्ति का पहला कदम माना गया है।

भारतीय दर्शन में कहा गया है कि मनुष्य अकेला ही इस संसार में आता है और अकेला ही जाता है। यह जीवन का अंतिम सत्य है। जब हम इस सत्य को स्वीकार कर लेते हैं, तो अकेलेपन का डर समाप्त हो जाता है और उसकी जगह एक शाश्वत आनंद ले लेता है। ऐसे समय में, स्वेच्छा से अकेलेपन को चुनना एक क्रांति की तरह है। अपने फोन को बंद करके, कुछ घंटे अपने साथ बिताना, किताबें पढ़ना, अपनी भावनाओं को डायरी में लिखना या बस चुपचाप बैठना- यह सब हमारे मानसिक स्वास्थ्य के लिए संजीवनी की तरह है। अकेलेपन का सौंदर्य इस बात में नहीं है कि हम दुनिया से कट जाएं या समाज से दूरी बना लें। इसका सौंदर्य इस बात में है कि हम दुनिया के बीच रहते हुए भी अपने भीतर एक शांत कोना बनाकर रखें। अकेलापन कोई सजा नहीं है, अगर हम सही संगति में हैं, और हमारी सबसे अच्छी संगति हम खुद हैं। जब हम खुद से दोस्ती कर लेते हैं, तो अकेलापन कभी भयावह नहीं लगता, बल्कि वह एक ऐसा संगीत बन जाता है, जिसे केवल हमारा हृदय सुन सकता है। इसलिए अकेलेपन से भागने के बजाय कभी-कभी इसका स्वागत करना चाहिए। शांत होकर बैठना चाहिए, खुद की बात सुननी चाहिए और इस खूबसूरत अहसास को महसूस करना चाहिए, क्योंकि एकांत के इसी सौंदर्य में जीवन का सबसे गहरा रहस्य छिपा है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
जीवनसाथी आपका मनोबल बढ़ायेगा। आज आपको सोच-समझकर ही धन खर्च करना चाहिये। धन उधार लेना आपको महँगा पड़ सकता है।

**वृषभ**
आज उलझे हुये मामले सुलझ सकते हैं। दूर के रिश्तेदारों से शुभ सूचना मिल सकती है। घर पर काफी आराम का वक्त बितायेंगे।

**मिथुन**
आज आपके सही कार्यों का भी विरोध हो सकता है। लापरवाह रवैये के कारण आपको परेशानी हो सकती है। अपने व्यवहार में नरमी रखें।

**कर्क**
अटके हुये कार्यों में गति आयेगी। युवाओं को नयी नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते है। अपनी प्रतिभा को निखारने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र में नये अनुभवों की प्राप्ति होगी।

**सिंह**
आपके ऊपर सामाजिक उत्तरदायित्व बढ़ सकता है। व्यवसाय में पारदर्शिता रखें। परिजनों के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी।

**कन्या**
आय के नये साधन विकसित करने का प्रयास करें। उधार दिया हुआ धन वापस लौटाने का दबाव बन सकता है। अपने अन्तर्मन की आवाज को अनसुना न करें।

**तुला**
आर्थिक मामलों को लेकर थोड़ी परेशानी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों की बातों से मन व्यथित हो सकता है। दिन उतार-चढ़ाव से भरपूर रहेगा।

**वृश्चिक**
अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर सकते हैं। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी से शानदार सहयोग मिलेगा। शेयर मार्केट से धन लाभ हो सकता है।

**धनु**
आज का दिन काफी शानदार रहेगा। आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। बैंकिंग के क्षेत्र से जुड़े लोगों का तनाव कम होगा। भविष्य की योजनाओं में आप निवेश कर सकते हैं। नये लक्ष्यों को निर्धारित करेंगे।

**मकर**
नजदीकी लोगों का व्यवहार आपको खराब लग सकता है। प्रेमीजन से झगड़ा हो सकता है। परिजनों से अपने मन की बातें साझा करें। आज आप काफी लोगों की मदद कर सकते हैं।

**कुंभ**
आज आपको सोच-समझकर बातें करनी चाहिये। अनावश्यक बोलने के कारण हास्य का पात्र बन सकते हैं। कारोबार में धीमेपन को लेकर थोड़ा चिन्तित हो सकते हैं।

**मीन**
कार्यक्षेत्र में आय में वृद्धि होगी। कई दिनों से अटके हुये मामलों को लेकर निष्कर्ष पर पहुँच सकते हैं। सरकारी योजनाओं से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### सकसोहरा में फायरिंग, पांच पर केस

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सकसोहरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत दल्लोचक गांव के भोला स्थान के पास वर्चस्व को लेकर कुछ लोगों ने फायरिंग की। इसके बाद दो लोगों को पीटा। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। इस संबंध में राकेश पासवान ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर सुरक्षा की मांग की है। पीड़ित ने बताया कि वह भोला स्थान मंदिर के पास कमोद कुमार के साथ बैठा हुआ था। इसी दौरान जय जन्म पासवान अपने साथियों के साथ पहुंचा और कमोद की पिटाई कर दी इसका उसने विरोध किया। इसके बाद हमलावरों ने देशी कट्टे से फायरिंग शुरू कर दी। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने गांवबदर करने की धमकी दी है। उनका कहना है कि अगर गांव से नहीं निकले तो उनकी गोली मारकर हत्या कर देंगे। पीड़ित और उसका परिवार दहशत में है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है।

### बाइक रेस से लोगों में मचा हड़कंप

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के मेन रोड में सविता सिनेमा के पास रविवार की रात को दो युवको ने अचानक तेज आवाज वाले दो बाइक से रेस शुरू कर दी जिसके कारण दोनों किनारे पर खड़े लोग में हड़कंप मच गया। करीब 2 किलोमीटर तक बाइक रेस और उसकी तेज आवाज से लोग परेशान रहे। हालांकि पुलिस के द्वारा उनकी खोजबीन की गई। लेकिन उनका पता नहीं चल सका।

### हत्या मामले में फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के भदौर थाना क्षेत्र के आदमपुर गांव निवासी विभीषण चौहान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है थाना अध्यक्ष शत्रुघ्न शाह ने बताया कि वर्ष 2025 में अपने गांव में ही एक व्यक्ति की हत्या का प्रयास किया था जिसको लेकर थाना में कांड संख्या 85/ 2025 दर्ज है पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी लेकिन यह फरार चल रहा था आखिरकार रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### गंगा में स्नान करने के दौरान युवक डूबा

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार की सुबह पुरानी पानापुर गंगा घाट पर स्नान करने के उपरांत एक 30 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान पुरानी पानापुर निवासी भागदेव राय के पुत्र सुबोध कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सुबोध कुमार पुराना पानापुर घाट पर स्नान करने गया था। स्नान करने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते डूब गया। डूबने की खबर फैलते ही आसपास के लोग और परिजन घाट पर पहुंचे उन्होंने स्थानीय प्रशासन को भी सूचित किया। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस, एनडीआरएफ एवं गोताखोर की मदद से शव की खोजबीन में जुट गई है।

### टिकट चेकिंग अभियान, 199 बेटिकट यात्री पकड़े गए

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दानापुर मंडल के पटना-गया रेलखंड पर सोमवार की सुबह तारेगना स्टेशन और डुमरी जंक्शन पर चलाए गए सघन टिकट चेकिंग अभियान में 199 बेटिकट और अनियमित टिकट



यात्री पकड़े गए। इनसे जुमार्ने के रूप में 1,10755 हजार रुपये रेल राजस्व वसूला गया।वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ के निर्देश पर सहायक वाणिज्य प्रबंधक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में यह अभियान सुबह 6 से 10 बजे तक चलाया गया। इसके लिए वाणिज्य विभाग की 19 टीटीई की टीम और RPF की संयुक्त टीम ने विशेष टिकट चेकिंग स्पेशल ट्रेन 'लाल गाड़ी' के साथ जटडुमरी स्टेशन पर जांच की। अभियान का असर पूरे रेलखंड पर दिखा। परसा बाजार, पुनपुन घाट, जटडुमरी, तारेगना, जहानाबाद समेत सभी स्टेशनों के टिकट काउंटरों पर यात्रियों की भीड़ बढ़ गई। हर स्टेशन पर टिकट बिक्री में प्रत्यक्ष वृद्धि दर्ज की गई। रेल प्रशासन ने बताया कि बिना टिकट और अनियमित यात्रा के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। टिकट चेकिंग कि शुरूआत तारेगना से पटना सिंगरौली पलामू एक्सप्रेस ट्रेन से शुरू की गई, उसके बाद 63241 से लेकर तकरीबन 8 से 10 जोड़ी ट्रेनों में जटडुमरी जंक्शन पर चार घंटे तक सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाई गई।बहरहाल दानापुर मंडल ने यात्रियों से अपील की है कि वे हमेशा वैध टिकट लेकर उचित श्रेणी में ही यात्रा करें और भारतीय रेल की सेवाओं का लाभ उठाएं।

### भैंस को लेकर विवाद में मारपीट, 6 राउंड फायरिंग

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र के मोगलानीचक गांव में बिते शाम भैंस खोलने को लेकर हुए विवाद में फायरिंग और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता संजू देवी ने पुलिस को लिखित आवेदन देकर 3 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता संजू देवी, उम्र 48 वर्ष, पति सुरेश कुमार सिंह, निवासी मोगलानीचक ने बताया कि शाम करीब 5:30 बजे वह घर के दरवाजे पर बैठी थी। इसी दौरान गांव के ही रंजीत प्रसाद, उम्र 45 वर्ष, पिता शिव प्रसाद और उनके दो बेटे रवि प्रसाद, उम्र 32 वर्ष व कौशल प्रसाद, उम्र 28 वर्ष उनके घर पहुंचे और दरवाजे पर बंधी भैंस को खोलने लगे। मना करने पर तीनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट करने लगे। शोर सुनकर बचाव में भतीजी अनीशा भारती, उम्र 22 वर्ष आई तो रंजीत प्रसाद ने कमर से देशी कट्टा निकालकर हवा में 5-6 राउंड फायरिंग कर दी। एक गोली घर की दीवार में जा लगी जिसका अगला हिस्सा वहीं मिला। पीड़िता का आरोप है कि आसपास के लोगों को आता देख आरोपी भैंस को थोड़ी दूर ले जाकर छोड़कर फरार हो गए।संजू देवी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ पहले भी 03.07.2026 को धनरुआ थाना में लिखित आवेदन दिया गया था और मामला न्यायालय में भी चल रहा है। घटना के बाद बरामद गोली का अगला हिस्सा पुलिस को सौंप दिया गया है।धनरुआ थाना पुलिस ने आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है और फायरिंग में प्रयुक्त हथियार की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### फायरिंग, चेन और 5370 रुपये लूटे, 4 पर केस दर्ज

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के रेडबिगहा गांव में दोपहर आपसी बंटवारे को लेकर बैठी पंचायती के दौरान मारपीट, फायरिंग और लूट की घटना सामने आई है। पीड़ित अनिल कुमार ने पुलिस को आवेदन देकर 4 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है।पीड़ित अनिल कुमार, पिता राम जन्म प्रसाद, निवासी रेडविघा ने बताया कि 09.08.2026 को दोपहर करीब 2:00 बजे दादा के परिवार के आपसी बंटवारे के लिए पंचायती बैठाई गई थी। इसी दौरान चचेरे दादा के पोता पप्पू कुमार पिता स्व. राजनंदन प्रसाद उर्फ मांझी दास ने जान मारने की नीयत से उन पर पिस्तौल तान दी और फायर कर दिया। गनीमत रही कि पिस्टल चटक गया और वह बाल-बाल बच गए। आरोप है कि इसके बाद पप्पू कुमार, उनके बेटे रविरंजन कुमार, रंजन कुमार और पप्पू की पत्नी ने अनिल कुमार और उनके बेटे संजीव कुमार के साथ मारपीट शुरू कर दी। हमलावरों ने अनिल कुमार के गले से सोने की चेन और जेब से 5370 रुपये नकद छीन लिए। संजीव कुमार को सड़क पर पटक कर पीटा गया। पीड़ित का कहना है कि मारपीट में उनके पूरे शरीर में दर्द है और आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। शोर सुनकर ग्रामीण इकट्ठा हुए और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस ने पीड़ित के आवेदन के आधार पर मारपीट, लूट, फायरिंग और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आह्वान फाउंडेशन ने 500 से अधिक किसानों को बांटी कृषि सामग्री

**आत्मनिर्भर खेती की ओर बढ़ाया कदम, सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव एवं विधान परिषद नीरज कुमार कार्यक्रम मे हुए शामिल**







**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** किसानों को आधुनिक संसाधनों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आह्वान फाउंडेशन द्वारा धनरुआ के बड़ीहा में कृषि उपयोगी सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 500 से अधिक किसानों को स्प्रे मशीन, जैविक खाद और अन्य कृषि सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता फाउंडेशन के संस्थापक ब्रजकिशोर प्रधान ने की। उन्होंने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था और खाद्य सुरक्षा की रीढ़ हैं। समय पर संसाधन और तकनीक उपलब्ध कराकर किसानों की आय बढ़ाई जा सकती है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है। फाउंडेशन का उद्देश्य केवल सहायता देना नहीं, बल्कि किसानों को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस तरह के कार्यक्रम अन्य क्षेत्रों में भी चलाए जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव ने फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि किसानों तक कृषि संसाधन पहुंचाना ग्रामीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।विशिष्ट अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य नीरज कुमार और पूर्व धार्मिक न्यास परिषद अध्यक्ष उपेन्द्र नारायण विद्यार्थी उपस्थित रहे।इस अवसर पर पटना जिला जदयू अध्यक्ष अशोक कुमार, भाजपा पटना ग्रामीण अध्यक्ष रजनीश कुमार, धनरुआ के पूर्व प्रमुख राज किशोर प्रसाद, बीस सूत्री अध्यक्ष वेद प्रकाश, समाजसेवी सत्येन्द्र सिंह, पैक्स अध्यक्ष मुकेश कुमार, पूर्व सरपंच आरती सिंह, जदयू प्रदेश सचिव रविन्द्र पटेल, मसौढ़ी नगर परिषद के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि शम्भु सिंह, जदयू जिलाध्यक्ष ललन आजाद और धनरुआ मुखिया रानी कुमारी समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।कार्यक्रम के संयोजक शत्रुध्न सिंह और कुमुद सिंह रहे। बाबलू कुमार ने भी आयोजन में सहयोग किया। लाभान्वित किसानों ने फाउंडेशन का आभार जताते हुए कहा कि स्प्रे मशीन और जैविक खाद से उनकी खेती आसान होगी और लागत भी कम होगी।

# मोकामाघाट में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सीआरपीएफ में पीटीएम का सफल आयोजन

**बच्चों के सर्वांगीण विकास पर हुई चर्चा**





**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सीआरपीएफ, मोकामाघाट में आज अभिभावक-शिक्षक पीटीएम बैठक का सफल आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार जैसवारा एवं नवीन कुमार झा के सान्निध्य में आयोजित इस बैठक का संचालन परीक्षा प्रभारी अनुराधा, रनविजय कुमार, सुनील एवं मीडिया प्रभारी मृत्युंजय कुमार की देखरेख में किया गया। जिसमें कक्षा 1 से 12 तक के सभी कक्षाध्यापकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। बैठक में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने उत्साह के साथ भाग लिया। अभिभावकों ने शिक्षकों के साथ अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन और व्यक्तित्व विकास को लेकर सार्थक संवाद किया और विद्यालय की गतिविधियों को और बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों के सभी सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए उनके उचित अनुपालन का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्राचार्य सुनील कुमार जैसवारा ने कहा कि, बच्चों का सर्वांगीण विकास केवल शिक्षकों या केवल अभिभावकों के प्रयास से संभव नहीं है। यह दोनों के संयुक्त प्रयास और आपसी समन्वय से ही संभव है। जब विद्यालय और परिवार मिलकर काम करते हैं, तभी विद्यार्थियों को सही दिशा मिलती है। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना और विद्यार्थियों की प्रगति के लिए एक साझा मंच उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विद्यालय परिवार ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

## अस्थि विसर्जन करने गये बेटे की गंगा में डूबने से मौत

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा थाना क्षेत्र के मोकामा घाट पर सोमवार को गंगा नदी में स्नान के दौरान एक 45 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान झाझा वार्ड नंबर- 22 निवासी स्व. परमेश्वर प्रसाद बर्णवाल के पुत्र संटू कुमार (45) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार संटू कुमार अपनी माँ स्व. पार्वती देवी की मृत्यु के बाद उनका अस्थि विसर्जन करने के लिए अपने बहनोई चंद्रकिशोर बर्णवाल के साथ मोकामा घाट स्थित पवित्र गंगा नदी पर आए थे। अस्थि विसर्जन के बाद वे गंगा में स्नान कर रहे थे, तभी गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। घाट पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें किसी तरह पानी से बाहर निकाला और तुरंत ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।

# हत्या के दो मामलों में फरार वारंटी को कादिरगंज पुलिस ने घर से दबोचा



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कादिरगंज थाना पुलिस ने दो अलग-अलग हत्या के मामलों में करीब 20 साल से फरार चल रहे नामजद वारंटी कपिल यादव को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी कपिल यादव, पिता रामदेव यादव, निवासी पकौडा का रहने वाला है।कादिगंज थाना अध्यक्ष ने बताया कि कपिल यादव के खिलाफ दो हत्या के केस दर्ज हैं। पहला मामला वर्ष 2006 का है। 23 अक्टूबर 2006 को खगडिया नेतौल निवासी दिनेश यादव उर्फ दारा सिंह बाजार से घर लौट रहे थे। इसी दौरान बीच बाजार में कपिल यादव ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी। इस मामले में कादिरगंज थाना कांड संख्या 203/2006 दर्ज है। इसमें कुल 6 लोग नामजद थे। दूसरा मामला 28 अक्टूबर 2005 का है। इसमें विनय प्रसाद यादव, पिता रामाश्रय प्रसाद यादव की हत्या हुई थी। इस हत्याकांड में भी कपिल यादव अप्राथमिक अभियुक्त था।दोनों मामलों में फरार चल रहे कपिल यादव को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर घर से गिरफ्तार किया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि आरोपी का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है।

# उमानाथ में भीड़ का फायदा उठाते हुए बदमाश श्रद्धालुओं के गले से लॉकेट और चेन लेकर फरार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के उमानाथ में दूसरी सोमवारी के दिन जल चढ़ाने वाले श्रद्धालुओं से भीड़ का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व दो महिलाओं के गले से चैन और लॉकेट झपटकर फरार हो गए। हालांकि प्रशासन उमानाथ मंदिर के पास मुस्तैद है, उसके बाद बदमाशो ने इस तरह की घटना को अंजाम दिया। हालांकि सुरक्षा के दृष्टिकोण से मंदिर परिसर एवं मंदिर में सीसीटीवी कैमरे भी लगा दिये गए हैं, जिसे खंगाले जाने पर बदमाश पकड़े भी जा सकते हैं। पीड़ित उदय प्रसाद ने बताया कि गुलाब बाग से मेरी पत्नी गंगा स्नान करने के लिए सुबह 5 बजे आई थी। जब वह जल चढ़ाने के लिए मंदिर में घुसी तो, इस दौरान बदमाशो द्वारा गले से सोने का जितिया का लॉकेट निकाल लिया गया। वहीं कोंदी से गंगा स्नान करने आई नीलू कुमारी ने बताया कि



सुबह 8 बजे गंगा स्नान करने के बाद जल चढ़ाने के लिए मंदिर में गई, तो किसी के द्वारा गले से चेन निकाल लिया गया। उन्होंने बताया कि चैन लगभग 1 भर सोने का था, जिसकी कीमत करीब एक से डेढ़ लाख है। हालांकि बाढ़ थानाध्यक्ष ब्रजकिशोर सिंह ने बताया कि अभी दोनों पीड़ितों में से किसी के द्वारा भी बाढ़ थाना में आवेदन नहीं दिया गया है। शिकायत मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## घर में घुसकर महिला वार्ड सदस्य के साथ मारपीट

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र के बुधरामचक गांव में एक घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज और लूटपाट की घटना सामने आई है। पीड़ित पभेडा पंचायत के वार्ड नंबर 12 के वार्ड सदस्य हैं।पिडिता गौरी देवी पति कमलेश कुमार ने पुलिस को आवेदन देकर 4 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पीड़िता के शाम करीब 7 बजे नरेश प्रसाद पिता इंद्र प्रसाद, सिकंदर एवं चंदन, पिता नरेश प्रसाद यादव,, लीला देवी पति नरेश प्रसाद सभी निवासी बुधरामचक उनके घर आए और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि सभी के हाथ में डंडा और हथियार थे। आरोपियों ने पीड़िता के साथ मारपीट की। हमले में उनका बायां हाथ की कलाई टूट गई और सिर के बाल पकड़कर खींचे गए। इसी दौरान आरोपियों ने गले से सोने की चेन, नकद लूट लिए और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

# मसौढ़ी में जीविका दीदियां बना रहीं राष्ट्रध्वज, 'हर घर तिरंगा' अभियान को दे रहीं मजबूती



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वतंत्रता दिवस-2026 और 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 09 से 17 अगस्त तक चल रहे 'हर घर तिरंगा अभियान' में मसौढ़ी की जीविका दीदियां अहम भूमिका निभा रही हैं। अनुमंडल पदाधिकारी धनराज कुमार के निर्देश पर जीविका समूहों से जुड़ी महिलाएं राष्ट्रीय ध्वज तैयार करने में जुटी हैं।जीविका दीदियां पूरे उत्साह और समर्पण के साथ कटाई और सिलाई का कार्य सामूहिक रूप से कर रही हैं। राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा और निर्धारित मानकों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। मसौढ़ी प्रखंड में कुल 3700 राष्ट्रीय ध्वज बनाए जा रहे हैं। प्रखंड जीविकोपार्जन पदाधिकारी दिग्विजय नारायण समदर्शी ने बताया कि 3 जीविका सेंटरों पर युद्ध स्तर पर तिरंगा झंडा तैयार किया जा रहा है। जीविका दीदियों का कहना है कि राष्ट्रीय पर्व के लिए तिरंगा तैयार करना उनके लिए रोजगार के साथ-साथ गौरव और सम्मान का विषय है। उनके हाथों से बने प्रत्येक तिरंगे से स्वतंत्रता दिवस पर घर-घर राष्ट्रभक्ति का संदेश पहुंचेगा।जिला प्रशासन का मानना है कि इस पहल से महिलाओं को रोजगार और आत्मनिर्भरता का अवसर मिल रहा है, साथ ही राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी भी बढ़ रही है। जिलाधिकारी के निर्देश पर इस अभियान को सरकारी कार्यक्रम से आगे बढ़ाकर जन-आंदोलन का रूप देने की तैयारी है। प्रशासन ने 12 अगस्त तक अभियान में सक्रिय भागीदारी करने और अपने घरों, प्रतिष्ठानों व संस्थानों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने की अपील की है।प्रखंड में आगामी 12 अगस्त को तिरंगा यात्रा कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

# मोकामा में पुलिस कार्रवाई के खिलाफ हंगामा, नगर परिषद कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अवैध हथियार और शराब बरामदगी मामले में नगर परिषद के गार्ड रंजन कुमार की गिरफ्तारी के विरोध में सोमवार को मोकामा नगर परिषद के कर्मचारी सड़क पर उतर आए। बीजेपी नगर अध्यक्ष राहुल रंजन के नेतृत्व में कर्मचारियों ने पुलिस कार्रवाई के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और नगर परिषद कार्यालय के मुख्य गेट पर ताला जड़ कर कामकाज पूरी तरह ठप कर दिया।जानकारी के अनुसार, 7 जुलाई को





चिंतामणि चक टीओपी प्रभारी राजेश कुमार ने रंजन कुमार के चिंतामणि चक स्थित घर पर छापेमारी की थी। परिजनों के अनुसार नए घर से कुछ बरामद नहीं हुआ, लेकिन पुलिस ने उनके एक बंद पड़े पुराने घर से एक सफेद झोले में 20 टेट्रा पैक शराब, एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद होने का दावा किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए रविवार को बाढ़ के एसडीपीओ ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल की जांच की।रंजन कुमार नगर परिषद में गार्ड की ड्यूटी करते हैं। उनकी गिरफ्तारी के बाद से ही स्थानीय लोगों और नगर परिषद कर्मचारियों में नाराजगी है।सोमवार सुबह सभी कर्मचारियों ने हाथों में काला बिल्ला बांधकर नगर परिषद से थाना चौक बाजार होते हुए प्रदर्शन किया और नगर परिषद अध्यक्ष निलेश कुमार माधव के आवास तक गए। प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों ने सभापति को ज्ञापन सौंपकर रंजन कुमार की रिहाई की मांग की।प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों का आरोप है कि रंजन कुमार को साजिश के तहत झूठे मामले में फंसाया गया है।

## मोकामा में नगर परिषद गार्ड की गिरफ्तारी से हंगामा, चर्चित डबल मर्डर से जुड़ा है पुराना नाता

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अवैध हथियार और शराब बरामदगी मामले में नगर परिषद के गार्ड रंजन कुमार की गिरफ्तारी के बाद मोकामा में हंगामा मच गया है। नगर परिषद कर्मी की गिरफ्तारी को लेकर चर्चा तेज है, वहीं उसके आपराधिक इतिहास को लेकर भी नए सवाल उठने लगे हैं।बताया जाता है कि गिरफ्तार गार्ड रंजन कुमार का संबंध साल 2000 में हुए चर्चित साहबेपुर दोहरे हत्याकांड से भी रहा है। जानकारी के अनुसार साल 2000 में साहबेपुर निवासी सियाराम सिंह और उनके भतीजे कुंदन कुमार की राजनीतिक साजिश के तहत हत्या कर दी गई थी। इस सनसनीखेज चाचा-भतीजा दोहरे हत्याकांड ने उस समय पूरे इलाके में सनसनी फैला दी थी। मामले में कुल 21 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया था।इस कांड में रंजन कुमार को भी आरोपी बनाया गया था और वह जेल भी जा चुका है। हालांकि बाद में न्यायालय ने साक्ष्य के अभाव में सभी आरोपियों को बरी कर दिया था।इधर ताजा मामले में पुलिस ने अवैध हथियार और शराब बरामदगी के आरोप में नगर परिषद गार्ड रंजन कुमार को गिरफ्तार किया है।

# एस.एम.डी. कॉलेज पुनपुन में नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान, एन.सी.सी कैडेट्स ने ली नशे के खिलाफ शपथ



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एस.एम.डी. कॉलेज, पुनपुन में एन.सी.सी इकाई के तत्वावधान में 'नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सहयोग से एन.सी.सी कैडेट्स को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।शपथ के दौरान कैडेट्स ने संकल्प लिया कि वे स्वयं किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ का सेवन नहीं करेंगे और अपने परिवार, मित्रों एवं समाज के लोगों को भी नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करेंगे।महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. मधुरेंद्र ने कहा कि नशा युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने वाली गंभीर सामाजिक समस्या है। युवाओं को नशे से दूर रखकर ही स्वस्थ, शिक्षित और सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। एन.सी.सी कैडेट्स समाज में जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।एन.सी.सी पदाधिकारी लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार ने कहा कि "एनसीसी का उद्देश्य केवल अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास करना ही नहीं, बल्कि कैडेट्स को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना भी है। नशा मुक्ति अभियान के माध्यम से कैडेट्स स्वयं नशे से दूर रहने के साथ-साथ समाज के अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे।

# नदौल और छाता में नए पुलिस ओपी का शुभारंभ,कानून-व्यवस्था होगी मजबूत

**नदौल ओपी के अंतर्गत पांच पंचायतों में विधि व्यवस्था का संधारण**





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी प्रखंड के नदौल और छाता में सोमवार को नए पुलिस आउट पोस्ट का उद्घाटन किया गया। नगर अधीक्षक पूर्वी शैलजा ने फीता काटकर दोनों ओपी का शुभारंभ किया। मौके पर एसडीएम धनराज कुमार भी शामिल रहे, उसके बाद नए आप के परिसर में वृक्षारोपण किया गया,यह पहल पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर की गई है।नदौल ओपी का गठन मसौढ़ी थाना क्षेत्र के दक्षिणी हिस्से के नदौल,रेवां, बेर्रा, तिनेरी और भैसवां पंचायत को मिलाकर किया गया है। यह क्षेत्र पटना-गया राष्ट्रीय राजमार्ग-22 पर स्थित है, जहां वाहनों की लगातार आवाजाही होती है। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात प्रबंधन और कानून-व्यवस्था को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से यहां ओपी स्थापित की गई है। नदौल ओपी की कमान पुलिस अवर निरीक्षक रौशन कुमार को सौंपी गई है। वे पूर्व में मसौढ़ी थाने में पदस्थापित थे।नए छाता ओपी के अंतर्गत शाहाबाद, खरांट ,चरमा और करारिया पंचायत का क्षेत्र शामिल होगा। छाता ओपी का प्रभार पुलिस अवर निरीक्षक श्रवण मंडल को दिया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार ओपी के संचालन से क्षेत्र में पुलिस की त्वरित पहुंच सुनिश्चित होगी। इससे अपराध नियंत्रण के साथ आम लोगों को बेहतर और सुलभ पुलिसिंग का लाभ मिलेगा।उद्घाटन के बाद सिटी एसपी ने कहा कि ओपी शुरू होने से क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध पर प्रभावी नियंत्रण और सड़क सुरक्षा को मजबूती मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को स्थानीय लोगों के साथ बेहतर समन्वय और संवेदनशीलता से काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस की मौजूदगी बढ़ने से एनएच-22 पर यातायात नियंत्रण और दुर्घटनाओं की रोकथाम में भी मदद मिलेगी।

इस अवसर पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राघव दयाल, थाना अध्यक्ष विवेक भारती, बीडीओ प्रभाकर कुमार धर्मवीर कुमार कार्यपालक दंडाधिकारी समेत अन्य थानों के पुलिस पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकताओं में कृष्ण सिंह, डॉ मंगल ,अरफराज साहिल, संटू यादव, मंटू,अजित उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### डीआरएम कार्यालय सोनपुर में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेल कर्मचारियों के स्वास्थ्य संरक्षण एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज दिनांक 10 अगस्त 2026 को निगरण कार्यालय एवं मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, सोनपुर में एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सकों द्वारा कर्मचारियों की सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ रक्त शर्करा (डायबिटीज), रक्तचाप (हाइपरटेंशन) एवं थायरॉयड संबंधी जांच की गई। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में कुल 80 कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच की गई। चिकित्सकों ने सभीकर्मचारियों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, समय-समय पर स्वास्थ्य जांच एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। जिन कर्मचारियों में नई स्वास्थ्य समस्याएं पाई गई, उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श एवं आगे की जांच हेतु निर्देशित किया गया। सोनपुर मंडल द्वारा समय-समय पर ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते रहे हैं, ताकि रेल कर्मचारी स्वस्थ रहें और अपनी सेवाएं अधिक दक्षता एवं उत्साह के साथ प्रदान कर सकें। मंडल प्रशासन ने इस प्रकार की पहल को कर्मचारियों के कल्याण एवं कार्यस्थल पर स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।



### एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़, 2.7 दिन का औसत बैकलॉग

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी एवं आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। जिला आपूर्ति कार्यालय से प्राप्त अद्यतन रिपोर्ट के अनुसार जिले में आईओसीएल, बीपीसीएल एवं एचपीसीएल की कुल 67 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं। इनमें आईओसीएल की 37, बीपीसीएल की 14 तथा एचपीसीएल की 16 एजेंसियां शामिल हैं। जिले में इन तीनों कंपनियों के कुल 8,06,738 घरेलू एलपीजी उपभोक्ता हैं। इनमें आईओसीएल के 4,46,727, बीपीसीएल के 1,82,685 तथा एचपीसीएल के 1,77,326 घरेलू उपभोक्ता शामिल हैं। 09 अगस्त 2026 तक जिले की गैस एजेंसियों के पास 17,282 सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध था। उक्त तिथि को कुल 13,831 गैस सिलेंडरों की बुकिंग के विरुद्ध 12,943 सिलेंडरों की डिलीवरी की गई। पिछले 60 दिनों के औसत के आधार पर प्रतिदिन लगभग 12,624 सिलेंडरों की डिलीवरी हो रही है तथा जिले में औसत बैकलॉग 2.7 दिन का है।



### रामाशीष चौक बस पड़ाव/टेम्पु स्टैण्ड की बन्दोबस्ती 2.75 करोड़ रुपये में

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी, वैशाली वर्षा सिंह के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा सार्वजनिक संसाधनों के पारदर्शी एवं प्रभावी प्रबंधन तथा राजस्व संग्रहण को प्राथमिकता देते हुए रामाशीष चौक, हाजीपुर स्थित बस पड़ाव/टेम्पु स्टैण्ड की वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए टॉल/चुंगी वसूली हेतु बन्दोबस्ती की प्रक्रिया सफलतापूर्वक सम्पन्न कराई गई। निर्धारित प्रक्रिया के तहत आज 10 अगस्त 2026 को समाहर्ता, वैशाली के कार्यालय प्रकोष्ठ में पूर्वाह्न 11:00 बजे बन्दोबस्ती की द्वितीय तिथि की कार्रवाई आयोजित की गई।वित्तीय वर्ष 2026-27 में दिनांक 01 अगस्त 2026 से 31 मार्च 2027 तक की अवधि के लिए आयोजित इस बन्दोबस्ती में न्यूनतम निर्धारित राशि 70 लाख रुपये रखी गई थी। निर्धारित एवं पारदर्शी प्रक्रिया के तहत कुल तीन डाकवक्ताओं ने बोली में भाग लिया। इनमें श्री अमरेन्द्र कुमार, ग्राम-पोस्ट बिशुनपुर पकड़ी, बेऊर, जिला पटना; आनन्द कुमार, गांधी आश्रम, हाजीपुर, वैशाली तथा दीप नारायण सिंह, ग्राम मजलीसपुर, बिदुपुर शामिल थे।बन्दोबस्ती की प्रक्रिया के दौरान डाकवक्ताओं के बीच कुल 61 राउंड की प्रतिस्पर्धी बोली हुई। लगातार प्रतिस्पर्धी बोली के पश्चात श्री दीप नारायण सिंह द्वारा सर्वाधिक 2 करोड़ 75 लाख रुपये की बोली प्रस्तुत की गई, जिसे निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सर्वाधिक बोली के रूप में स्वीकार किया गया।जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा अपनाई गई इस पारदर्शी एवं प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया से निर्धारित न्यूनतम राशि की तुलना में काफी अधिक राजस्व प्राप्त होना सुनिश्चित हुआ है। इससे जिला प्रशासन के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि होगी तथा सार्वजनिक परिसंपत्तियों से राजस्व प्राप्ति की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायता मिलेगी।




# 19 सूत्री मांग को लेकर मजदूरों किसानों ने निकाला जुलूस

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार को संयुक्त ट्रेड यूनियन एवं संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रव्यापी आवाहन पर शहर के अनवरपुर चौक पर जिले के मजदूर व किसान भारी संख्या में एकत्रीत हुए और वहां से संयुक्त बैनर के तले एक जुलूस निकालकर समाहरणालय गेट तक पहुंचे जहां पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोक दिया फिर वहीं सड़क पर ही प्रदर्शनकारियों का कार्यक्रम एक सभा के रूप में तब्दील हो गया इसके बाद सदर अनुमंडल पदाधिकारी हाजीपुर वहां आए और नेताओं से वार्ता कर उनका मांग पत्र लिया तथा बाद में प्रतिनिधि मंडल को बुलाकर मांगों पर वार्ता करने का आश्वासन दिया तत्पश्चात सभा की कार्रवाई समाप्त की गई। 19 सूत्री मांगों में मुख्य रूप से भारत -अमेरिका व्यापार समझौता रद्द करने ,किसानों के सभी उत्पादों का एमएसपी पर खरीद करने की गारंटी देने, किसान मजदूर का सभी कर्ज माफ करने,चार लेबर कोर्ट को रद्द करने व बीवी ग्राम जी को वापस लेने, मनरेगा को पुन बहाल करने, बिजली का निजीकरण बंद कर स्मार्ट मीटर वापस लेने, वास आवास विहीन गरीबों को पांच-पांच डिसमिल जमीन का पर्चा देने तथा पर्चा धारियों के बेदखली पर रोक लगाने, भीषण महंगाई पर रोक लगाने, तथा पेट्रोलियम और गैस का दाम कम करने, वनाधिकार अधिनियम को लागू करने, महिला दलित एवं कमजोर वर्ग पर जारीअत्याचार पर रोक लगाने तथा दोषियों को सख्त सजा देने, बटाईदार -पटेदार किसान का निबंध करते हुए सभी सरकारी सुविधा मुहैया कराने, ठेका व संविदा एवं आउटसोर्सिंग पर रोक लगाने, रसोईया आशा ममता आंगनबाड़ी को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने तथा न्यूनतम वेतन 26000 रुपया करने, जल जमाव का स्थाई समाधान करने, खाद की किल्लत को खत्म करने एवं कालाबाजारी पर लगाम लगाने, जबरन भूमि अधिग्रहण बंद करने, सभी असंगठित कामगारों का निबंध करने और उन्हें देय सरकारी अनुदान में कन्या विवाह को शामिल करने, वैशाली जिला के महुआ प्रखंड स्थित गोविंदपुर पंचायत के लक्ष्मी नारायणपुर, नारी कला, नारी खुर्द आदि गांव में नया नहर निर्माण प्रक्रिया को रद्द करने व पुराने नहर को चालू करने तथा वैशाली जिला के करीब- करीब सभी प्रखंडों में नीलगाय घोरपरास, बनइया सूअर का तांडव बंद करने की मांगे प्रमुख थी। आज के इस कार्यक्रम का नेतृत्व एक्टू के जिला सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह, सीटू के दीनबंधु प्रसाद, अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के ललित घोष, खेग्रामस के जिला सचिव रामबाबू भगत, खेमऊ के जिला अध्यक्ष शिवजी राम, अखिल भारतीय किसान सभा के कमलेश्वर राय, व एक्टू नेत्री संगीता देवी तथा शीला देवी कर रही थी। इसके अलावा सीटू के वरिष्ठ नेता राजेंद्र पटेल, मनरेगा के पवन कुमार सिंह अखिल भारतीय किसान सभा के रामदेव प्रसाद राय, खेग्रामयु के उपाध्यक्ष रमाशंकर भारती, दसई महतो, हेतु कुमार पासवान, निर्माण मजदूर के नेता सुरेंद्र सिंह बच्चा बाबू, खेग्रामस के रामबाबू पासवान, खेमयु के शिवजी चौधरी, हरिंदर पासवान, मंजू देवी ब्रह्मानंद राय फुलदेव राय और राजेश राय इत्यादि की भागीदारी रही।




## एमजीसीयू के अंग्रेजी विभाग के 13 विद्यार्थियों का बीएसयूएससी में सहायक प्राध्यापक पद पर चयन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विवि (एमजीसीयू), मोतिहारी के अंग्रेजी विभाग के विद्यार्थियों एवं पूर्व विद्यार्थियों ने बिहार राज्य विवि सेवा आयोग द्वारा हाल ही में आयोजित अंग्रेजी विषय में सहायक प्राध्यापक पदों की भर्ती प्रक्रिया में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। इन चयनित अभ्यर्थियों की सफलता विभाग की अकादमिक उत्कृष्टता और निरंतर प्रयासों को प्रतिबिंबित करती है। चयनित अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के विभिन्न अकादमिक स्तरों और बैचों का प्रतिनिधित्व करते हैं। पीएच.डी. उपाधि प्राप्त चयनित अभ्यर्थियों में डॉ. महिमा कश्यप, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. रितेश कुमार सिंह और डॉ. राहुल मिश्रा शामिल हैं। एम.ए. अंग्रेजी के पूर्व विद्यार्थियों में से ज्योत्सना प्रियम और संदीप कुमार का चयन हुआ है। विभाग के स्नातक स्तर के पूर्व विद्यार्थी सौरभ सिंह, शुभम कुमार और सोनाली कुमारी ने भी सहायक प्राध्यापक पद पर नियुक्ति प्राप्त की है।विभाग को अपने वर्तमान में पंजीकृत शोधार्थियों की सफलता पर भी गर्व है। सुश्री जाह्नवी, सुश्री पल्लवी, श्वेता सिंह और हर्ष आनंद का भी इस प्रतिष्ठित भर्ती प्रक्रिया में सहायक प्राध्यापक पद पर चयन हुआ है। यह उपलब्धि विभाग की अकादमिक उत्कृष्टता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण तथा शोधपरक अधिगम के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। साथ ही, यह उच्च शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सक्षम विद्वानों और शिक्षकों को तैयार करने में विश्वविद्यालय की बढ़ती प्रतिष्ठा को भी दशार्ती है। कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव, विभाग के शिक्षकगण, विद्यार्थियों तथा विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने सफल अभ्यर्थियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल अकादमिक भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभुकों के लिए डीवीटी कार्यक्रम का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के मुख्यमंत्री द्वारा राज्यस्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश की सभी 06 प्रमुख सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की राशि का भुगतान सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों के माध्यम से किया गया। इसी कड़ी में पूर्वी चम्पारण समाहरणालय परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी श्री सौरभ सुमन यादव,सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा एवं अन्य विभागीय कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिले के कुल 4,69,881 सक्रिय पेंशनधारियों के बैंक खातों में माह जुलाई 2026 की कुल 53,42,29,800/- की राशि DBT से हस्तांतरित की गई।

वृद्धजन पेंशन (मुख्यमंत्री वृद्धजन & इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था): कुल लाभार्थीः 3,75,754 कुल राशिः 42,55,88,700 ।

## एक बार पांच लाख रुद्राक्ष शिवलिंग पर जल चढ़ाने या रुद्राभिषेक करने से चार लखरांव का मिलता है फल

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व का पहला पाँच लाख रूद्राक्ष का गोल्ड प्लेटेड शिवा मुखा आकृति का शिवलिंग मनोकामना सिद्ध हनुमान आश्रम में स्थापित है। इस श्रावण मास की दूसरी सोमवारी आज के दिन प्रदोष भी है। यह बहुत ही महत्वपूर्ण है। आज के दिन माताओ को भगवान शिव एवं पार्वती का व्रत रखना चाहिए तथा मंगलवार को मां मंगला गौरी का पूजन करना चाहिए जो मनवांछित फल और अखंड सौभाग्य को देता हैं। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने रुद्राभिषेक और जलाभिषेक किया। यह पहला शिवलिंग है, जिस पर पूजा करने, रूद्राभिषेक करने और जलाभिषेक करने की व्यवस्था की गई है। पिछले पाँच वर्षो में लाखो भक्तो के द्वारा जलाभिषेक पूजा अर्चना की गई है। रूद्राक्ष को साक्षात भगवान शिव का स्वरूप माना गया है। एक बार पाँच लाख रूद्राक्ष के शिवलिंग पर जल चढ़ाने या रूद्राभिषेक करने से चार लखराव के बराबर फल प्राप्त होता है। इस वर्ष का श्रावण मास अद्वितीय है। भगवान शिव की अराधना से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। आचार्य डॉ0 शम्भनाथ सीकरीया द्वारा प्रत्येक सोमवार को श्रावण मास में प्रातः 08 बजे निश्चित समय से निःशुल्क रूद्राभिषेक कराया जाता है। जो भी अपनी सामग्री लाना चाहे तो ला सकते है, नही तो यहाँ हरिद्वार का गंगाजल और बेल पत्र उपलब्ध है, जो अपने पंडित से रूद्राभिषेक कराना चाहें तो निःशुल्क स्थान समय आरक्षित करा लें। वर्तमान में जो समय चल रहा है। वह बहुत ही ग्रहो के प्रभाव में है। ऐसे में राष्ट्रहित और अपने हित के लिए श्रद्धापूर्वक सभी से आग्रह है कि ब्रहमचर्य में रहे और भगवान शिव की अराधना करें, माता-बहने व्रत रखे। आप के द्वारा किये गये इस प्रयास से सभी लाभान्वित होंगे।



## स्वर्ण व्यवसायी से हथियार के बल पर लूट, दो किलो चांदी व आठ ग्राम सोना लेकर अपराधी फरार

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के एकमा थाना क्षेत्र में एकमा-परसागढ मुख्य सड़क पर हुस्सेपुर पेट्रोल पंप के समीप सोमवार को दिनदहाड़े अज्ञात नकाबपोश अपराधियों ने हथियार के बल पर एक स्वर्ण व्यवसायी से आभूषण, मोबाइल फोन और बाइक लूट ली। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी रामपुर बिंदालाल, सेंदुवार की ओर फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई लूट की घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। पीड़ित स्वर्ण व्यवसायी संदीप सोनी परसागढ बाजार में आभूषण की दुकान चलाते हैं। उन्होंने पुलिस को दिए लिखित आवेदन में बताया कि वह सोमवार को अपनी बाइक से एकमा से परसा बाजार स्थित अपनी दुकान जा रहे थे। हुस्सेपुर पेट्रोल पंप के समीप सड़क किनारे खड़े दो युवकों ने उनसे लिफ्ट मांगी। उनके कहने पर जैसे ही उन्होंने बाइक रोकी, तभी बाइक सवार दो नकाबपोश अपराधी वहां पहुंच गए। अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर उन्हें अपने कब्जे में ले लिया और उनके पास मौजूद आभूषण, मोबाइल फोन तथा बाइक लूट ली। इसके बाद सभी अपराधी परसा की ओर फरार हो गए। पीड़ित व्यवसायी के अनुसार, अपराधी करीब दो किलो चांदी के आभूषण और आठ ग्राम सोने के आभूषण लेकर फरार हुए। घटना के तत्काल बाद उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही एकमा पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लेने के साथ पीड़ित से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने आसपास के लोगों से भी पूछताछ की। एकमा थानाध्यक्ष रामबालक यादव ने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि अपराधियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जा सके। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना के कुछ ही देर बाद पुलिस ने लूटी गई बाइक और मोबाइल फोन घटनास्थल से कुछ दूरी से बरामद कर लिया, जिसे पीड़ित व्यवसायी को सौंप दिया गया है। हालांकि, लूटे गए सोने-चांदी के आभूषणों की बरामदगी अभी बाकी है। पुलिस अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के साथ लूटे गए आभूषणों की बरामदगी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है। दिनदहाड़े हुई इस घटना के बाद एकमा-परसागढ मुख्य सड़क पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय लोगों में भी चिंता बढ़ गई है।



## विवि अधिनियम को रद्द करने के लिए पाटलिपुत्र विवि में शिक्षक-कर्मचारी मोर्चा का रोषपूर्ण प्रदर्शन

**11 से 25 अगस्त तक रोज आधे घंटे की होगी रोषपूर्ण नारेबाजी**

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रस्तावित विश्वविद्यालय अधिनियम-2026 के जरिए विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों की स्वायत्तता खत्म करने के खिलाफ सोमवार को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय और श्री चंद उदासीन महाविद्यालय, हिलसा सहित पूरे बिहार में शिक्षकों-कर्मचारियों का गुस्सा फूट पड़ा।यूनिवर्सिटी परिसर में प्रदर्शन में प्रो. शैलेश कुमार सिंह, प्रो. रेखा कुमारी, प्रो. राहुल अमृतराज व कई अन्य प्राध्यापकों ने भी अपना रोषपूर्ण भाषण दिया। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय प्रक्षेत्र में संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले हुए प्रदर्शन में शिक्षकों और कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कुलपति प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह, कुलसचिव प्रो. अबू बकर और डीएसडब्ल्यू प्रो. राजीव रंजन भी धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने इस काले कानून को निरस्त करवाने की बात का समर्थन करते हुए कहा कि जो हो रहा है वह गलत है। विश्वविद्यालय की गरिमा से,स्वायत्तता से छेड़छाड़ उचित नहीं है! श्री चंद उदासीन महाविद्यालय, हिलसा कर्मचारी संघ के बैनर तले सभी सदस्यों ने कॉलेज ऑफ कॉमर्स पहुंचकर विरोध दर्ज कराया। दोपहर में कॉलेज ऑफ कॉमर्स से शिक्षकों और कर्मचारियों का प्रोटेस्ट मार्च निकाला गया, जो विश्वविद्यालय पहुंचकर नारेबाजी के साथ समाप्त हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्मचारी संघ के राज्य अध्यक्ष श्री वेंकटेश कुमार ने की। इस अवसर पर महामंत्री रोहित कुमार, क्षेत्र मंत्री दीपक कुमार सिंह, त्रिपुरारी प्रसाद यादव, संजीव कपूर, संजीव कुमार सिंह, भोला सिंह, विनोद कुमार एवं हिलसा इकाई के अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार नयन, सचिव शैलेश कुमार सहित दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे। डॉ. राजीव कुमार नयन ने कहा कि बिहार सरकार ऐसा अधिनियम लाकर विश्वविद्यालय को प्राथमिक विद्यालय बनाना चाहती है। 1972 के एक्ट की गरिमा पर हमला है। अगर सभी प्राध्यापक, कर्मचारी, युवा और छात्र एकजुट हुए तो इस विवादस्पद अधिनियम का निरस्त होने तय है। राज्यपाल से अनुरोध है कि वे इस पर हस्ताक्षर न करें। संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया है। 11 अगस्त से 25 अगस्त 2026 तक बिहार के सभी महाविद्यालयों में रोज दोपहर 1:30 बजे से 2:00 बजे तक आधे घंटे तक बिहार सरकार रोषपूर्ण नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। 5 सितंबर को विद्यार्थियों और अभिभावकों के साथ संवाद कार्यक्रम भी आयोजित होगा।



## पातालेश्वर मंदिर में जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संध्या आरती में लिया भाग

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्रावणी मेला के अवसर पर रविवार की संध्या जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह ( एवं पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा ने हाजीपुर स्थित प्रसिद्ध पातालेश्वर मंदिर पहुंचकर संध्या आरती में श्रद्धापूर्वक भाग लिया और भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया।संध्या आरती में शामिल होने के उपरांत जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मंदिर परिसर एवं आसपास श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश, स्वच्छता, चिकित्सा सुविधा तथा विधि-व्यवस्था का जायजा लिया। डीएम वर्षा सिंह ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। मंदिर परिसर एवं आसपास स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं पर्याप्त रूप से उपलब्ध रहें तथा श्रद्धालुओं के सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। भीड़ की स्थिति पर लगातार नजर रखते हुए आवश्यकता के अनुरूप तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। वहीं, पुलिस अधीक्षक श्री शुभांक मिश्रा ने भी सुरक्षा एवं भीड़ प्रबंधन को लेकर पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम आवागमन एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी करने का निर्देश दिया। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा श्रावणी मेला के दौरान पातालेश्वर मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को लेकर सभी व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की जा रही है।



## गनियारी में कटाव निरोधक कार्य के आंशिक प्रभावित हिस्से की सुरक्षा हेतु बाढ़ नियंत्रक कार्य जारी

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वैशाली जिले के सहदेई बुजुर्ग प्रखंड अंतर्गत गनियारी ग्राम में गंगा नदी के बाएं चैनल के बाएं किनारे पर बाढ़ वर्ष 2026 से पूर्व कराए गए कटाव निरोधक कार्य की स्थिति पर जिला प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है।बाढ़ अवधि के दौरान उक्त कार्य के डाउनस्ट्रीम भाग में लगभग 1500 मीटर की दूरी पर करीब 30 मीटर लंबाई में कराया गया स्लोप कार्य नदी के जल प्रवाह की स्थानीय परिस्थितियों के कारण आंशिक रूप से प्रभावित हुआ है। स्थल पर मुख्य नदी प्रवाह के साथ बैक वाटर एवं जल के भंवर की स्थिति बनने से सीमित क्षेत्र में जल का स्थानीय वेग एवं अशांत प्रवाह बढ़ा, जिसके परिणामस्वरूप एप्रोन एवं स्लोप के आंशिक हिस्से में स्थानीय सेटलमेंट की स्थिति उत्पन्न हुई।स्थिति की जानकारी मिलते ही संबंधित बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, लालगंज द्वारा स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक सुरक्षात्मक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। प्रभावित हिस्से को सुरक्षित करने के लिए बाढ़ संघर्षात्मक कार्य कराया जा रहा है तथा कार्य की सतत निगरानी की जा रही है। संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को नदी के जलस्तर, प्रवाह एवं कटाव की स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखने तथा आवश्यकता के अनुरूप त्वरित एवं प्रभावी सुरक्षात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

## जिला पदाधिकारी ने नगर परिषद हाजीपुर के कंट्रोल रूम का किया उद्घाटन

**24×7 त्वरित सेवा एवं शिकायत समाधान की व्यवस्था**

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्रावणी मेला के अवसर पर कांवरियों एवं श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह तत्पर है। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह ने श्रावणी मेला के दौरान कांवरियों को हर प्रकार की आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह ने नगर परिषद, हाजीपुर के कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, वैशाली श्री शुभांक मिश्रा सहित संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। कंट्रोल रूम के माध्यम से नागरिकों एवं कांवरियों की समस्याओं एवं शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। कंट्रोल रूम को 24.7 नागरिक सेवा, त्वरित समाधान, पारदर्शी व्यवस्था एवं जवाबदेही के सिद्धांत पर संचालित किया जाएगा। श्रावणी मेला के दौरान जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह ने स्वयं कांवरियों के बीच पहुंचकर उनकी सुविधा एवं कुशलक्षेम की जानकारी ली तथा फल, नींबू पानी, ठंडा पेयजल एवं आवश्यक दवाओं का वितरण किया। उन्होंने कांवरियों से बातचीत कर मेला व्यवस्था के संबंध में फीडबैक भी लिया और संबंधित अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल टीम भी उपस्थित रही। मेडिकल टीम द्वारा कांवरियों एवं श्रद्धालुओं को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं तथा जरूरत पड़ने पर प्राथमिक उपचार एवं दवा की सुविधा सुनिश्चित की गई। जिला पदाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को निर्देश दिया कि मेला अवधि के दौरान स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह मुस्तैद रहें और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जाए। हर स्तर पर रहेगी मुकम्मल व्यवस्था।



## सफरी गांव में एक ही रात तीन घरों को चोरी, नकदी, आभूषण समेत लाखों उड़ाया

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण जिले के एकमा थाना क्षेत्र के सफरी गांव में रविवार की देर रात अज्ञात चोरों ने एक ही रात लगातार तीन घरों को निशाना बनाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर एक घर से नकदी, सोने-चांदी के आभूषण, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड और जरूरी दस्तावेज समेत लाखों रुपये का सामान ले गए। वहीं, दूसरे घर से नकदी और बैग चोरी होने की बात सामने आई है। तीसरा घर घटना के समय बंद था, जिसके गृहस्वामी के लौटने के बाद चोरी गए सामान और उसकी कीमत का पता चल सकेगा। एक साथ तीन घरों में चोरी की घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। सफरी गांव निवासी अमर किशोर सिंह के लिखित आवेदन के अनुसार, रविवार की रात करीब 1:15 बजे उन्हें घर में कुछ खटपट और आवाज सुनाई दी। नींद खुलने के बाद वह अपने पुत्र हिमांशु कुमार के साथ बाहर निकले तो चार नकाबपोश चोर भागते दिखाई दिए। शोर मचाने पर सभी चोर मौके से फरार हो गए। घर के अंदर जाने पर दीवान और अलमारी खुली मिली तथा सामान बिखरा पड़ा था। पीड़ित के अनुसार, चोरों ने घर में बाहरी सीढ़ी के रास्ते प्रवेश किया और अलमारी व अन्य सामान को खंगालने के बाद सोने-चांदी के आभूषण तथा करीब पांच हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। चोरी गए आभूषणों में सोने के तीन महावीर जी के लॉकेट, एक जिउतिया, चार चूड़ा, एक मांगटीका, चार जोड़ी कान की झुमकी, एक हार, एक जोड़ी बाजूबंद और एक कमरधनी शामिल हैं। इसके अलावा चोर चांदी की तीन जोड़ी पायल और एक चांदी का नोट भी ले गए। चोरों ने मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पैन कार्ड, वोटर आईडी समेत अन्य जरूरी कागजात भी चोरी कर लिए। पीड़ित के अनुसार चोर घर के पीछे के रास्ते से प्रवेश करने के बाद वारदात को अंजाम देकर फरार हुए। वहीं, पड़ोसी और वार्ड सदस्य अशोक सिंह के घर से करीब पांच हजार रुपये नकद और एक बैग चोरी होने की बात सामने आई है। तीसरा घर महेश सिंह का बताया गया है, जो घटना के समय बंद था। गृहस्वामी के वापस लौटने के बाद ही वहां चोरी गए सामान और उसकी कीमत का सही आकलन हो सकेगा। पीड़ितों के अनुसार चारों चोरों ने चेहरे ढक रखे थे। उनकी संदिग्ध गतिविधियां पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ सीसीटीवी फुटेज की जांच की। थानाध्यक्ष राम बालक यादव ने बताया कि पीड़ित की ओर से थाने में आवेदन दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर चोरों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।



## एक नजर

### खड़ी बाइक गायब, चोरों ने किया हाथ साफ

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज थाना क्षेत्र में बाइक चोरी का मामला सामने आया है। घटना को लेकर स्थानीय निवासी अंकित कुमार, पिता अरुण पासवान, ग्राम औरवां, ने रफीगंज थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के अनुसार अंकित कुमार की बाइक ब्लॉक रोड़ स्थित ओवरब्रिज के पास बीते शाम खड़ी थी। कुछ देर बाद देखा तो बाइक गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित ने थानाध्यक्ष से बाइक बरामद करने और अज्ञात चोर के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। बाइक चोरी की घटना में शामिल लोगों का पता लगाने के लिए पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

### नशे से दूर रहने की छात्रों ने ली शपथ



**अंबा (औरंगाबाद)**। उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरांव में सोमवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, अंबा शाखा की ओर से 'नशा मुक्त भारत अभियान' एवं 'मिशन स्पंदन' के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें वर्ग नवम, दशम एवं 11वीं के छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने और दूसरों को भी नशामुक्ति के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में अंबा शाखा की मुख्य संचालिका बीके बेबी बहन, बीके बबली बहन एवं बीके राव करण सिंह ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके परिवार, आर्थिक स्थिति और सामाजिक प्रतिष्ठा को भी प्रभावित करता है। नई पीढ़ी को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए सामूहिक जागरूकता जरूरी है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनय कुमार गुप्ता ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में सकारात्मक सोच विकसित करते हैं और समाज में नशे के खिलाफ माहौल तैयार करते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले सप्ताह विद्यालय के विद्यार्थियों ने बैरांव गांव में नशामुक्ति रैली निकालने के साथ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को नशा छोड़ने का संदेश दिया था। इसका सकारात्मक असर अब दिखाई देने लगा है। उन्होंने ब्रह्माकुमारीज के सदस्यों का आभार जताते हुए अभियान को आगे भी जारी रखने की अपील की। मौके पर शिक्षक गुप्तेश्वर कुमार, सांसद कुमार राम, अतुल अनुराग, विवेक कुमार, प्रशांत कुमार तिवारी, यतीश पाठक, सुनीता कुमारी, सुनीता कुमारी द्वितीय, प्रीति उषा, कंचन कुशवाहा समेत विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### विभिन्न मामले में पांच गिरफ्तार

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। थानाक्षेत्र के विभिन्न गांव से हसपुरा पुलिस ने एनबीडब्ल्यू वारंट व मारपीट के मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसे न्यायालय में कर सोमवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया की जेल भेजे गये एनबीडब्ल्यू वारंटी में दिलावरपुर के स्व. भोला यादव के पुत्र विजय कुमार, चनहट गांव के चंदन कुमार, मंगल महिया के प्रेम कुमार, चांदी गांव के वीरेन्द्र कुमार सहित मारपीट के मामले में कोईलवां गांव के मोहन सिंह के पुत्र राजु कुमार शामिल है। थानाध्यक्ष ने बताया की हसपुरा पुलिस वारंटियों के खिलाफ गिरफ्तारी अभियान चला रही है। छापामारी अभियान में गिरफ्तारी भी हो रही है।

### दूसरी सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ी भीड़, हर-हर महादेव से गूंजा बिहारशरीफ

**बिहारशरीफ**। सावन की दूसरी सोमवारी पर बिहारशरीफ शहर एवं आसपास के इलाकों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह सूर्योदय से पूर्व ही लोग स्नान कर पूजा की थाली और जलपात्र लेकर शिवालयों की ओर निकल पड़े। धनेश्वर धाम, हिरण्येश्वर धाम, जंगलिया बाबा मंदिर, अभयनाथ मंदिर और सिद्धेश्वरनाथ मंदिर में दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। पूरे दिन मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव', 'बोल बम' और 'ॐ नमः शिवाय' के जयघोष से गुंजायमान रहे। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जल, दूध, गंगाजल, बेलपत्र, धतूरा, भांग और फल-फूल से पूजन व जलाभिषेक किया। कई भक्तों ने महामृत्युंजय मंत्र, शिव चालीसा का पाठ और रुद्राभिषेक कराकर सुख-समृद्धि की कामना की। धनेश्वर धाम और हिरण्येश्वर धाम में कतारबद्ध होकर लोगों ने दर्शन किए, जबकि जंगलिया बाबा मंदिर में पूजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सोमवार को व्रत रखकर संध्या आरती के बाद पारण किया। बच्चों, युवाओं और महिलाओं में पूजा-अर्चना को लेकर विशेष उत्साह देखा गया।

### प्रखंड कार्यान्वयन समिति की बैठक में उठे जनहित के कई मुद्दे

**नगरनौसा**। नगरनौसा प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक अध्यक्ष सतीश चंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सरकारी योजनाओं और स्थानीय जनसमस्याओं पर चर्चा की गई। विधायक हरिनारायण सिंह ने प्रखंड कृषि पदाधिकारी को किसानों को निर्धारित दर पर उर्वरक उपलब्धता सुनिश्चित कराने और कालाबाजारी रोकने के निर्देश दिए। समिति सदस्य चंद्रमणी सिंह ने सर्वे अमीन अभिषेक कुमार पर गलत प्रविष्टि व अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए जांच तथा बीज खरीद की रसीद देने की मांग की। कछियावां पंचायत के दरियापुर में दो वर्षों से आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहने और नल का पानी न पहुंचने का मुद्दा उठा। इसके अलावा प्रखंड मुख्यालय के वार्ड 2, 4 व 7 में पेयजल किल्लत तथा बिशुनपुर एपीएचसी के डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति रद्द करने की मांग रखी गई। सदस्यों ने पैक्स के पास खाद की उपलब्धता व वितरण पर स्पष्ट रिपोर्ट मांगी। उपाध्यक्ष अभय नंदन पांडेय ने बंद मिले पांच उपस्वास्थ्य केंद्रों की निगरानी और आत्मा अध्यक्ष के लिए कार्यालय की मांग की। मौके पर सीओ नेहा कुमारी, बीसीओ राजीव रंजन तिवारी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## चोरी कांड का आरोपित गिरफ्तार



नबिटा संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। पुलिस ने 90000 रुपये चोरी के मामले में अप्राथमिकी आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि नागेन्द्र कुमार वर्मा, साकिन बलीपुर, थाना सिगोड़ी, जिला-पटना के लिखित आवेदन के आधार यह कार्रवाई की गई। प्राथमिकी आवेदन के अनुसार शनिवार को समय 11.00 बजे रात्री में वादी के पीकअप के ड्राईवर सीट के नीचे रखे 90000 हजार रूपये चोरी कर लेने के आरोप में रविवार को राहुल कुमार को गिरफ्तार किया गया। मामले में पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में थाना स्तर से एक एसआईटी का गठन कर गुप्तचर, आसूचना संकलन, एवं तकनीकी अनुसंधान के माध्यम से अप्राथमिकी अभियुक्त राहुल कुमार, साकिन- सादीपुर, थाना बुनियादगंज जिला गयाजी को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि व वर्तमान में दाउदनगर थाना अन्तर्गत फौजी होटल में काम करता है। कार्रवाई करने वाली टीम में पुअनि अनिल कुमार, सअनि भूपेन्द्र सिंह एवं उदय चन्द्र चौधरी तथा सिपाही नितीश कुमार शामिल थे।

## दिव्यांगों के चेहरे पर लौटी मुस्कान, विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने वितरित की ई-ट्राइसाइकिल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। प्रखंड परिसर में सोमवार को दोपहर दिव्यांग लाभार्थियों के बीच ई-ट्राइसाइकिल का वितरण किया गया। रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने आधे दर्जन लाभार्थियों को ई-ट्राइसाइकिल प्रदान की। ट्राइसाइकिल मिलते ही लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दी। ई-ट्राइसाइकिल पाने वालों में पौथू पंचायत के पौथू बाजार निवासी रामानंद साव, ईटार निवासी गुलाबचंद चौधरी, ढोसिला निवासी छोटेलाल, भदूकीकला निवासी लक्ष्मण मालाकार व महेंद्र मालाकार तथा सिहुली पंचायत के खैरा गांव निवासी कविता देवी शामिल है। विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि केंद्र एवं बिहार सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पायदान तक पहुंचाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं, किसानों, युवाओं और दिव्यांगजनों की जरूरतों को ध्यान में रखकर योजनाओं का लाभ दे रही है। प्रखंड में आठ लाभार्थियों की ट्राइसाइकिल स्वीकृति हुई है, जिनमें छह को आज ट्राइसाइकिल दी गई, जबकि दो लाभार्थियों के नहीं पहुंचने के कारण उनकी ट्राइसाइकिल बाद में बीडीओ द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। मौके पर बीडीओ कुमार अश्विनी, अंचलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, बीपीआरओ अमर कुमार, मुखिया युसूफ अली खान, गुड़िया देवी, पंचायत समिति सदस्य मंटू शर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष संतोष साहू, विधायक प्रतिनिधि भोला चौधरी, विधायक प्रतिनिधि उमेश पासवान, सरपंच दयानंद प्रसाद दांगी,हम पार्टी प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार, विनोद राठौर, डाटा ऑपरेटर शिवानी कुमारी, पंचायत सचिव दीपक कुमार, सिद्धि यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों ने की शिव मंदिर की सफाई, दिया स्वच्छता व सेवा का संदेश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)**। बाल विकास विद्यालय, ईटवां-जनतुआ के विद्यार्थियों ने सामाजिक सरोकार की पहल करते हुए जयहिंद तेंदुआ गांव स्थित शिवाला परिसर में सोमवार को स्वच्छता अभियान चलाया। कक्षा छह से दस तक के छात्र-छात्राओं ने श्रमदान कर मंदिर परिसर की साफ-सफाई की और आसपास के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। अभियान में विद्यार्थियों ने मंदिर परिसर से कचरा हटाकर आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ व व्यवस्थित बनाया। शिक्षिका शुमंती, बबीता और कंचन ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। विद्यालय के गार्ड मुनी सिंह ने भी अभियान में सहयोग किया। स्थानीय ग्रामीणों ने विद्यार्थियों की पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।विद्यालय के निदेशक अजय कुमार पाण्डेय ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों में सेवा, नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों की स्वच्छता सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे श्रमदान से बच्चों में जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक बनने के संस्कार विकसित होते हैं।

## टोटो से अंतिम संस्कार में जा रहे दो व्यक्ति घायल, एक रेफर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर**। मदनपुर थाना क्षेत्र के एनएच -19 पर रानी कुआं के समीप सोमवार को औरंगाबाद की ओर से शेरघाटी जा रहा टोटो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया जिसमें दो टोटो सवार व्यक्ति जख्मी हो गए। घटना की सूचना पर पहुंचे दधपी पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि रामसुंदर यादव उर्फ लंबू यादव ने अपनी स्कार्पियो वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक द्वारा प्राथमिक इलाज करने के बाद गिरजा राम को गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान मदनपुर थाना क्षेत्र के झिकटिया निवासी अलखदेव राम के पुत्र गिरजा राम और दूसरे घायल की पहचान गया जिले के शेरघाटी निवासी संजीव चौहान के रुप में की गई है। घायलों ने बताया कि वह किसी रिश्तेदार के यहां अंतिम संस्कार में टोटो से शेरघाटी जा रहें थे। इस बीच हादसे की शिकार हो गए। घटना की जानकारी परिजनों को दी गई और मौके पर परिजन पहुंच इलाज कराने में जुटे गए।

## मंत्री रत्नेश सदा ने प्रतिमा का किया अनावरण

**15 से 20 दिनों में भुगतान होगा शिक्षा सेवकों का वेतन**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर**। बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री रत्नेश सदा मदनपुर प्रखंड क्षेत्र के महुलान पहुंचे। जहां समाजसेवी डॉ रामाशिष सिंह यादव व इंजीनियर अवधेश यादव की मां स्व. पार्वती देवी के प्रतिमा का अनावरण किया। इसके बाद उन्होंने फीता काटकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। आयोजन स्थल पर मौजूद अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री रत्नेश सदा ने कहा कि महुलान गांव आकर उन्हें अपार प्रेम, स्नेह और सम्मान मिला है। इसके लिए उन्होंने सभी ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज में आपसी भाईचारा और एकता बनाए रखना ही मानव का सबसे बड़ा धर्म है। सभी लोगों को मिल-जुलकर समाज और क्षेत्र के विकास में योगदान देना चाहिए। मंत्री रत्नेश सदा ने शिक्षा सेवकों के वेतन भुगतान को लेकर भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा सेवकों के वेतन का भुगतान 15 से 20 दिनों के भीतर सुनिश्चित कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार कर्मचारियों और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए गंभीरता से काम कर रही है। कार्यक्रम का संचालन जदयू के प्रदेश सचिव शिवपूजन यादव ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकार श्रीकांत यादव और सृजानंद पंडित ने शानदार प्रस्तुतियां दी। कलाकारों की प्रस्तुतियों को उपस्थित लोगों ने खूब सराहा और कार्यक्रम स्थल तालियों से गूंजता रहा। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य शंकर यादव, रवीन्द्र कुमार यादव, तुलसी यादव, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि पंकज कुमार सिंह, मुखिया मनोज कुमार चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि रंजीत कुमार यादव, पैक्स अध्यक्ष संजय यादव, सोनु कुमार यादव, जदयू प्रखंड अध्यक्ष लव कुमार सिंह, उदय यादव, रणविजय सिंहसहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## छात्राओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने दिलाई शपथ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)**। सिमरा थाना क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरांव में सोमवार को पुलिस प्रशासन की ओर से लोक संवाद गोष्ठी सह कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कक्षा नौवीं व दसवीं के छात्र-छात्राओं से पुलिस अधिकारियों ने सीधा संवाद कर उन्हें कानून, सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों की जानकारी दी। पु.अ.नि. सोनी कुमारी के नेतृत्व में विद्यार्थियों को महिलाओं का सम्मान करने तथा छात्राओं के प्रति आदर और सुरक्षा की भावना रखने की शपथ दिलाई गई। इसके बाद सोनी कुमारी ने छात्राओं से अलग से संवाद कर उन्हें आत्मरक्षा, किसी अप्रिय स्थिति में तत्काल प्रतिक्रिया देने और अपनी सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने के व्यावहारिक उपाय बताए। पुलिस पदाधिकारी ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन और स्वच्छता की सराहना करते हुए इसे आदर्श विद्यालय के अनुरूप बताया।प्रधानाध्यापक विनय कुमार गुप्ता ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से छात्राओं का मनोबल बढ़ता है और वे निर्भीक होकर विद्यालय आने के लिए प्रेरित होती हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय में भी समय-समय पर सुरक्षा व जागरूकता संबंधी प्रशिक्षण दिए जाते हैं। कार्यक्रम में पु.अ.नि. सोनी कुमारी, महिला सिपाही रीना कुमारी व प्रिया कुमारी, होमगार्ड जवान सूरज कुमार, अमरकांत कुमार, अध्यापक गुप्तेश्वर कुमार, सुनीता कुमारी प्रथम, सुनीता कुमारी द्वितीय, अतुल अनुराग, सांसद कुमार राम, विवेक कुमार, यतीश पाठक, प्रशांत कुमार तिवारी, प्रीति उषा, कंचन कुशवाहा सहित विद्यालय के शिक्षक-कर्मी मौजूद रहे।

## 30 कांवरियों का जत्था बाबा धाम के लिए रवाना



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर**। मदनपुर प्रखंड क्षेत्र के ग्राम खिरियावां से सोमवार को 30 कांवरियों का जत्था पवित्र जल लेकर बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर के लिए श्रद्धापूर्वक रवाना हुआ। यात्रा से पूर्व सभी कांवरियों ने गांव के शिव मंदिर समेत अन्य मंदिरों में पूजा-अर्चना कर बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। इसके बाद ओम नमः शिवाय और बोल बम लिखे बैनर से सजी गाड़ी पर कांवर रख कर यात्रा शुरू की गई। बैनर पर भगवान शिव, माता पार्वती और गणेश की मनोहारी तस्वीरें लगी थी। संघ के मुख्य संयोजक रिशु कुमार ने बताया कि हर वर्ष श्रावण में हम गांव के युवा बाबा के दरबार में हाजिरी लगाने जाते हैं। इस बार भी 30 सदस्य पूरे उत्साह के साथ जा रहे हैं। इस अवसर पर गोलू कुमार, सूरज कुमार सहित संघ के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। स्थानीय लोगों का मानना है कि श्रावण में की गई कांवर यात्रा से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

## लोक अदालत की तैयारियां तेज, वादों के निपटारे पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। 12 सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल एवं प्रभावी बनाने तथा अधिकाधिक सुलहनीय वादों के त्वरित निष्पादन के उद्देश्य से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव रंजन कुमार की अध्यक्षता में अभियोजन पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला अभियोजन पदाधिकारी दीपक कुमार सिन्हा, सहायक अभियोजन पदाधिकारी संजय सिंह सहित अन्य अभियोजन पदाधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही, जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल की भी महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। बैठक में लोक अदालत में अधिकाधिक सुलहनीय एवं समझौते योग्य वादों के निष्पादन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा अभियोजन पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ऐसे सभी वादों को प्राथमिकता के आधार पर चिह्नित किया जाए, जिनका विधि के प्रावधानों के अंतर्गत सुलह अथवा समझौते के माध्यम से निष्पादन किया जा सकता है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने विशेष रूप से निर्देश दिया कि जिन सुलहनीय प्रकृति के वादों में अभी तक आरोप-पत्र समर्पित नहीं किया गया है, उनमें अनावश्यक विलंब न करते हुए संबंधित अनुसंधान पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर यथाशीघ्र आरोप-पत्र समर्पित कराया जाए, ताकि ऐसे मामलों को लोक अदालत में सूचीबद्ध कराकर विधि के अनुरूप उनका त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल ने लोक अदालत की तैयारियों की विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए केवल अधिकाधिक वादों को चिह्नित करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि पक्षकारों तक पहुंच बनाना, उन्हें सुलह एवं समझौते के लाभों से अवगत कराना तथा संबंधित विभागों एवं न्यायालयों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करना भी आवश्यक है।

## 14 अगस्त को निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा, नवादा शहर में होगा भ्रमण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा**। भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित 'हर घर तिरंगा' अभियान एवं तिरंगा यात्रा को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष तेजस सिन्हा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अजित शंकर एवं निवर्तमान भाजयुमो जिलाध्यक्ष अभिजीत कुमार सिन्हा उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष तेजस सिन्हा ने कहा कि तिरंगा भारत की आन, बान और शान का प्रतीक है। 'हर घर तिरंगा' अभियान के माध्यम से देशवासियों में राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्र के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी सक्रियता के साथ कार्य करेंगे। निवर्तमान भाजयुमो जिलाध्यक्ष अभिजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि भाजयुमो के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी, जिसका उद्देश्य युवाओं एवं आम नागरिकों को राष्ट्रभक्ति की भावना से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि देश के वीर स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान को स्मरण करते हुए प्रत्येक नागरिक को इस अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। भाजयुमो द्वारा जिले में व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। भाजयुमो जिलाध्यक्ष अजित शंकर ने बताया कि 14 अगस्त को नवादा शहर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करेगी। उन्होंने बताया कि तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में नवादा सांसद विवेक ठाकुर एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री नितिन अविशेक उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि यात्रा में बड़ी संख्या में युवा, भाजपा कार्यकर्ता एवं राष्ट्रभक्त नागरिक शामिल होंगे। अजित शंकर ने जिलेवासियों एवं युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में तिरंगा यात्रा में शामिल होकर इसे भव्य एवं सफल बनाने की अपील की। इस मौके पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार एवं भाजयुमो महामंत्री विकास कुमार चौधरी उपस्थित रहे।

## नवादा में देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। मॉडर्न चिल्ड्रन स्कूल एवं मॉडर्न पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस, श्रावण मास और रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में न्यू मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय निदेशक डॉ. अनुज सिंह, प्राचार्य सुखदेव प्रसाद सिंह, अरुण कुमार, उपप्राचार्य एकेएस व सीमा कुमारी तथा अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रगान और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। स्वतंत्रता दिवस के तहत बच्चों ने देशभक्ति गीत, नृत्य, भाषण और नाटक के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया। चिल्ड्रन स्कूल की भव्या, निशिका, रूही, अनाया व संजना ग्रुप ने 'ऐ मेरे वतन के लोगों' तथा पब्लिक स्कूल के अयांश, ईशान, गुलशन व रजत ग्रुप ने 'आई लव माय इंडिया' पर नृत्य प्रस्तुत किया। श्रावण मास पर शिव-पार्वती की झांकी, भजन और कजरी गीत पेश किए गए। कृषिका, मायरा, अनाया व सृष्टि ने 'कैसे चढ़ाऊं फूल' भजन प्रस्तुत किया। वहीं रक्षाबंधन पर आधारित प्रस्तुतियों ने भाई-बहन के प्रेम और सामाजिक महत्व को दर्शाया। निदेशक डॉ. अनुज सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास, राष्ट्रीय भावना और सांस्कृतिक सम्मान का विकास होता है। मंच संचालन अंशु, केशव, प्रिया सहित अन्य छात्रों ने किया। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

## अनुग्रह स्कूल में उल्लास के साथ मना 'हर घर तिरंगा' अभियान

**तिरंगा रैली, रंगोली प्रतियोगिता और सामूहिक वंदे मातरम् गायन से गूंजा विद्यालय परिसर**



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में जिलाधिकारी के निर्देशन में 'हर घर तिरंगा' अभियान पूरे उत्साह और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ मनाया जा रहा है। विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने बताया कि 9 से 17 अगस्त 2026 तक आयोजित होने वाले इस अभियान का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता तथा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना को जन-जन तक पहुंचाना है। अभियान के तहत विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विद्यार्थियों के बीच रंगोली प्रतियोगिता, सामूहिक 'वंदे मातरम्' गायन और तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। हाथों में तिरंगा लेकर निकली रैली में विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। पूरा विद्यालय परिसर देशभक्ति के नारों और राष्ट्रीय भावना से सराबोर नजर आया। प्राचार्य ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में राष्ट्रीयता की भावना और मातृभूमि के प्रति प्रेम को बढ़ावा मिलता है। विद्यार्थियों को देश के महापुरुषों के जीवन, संघर्ष और योगदान से परिचित कराने के लिए वर्गवार विशेष परिचर्चा भी कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि 'हर घर तिरंगा' जैसे अभियान बच्चों में राष्ट्र के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

# पात्र लाभुकों तक पहुंचाएं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ : उपायुक्त

## साइकिल वितरण की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय में कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरण, प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति, छात्रावास, आवासीय विद्यालय सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी साथ ही प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत एमपीसी निर्माण की स्थिति की भी जानकारी ली गयी। साइकिल वितरण योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में वर्ग 8 में अध्ययनरत पात्र छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण का कार्य किया जा रहा है। उपायुक्त श्री शेखावत ने शेष पात्र विद्यार्थियों को भी शीघ्र साइकिल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने पर बल दिया कि विद्यार्थियों को वितरित की गयी साइकिलें खुले में या असुरक्षित स्थानों पर नहीं रखी जाएं। उन्होंने कहा कि साइकिल के रख-रखाव के लिए उचित व्यवस्था हो, ताकि बारिश, धूप एवं अन्य कारणों से साइकिल खराब न हो और विद्यार्थियों को लंबे समय तक इसका लाभ मिल सके। बैठक में छात्रवृत्ति योजनाओं की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को पात्र विद्यार्थियों के आवेदनों के सत्यापन एवं भुगतान की प्रक्रिया में तेजी लाने तथा किसी भी पात्र लाभुक को योजना के लाभ से वंचित नहीं होने देने का निर्देश दिया। इसके अलावा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई। धार्मिक स्थलों की चाहरदीवारी, आदिवासी कला-संस्कृति भवन, छात्रावास एवं आवासीय विद्यालय सहित अन्य योजनाओं की भी समीक्षा हुई।

उन्होंने सभी लंबित कार्यों में तेजी लाते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराने तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि कल्याण विभाग की योजनाएं समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों को शिक्षा, रोजगार तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ऐसे में योजनाओं का क्रियान्वयन संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ किया जाए तथा इसका वास्तविक लाभ पात्र लाभुकों तक समय पर पहुंचना सुनिश्चित हो। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी प्यारेलाल समेत विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।

# उपायुक्त की पहल पर 27 दिव्यांगों को मिली बैटरी चालित ट्राई साइकिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गिरिडीह।** दिव्यांगजनों को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने पहल की है। उपायुक्त रामनिवास यादव के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग की ओर से सोमवार को 27 दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई गई। प्लस टू जिला स्कूल गिरिडीह और नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के 26 दिव्यांग बच्चों को ट्राई साइकिल दी गई। वहीं समाहरणालय परिसर में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर और जिला नजारत उप समाहर्ता आशुतोष ठाकुर ने दिव्यांग लाभुक कौशल कुमार यादव को भी बैटरी चालित ट्राई साइकिल प्रदान की। लाभुक कौशल कुमार यादव ने बताया कि आवागमन में उन्हें लंबे समय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सुविधा के लिए उन्होंने प्रखंड कार्यालय में आवेदन भी दिया था बाद में उन्होंने उपायुक्त से मिलकर समस्या बताई। उपायुक्त ने मामले पर संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। इसके बाद सोमवार को उन्हें बैटरी चालित ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई गई ट्राई साइकिल मिलने पर कौशल कुमार यादव ने जिला प्रशासन और राज्य सरकार के प्रति आभार जताते हुए कहा कि अब उन्हें आने-जाने में काफी सुविधा होगी और लंबे समय से चली आ रही परेशानी से राहत मिलेगी।

# नहरी ओवरब्रिज के पास 7 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार

**हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत कनहरी ओवरब्रिज के समीप पुलिस ने छापेमारी कर करीब 7 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से मादक पदार्थ के अलावा एक होंडा डिओ स्कूटी और 1500 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, 9 अगस्त को पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति होंडा डिओ स्कूटी से कनहरी ओवरब्रिज के समीप ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री के उद्देश्य से पहुंचने वाला है। सूचना के आधार पर एसपी के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर हजारीबाग रुपक कुमार सिंह के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। दल ने कनहरी ओवरब्रिज के समीप निगरानी शुरू की। इसी दौरान संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ लिया। तलाशी के क्रम में होमलाईट कंपनी के माचिस के डिब्बे के अंदर एल्युमिनियम फॉयल में रखी छोटी-छोटी पुड़ियों में करीब 7 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई। पुलिस ने ब्राउन शुगर और स्कूटी को विधिवत जब्त करते हुए दीपुगढ़ा निवासी 29 वर्षीय सौरभ तिर्की, पिता विजय तिर्की को गिरफ्तार कर लिया। मामले में कोर्रा थाना कांड संख्या 144/26, दिनांक 09.08.2026 के तहत धारा 21(१)/22(१)/25 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

# सावन की दूसरी सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

## विद्यापति धाम में एक किमी तक लगी श्रद्धालुओं की कतार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**समस्तीपुर।** सावन की दूसरी सोमवारी के मौके पर समस्तीपुर जिले के प्रमुख शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। थानेश्वर स्थान महादेव मंदिर, विद्यापति धाम और मारवा स्थित खुदनेश्वर स्थान मंदिर में बड़ी संख्या में भक्त भगवान शिव का जलाभिषेक करने पहुंचे। मंदिर परिसर और आसपास का इलाका हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजता रहा। शहर के प्रसिद्ध थानेश्वर स्थान मंदिर में तड़के चार बजे महादेव की आरती और श्रृंगार के बाद श्रद्धालुओं के लिए जलाभिषेक शुरू कराया गया। सुबह होते-होते मंदिर परिसर में भक्तों की संख्या लगातार बढ़ती गई। श्रद्धालुओं को व्यवस्थित तरीके से पूजा कराने के लिए मंदिर परिसर में व्यवस्था की गई। वहीं विद्यापतिनगर स्थित प्राचीन विद्यापति धाम मंदिर में भी सुबह से ही भक्तों की लंबी कतार लग गई। मंदिर के बाहर करीब एक किलोमीटर तक भक्तों की कतार देखी गई। विद्यापति धाम मंदिर के पुजारी रामदेव तिवारी ने बताया कि सावन की सोमवारी पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। उन्होंने अनुमान जताया कि दूसरी सोमवारी पर करीब एक लाख या उससे अधिक भक्त मंदिर में जलाभिषेक के लिए पहुंचे हैं। पहली सोमवारी के दौरान उमड़ी भीड़ और चोरी की घटनाओं को देखते हुए इस बार सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी की गई है। मंदिर परिसर और आसपास 100 से अधिक महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। इसके अलावा विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गई है। मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिए श्रद्धालुओं और आसपास की गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही है। मंदिर प्रशासन ने भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं से सावधानी बरतने और कीमती आभूषण पहनकर मंदिर नहीं आने की अपील की है। दूसरी सोमवारी पर जिले के विभिन्न शिवालयों में उमड़ी भीड़ को देखते हुए प्रशासन और मंदिर प्रबंधन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं।

# देशभक्ति के रंग में रंगा कवि सम्मेलन, मिथिला के विकास पर भी हुआ विमर्श

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**समस्तीपुर।** जिस धरती पर जन्म हुआ है, गीत उसी का गाना है, जन्मभूमि है स्वर्ग से बढ़कर, मंत्र यही दुहराना है राष्ट्रीय कवि संगम समस्तीपुर के जिलाध्यक्ष आचार्य विजयव्रत कंठ ने जब इन पंक्तियों का लयबद्ध काव्यपाठ किया तो होली मिशन हाई स्कूल का सभागार देशभक्ति के भाव से गूंज उठा। रविवार की देर शाम तक विद्यालय परिसर में राष्ट्रीय कवि संगम के बैनर तले वंदेमातरम कवि सम्मेलन सह मिथिला विकास विमर्श का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर दिया। विद्यालय के निदेशक डॉ. धर्मांश रंजन ने स्वागत भाषण में कहा कि राष्ट्र भावना को मजबूत करने में साहित्यकारों की भूमिका महत्वपूर्ण है। साहित्य के माध्यम से नई पीढ़ी को देश और समाज के प्रति जिम्मेदारी का संदेश मिलता है। उन्होंने मिथिला के सर्वांगीण विकास के लिए हरसंभव प्रयास करने का संकल्प भी व्यक्त किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कवि संगम के प्रांतीय अध्यक्ष प्रभाकर कुमार राय ने संस्था के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र जागरण और समाज सेवा को प्रमुख लक्ष्य बताया। उन्होंने कवियों से इन उद्देश्यों के प्रति सक्रिय रहने का आह्वान किया। कवि सम्मेलन में चर्चित कवयित्री शेफालिका झा ने देशभक्ति से ओतप्रोत रचना प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। सुप्रसिद्ध कवि विनोद कुमार हंसौड़ा ने मैथिली रचना के माध्यम से आतंकवाद के खिलाफ संदेश दिया और अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। वरिष्ठ गीतकार आनंद मोहन झा की प्रस्तुति ने भी श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। साहित्य अकादमी से सम्मानित साहित्यकार अमित मिश्र ने अपनी रचना के माध्यम से जन्मभूमि और राष्ट्र के प्रति सम्मान की भावना व्यक्त की। युवा शायर राहुल भारद्वाज ने आतंकवाद के खिलाफ काव्यपाठ किया। वरिष्ठ कवि कुमुद प्रसाद गिरि ने भारत की पहचान और राष्ट्र गौरव पर अपनी रचना प्रस्तुत की। उदय शंकर चौधरी नादान ने देशहित में समर्पण का संदेश दिया। विद्यासागर ब्रह्मचारी की रचना ने सावन की छटा बिखेरी। चर्चित कवि प्रो. सत्यसंध भारद्वाज ने भारत की विविध पहचान और गौरव का काव्यात्मक वर्णन किया। वरिष्ठ कवयित्री रंजना लता ने राष्ट्र के लिए बलिदान की भावना को अपनी रचना के माध्यम से अभिव्यक्त किया। वायरल कवि वैद्यनाथ रजक ने मोबाइल की बढ़ती लत पर हास्य-व्यंग्य के माध्यम से बच्चों को इससे दूरी बनाने का संदेश दिया। युवा शायर विजय कुमार ने प्रेम और कोमल भावनाओं से जुड़ी रचना प्रस्तुत की। कवि अमरेश शिशिर की रचना को भी श्रोताओं ने पसंद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य विजयव्रत कंठ ने की। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रधानाचार्य अमृत रंजन ने किया।

# चार श्रम कोड वापस लेने और किसानों की मांगों को लेकर प्रदर्शन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** ट्रेड यूनियनों एवं किसान संगठनों के देशव्यापी आह्वान पर सोमवार को ऐक्टू एवं अखिल भारतीय किसान महासभा के बैनर तले सरकारी बस स्टैंड से जुलूस निकालकर समाहरणालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने विभिन्न मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते हुए घंटों धरना दिया। धरना-सभा की अध्यक्षता ऐक्टू राज्य परिषद सदस्य जीबछ पासवान एवं किसान महासभा के जिला अध्यक्ष महावीर पोद्दार ने संयुक्त रूप से की, जबकि संचालन ऐक्टू नेता सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने किया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने केंद्र सरकार से चार श्रम कोड वापस लेने, मनरेगा में 200 दिनों का रोजगार और 700 रुपये दैनिक मजदूरी सुनिश्चित करने, खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाने, टोपो लैंड एवं किसानों की जमीनों की जबरन हड़पने की कार्रवाई बंद करने, रैयतों को मालिकाना हक देने, किसानों का कर्ज माफ करने, 12 सेटेलाइट टाउनशिप एवं लैंड पुलिंग नीति वापस लेने तथा सभी फसलों पर कानूनी गारंटी के साथ न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू करने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि यदि सरकार इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं करती है तो आंदोलन को और व्यापक एवं तेज किया जाएगा। सभा को राम सकल साह, दीनबंधु प्रसाद, अशोक यादव, विजय कुमार साह, भाग्य नारायण दास, सामाजिक कार्यकर्ता शाहीद हुसैन, राम विनोद पासवान, सुशील कुमार, पूर्व पार्षद अर्जुन कुमार, दिलीप कुमार राय, मनोज कुमार राय, शत्रुघ्न राय सहित कई नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने संबोधित किया। प्रदर्शन के दौरान समाहरणालय के समक्ष मुख्य सड़क पर यातायात प्रभावित रहा और कुछ समय के लिए जाम जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना मिलने पर एसडीओ राजेश कुमार प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने

# 48.14 किलो गांजा और हेरोइन के साथ तीन महिलाएं गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** पटोरी थाना पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी और खरीद-बिक्री के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अशरफपुर सुपौल गांव में छापेमारी कर भारी मात्रा में गांजा, हेरोइन, नकद राशि समेत अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस ने मामले में तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है, जबकि दो मुख्य आरोपित भाइयों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस के अनुसार 10 अगस्त को सूचना मिली थी कि अशरफपुर सुपौल निवासी दीपक कुमार साह, टुनटुन कुमार साह उर्फ संजीव कुमार और गुड़िया कुमारी मादक पदार्थों की तस्करी एवं खरीद-बिक्री करते हैं और हाल में मादक पदार्थों की बड़ी खेप लाकर घर में छिपाकर रखी गई है। सूचना के सत्यापन और कार्रवाई के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पटोरी के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल गठित किया गया। टीम ने प्रखंड विकास पदाधिकारी पटोरी को मजिस्ट्रेट के रूप में साथ लेकर दीपक कुमार साह के घर पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान घर से 48.14 किलोग्राम गांजा, हेरोइन के तीन पैकेट, 1.30 लाख रुपये नकद, छह मोबाइल फोन, मादक पदार्थ पैक करने के लिए इस्तेमाल होने वाली कैप्सूलनुमा 12 हजार डिब्बियां, चार मोटरसाइकिल और वजन करने वाली मशीन बरामद की गई। पुलिस ने मौके से गुड़िया कुमारी, कंचन कुमारी और कविता कुमारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार महिलाओं ने संगठित गिरोह बनाकर मादक पदार्थों की तस्करी और खरीद-बिक्री करने की बात स्वीकार की है। पूछताछ में स्थानीय धंधेबाजों और अंतरराज्यीय गिरोह से जुड़े महत्वपूर्ण सुराग मिलने की बात पुलिस ने कही है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। मामले में पटोरी थाना कांड संख्या 277/26, के तहत धारा 111 बीएनएस एवं एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया है। पुलिस के अनुसार पटोरी थाना कांड संख्या 265/26 में चार अगस्त को गिरफ्तार किए गए मादक पदार्थ तस्करों से पूछताछ के दौरान भी दीपक कुमार साह और गुड़िया कुमारी को मादक पदार्थ उपलब्ध कराने की बात सामने आई थी। उक्त मामले में दोनों नामजद अभियुक्त हैं। पुलिस ने बताया कि दीपक कुमार साह के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत वर्ष 2014, 2017 और 2026 में पटोरी थाना सहित सरायरंजन थाना में कई मामले दर्ज हैं। वहीं टुनटुन कुमार साह उर्फ संजीव के खिलाफ भी पटोरी थाना में एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज है। पुलिस फरार दोनों भाइयों दीपक कुमार साह और टुनटुन कुमार साह की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। छापेमारी दल में पटोरी थानाध्यक्ष अनिल कुमार, पुलिस पदाधिकारी अंशु सिंह, सुधांशु शेखर, दीपक कुमार, सहायक अवर निरीक्षक अभय नारायण सिंह सहित पटोरी थाना के पुलिसकर्मी शामिल थे।

# किसान-मजदूर संगठनों का आंदोलन, दो हजार कार्यकर्ता हिरासत में

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** किसान और मजदूरों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर सोमवार को अखिल भारतीय किसान सभा, खेतिहर मजदूर यूनियन, सीटू और महिला समिति के कार्यकर्ताओं ने समस्तीपुर में व्यापक प्रदर्शन किया। बारह सूत्री मांगों को लेकर आयोजित जेल भरो आंदोलन के तहत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता समाहरणालय पहुंचे और सरकार की नीतियों के विरोध में आवाज बुलंद की। आंदोलन का नेतृत्व विभूतिपुर के सीपीएम विधायक अजय कुमार ने किया। प्रदर्शन में करीब दो हजार कार्यकर्ताओं के शामिल होने की बात कही गई। प्रदर्शनकारियों ने किसानों, खेतिहर मजदूरों, श्रमिकों और महिलाओं से संबंधित विभिन्न मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। नेताओं का कहना था कि किसान और मजदूर लंबे समय से अपनी समस्याओं के समाधान की मांग कर रहे हैं, लेकिन अपेक्षित पहल नहीं होने के कारण आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है। विधायक अजय कुमार ने बताया कि संगठन की प्रमुख मांगों में चार जनविरोधी श्रम कानूनों को समाप्त करना, वापस लिए गए तीन किसान समझौतों को लागू करना और होल्डिंग टैक्स में कमी सहित कुल 12 मांगें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को किसान और मजदूरों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान की दिशा में कदम उठाना चाहिए।

# पेंशनधारियों के खाते में आई राशि

**भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में आज मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत जिले के दो लाख अस्सी हज़ार से अधिक लाभार्थियों के बैंक खातों में बढ़ी हुई पेंशन राशि का सीधे अंतरण किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों के कुल 2,80,838 पेंशनधारियों के बैंक खातों में कुल 32 करोड़ 24 लाख 40 हजार रुपये की पेंशन राशि हस्तांतरित की गई। राज्य सरकार द्वारा इस विशेष अवसर को पेंशन उत्सव के रूप में मनाया गया।जिसका उद्देश्य समाज के कमजोर, जरूरतमंद एवं वंचित वर्गों को सामाजिक सुरक्षा के साथ सम्मान, आर्थिक संबल और आत्मनिर्भरता का आधार प्रदान करना है।

# श्रावणी मेला में कांवरियों पर हुई पुष्प वर्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भक्तिमय हुआ कांवरिया पथ**



**भागलपुर।** जिले के सुल्तानगंज में आयोजित विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के अवसर पर आज समूचे मेला क्षेत्र और जिले के विभिन्न काँवरिया मार्ग पर श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए पुष्प वर्षा की गई। राज्य सरकार के कला व युवा, संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से पटना से आये हेलिकॉप्टर के जरिए किए गए पुष्प वर्षा के दौरान पूरा सुल्तानगंज तथा काँवरिया मार्ग भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण से सराबोर हो गया। मुख्य मेला क्षेत्र अजगैबीनाथ मंदिर, नमामि गंगे घाट सहित कांवरिया मार्ग पर स्थित लहुआ मोड़, असरगंज एवं ढांढी बेलारी आदि स्थानों पर श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया।

पुष्प वर्षा के दौरान हजारों काँवरियों में विशेष उत्साह एवं उमंग देखने को मिला। बोल बम और हर हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने इस मनमोहक एवं भक्तिमय दृश्य का आनंद लिया। इधर जिला प्रशासन द्वारा श्रावणी मेला के मौके पर कांवरियों की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम यात्रा को लेकर लगातार आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। विभिन्न स्थलों पर तैनात प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी सभी व्यवस्थाओं की निगरानी में लगे हुए हैं। खासकर, जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव, अपर समाहर्ता दिनेश राम सहित जिले के वरीय अधिकारी स्वयं मेला क्षेत्र और कांवरिया मार्ग का भ्रमण कर श्रद्धालुओं को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा ले रहे हैं। काँवरियों के स्वागत एवं सुविधा के लिए किए जा रहे प्रयासों के क्रम में आयोजित पुष्प वर्षा कार्यक्रम ने श्रावणी मेला की भव्यता और आध्यात्मिक वातावरण को और भी आकर्षक बना दिया।

# गड्ढे में डूबने से बालक की मौत, ग्रामीणों में आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** विद्यापतिनगर प्रखंड के खेसराहा गांव में मिट्टी खनन से बने पानी से भरे गहरे गड्ढे में डूबने से एक ग्यारह वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान अशोक शर्मा के पुत्र शिवम कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति आक्रोश है। बताया गया कि शिवम रविवार को घर के समीप लगे हाट बाजार जाने के लिए निकला था। देर शाम तक उसके घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। रातभर खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। सोमवार सुबह ग्रामीणों की नजर सड़क किनारे पानी से भरे एक गहरे गड्ढे पर पड़ी, जहां बच्चे का शव पानी में उपलाता मिला। ग्रामीणों ने शव को बाहर निकाला। चिकित्सकों ने जांच के बाद बच्चे की मौत की पुष्टि की। ग्रामीणों का आरोप है कि इलाके में लंबे समय से मिट्टी का अवैध खनन किए जाने के कारण जमीन में बड़े और गहरे गड्ढे बन गए हैं। बारिश के बाद इन गड्ढों में पानी भर जाने से यह हादसे का कारण बना। जिस जमीन पर घटना हुई, उसे लेकर भी ग्रामीणों ने प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 2016 में बिहार सरकार की ओर से तेरह भूमिहीन परिवारों को आवास के लिए वासगीत पर्चा दिया गया था। इसके बावजूद उक्त जमीन पर मिट्टी खनन का सिलसिला जारी रहा। पर्चाधारियों द्वारा कथित रूप से कई बार विरोध और शिकायत किए जाने के बाद भी खनन पर प्रभावी रोक नहीं लग सकी। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते खनन पर रोक लगाकर गड्ढों को भरवा दिया जाता तो यह हादसा टाला जा सकता था।

# पूर्व रेलवे ने श्रावणी मेला में करीब तीन लाख तीर्थयात्रियों की सुगम एवं सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित की

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**भागलपुर।** बिहार एवं झारखंड से जुड़े विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के अवसर पर पूर्व रेलवे ने विगत ग्यारह दिनों में लाखों श्रद्धालुओं के लिए व्यापक यात्री सुविधाएं और कई ट्रेनों की व्यवस्था उपलब्ध कराई है। पूर्व रेलवे की महाप्रबंधक गीतिका पांडेय के मार्गदर्शन में इस बार आसनसोल और मालदा रेल मंडल की ओर से श्रावणी मेला के आरंभ होने के 11वें दिन तक लाखों श्रद्धालुओं के लिए बिहार और झारखंड में स्थित पूर्व रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर वृहत स्तर पर यात्री सुविधाएं, विशेष ट्रेनों का संचालन तथा चिकित्सा सहायता सुनिश्चित की गई है। इस मेले के दौरान झारखंड के जसीडीह स्टेशन पर 72,890 यात्रियों की आवाजाही दर्ज की गई, जो वर्ष 2025 में दर्ज 84,392 यात्रियों की तुलना में 13.63 प्रतिशत की कमी को दर्शाती है। इसी तरह बासुकीनाथ में भी 9.47 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जहां 2025 के 16,306 यात्रियों की तुलना में इस वर्ष 17,850 यात्रियों ने यात्रा की। देवघर में 11.08 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2025 के 19,429 यात्रियों की तुलना में 21,582 यात्रियों की आवाजाही दर्ज की गई। बैद्यनाथधाम में 22.63 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई, जहां 2025 के 7,022 यात्रियों की तुलना में इस वर्ष 5,433 यात्रियों की आवाजाही हुई। इसी तरह तारकेश्वर में 57,526 यात्रियों ने यात्रा की, जो वर्ष 2025 में दर्ज 65,243 यात्रियों की तुलना में 11.83 प्रतिशत की कमी को दर्शाती है। वहीं बिहार के सुल्तानगंज स्टेशन में 1,06,640 आवाक यात्रियों की संख्या दर्ज की गई है, जो वर्ष 2025 के 76,484 यात्रियों की तुलना में 39.43 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाती है। यात्री आवागमन के साथ -साथ दिनभर इन सभी प्रमुख स्टेशनों पर श्रद्धालुओं को समर्पित चिकित्सा सहायता एवं गतिशीलता संबंधी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं। जिसके बाबत बासुकीनाथ में 632, जसीडीह में 301, देवघर में 189, तारकेश्वर में 145, बैद्यनाथधाम में 90 तथा सुल्तानगंज में 82 श्रद्धालुओं को चिकित्सा सहायता प्रदान की गई। इसके अलावा उन स्टेशनों पर बुजुर्गों एवं लाचार लोगों के लिए व्हील चेयर की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। भारी यात्री भीड़ को सुचारू रूप से संभालने के लिए पूर्व रेलवे ने सभी प्रमुख मार्गों पर बड़ी संख्या में विशेष ट्रेनों का संचालन किया तथा मौजूदा ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए। जसीडीह स्टेशन से 32 विशेष ट्रेनें संचालित की गईं, जिनमें कुल 478 कोच थे। इसके अलावा, मौजूदा ट्रेन सेवाओं में 8 जीएस/एलएस अनारक्षित कोच भी बढ़ाए गए। देवघर से 18 विशेष ट्रेनें, कुल 234 कोचों के साथ संचालित की गईं। बासुकीनाथ से 10 विशेष ट्रेनें, कुल 120 कोचों के साथ, जबकि बैद्यनाथधाम से 6 विशेष ट्रेनें, कुल 72 कोचों के साथ संचालित की गईं। सुल्तानगंज में छह जोड़ी विशेष ट्रेनों का संचालन किया गया। इनमें ट्रेन संख्या 03479/80 (08 कोच), 03233/34 (16 कोच), 03441/42 (08 कोच), 05027/28 (16 कोच), 03235/36 (18 कोच) तथा 05545/46 (18 कोच) शामिल हैं। इसके अलावा, ट्रेन संख्या 13409/10 में 1 अतिरिक्त एलएस कोच भी लगाया गया। इस बीच पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम मांझी ने कहा कि पूर्व रेलवे इस बार विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के दौरान आने वाले सभी श्रद्धालुओं (तीर्थयात्रियों) के लिए सुरक्षित, आरामदायक और सुगम यात्रा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख स्टेशनों पर समर्पित कर्मचारी एवं चिकित्सा दल चौबीसों घंटे कार्यरत हैं, ताकि प्रत्येक श्रद्धालु को समय पर सहायता मिल सके और उनकी यात्रा सुगम एवं परेशानी-मुक्त हो सके।

# बलिया में सखी वार्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा संचालित बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत आज बलिया प्रखंड स्थित राजकीयकृत श्रीमती अनार देई सेठानी उच्च माध्यमिक विद्यालय, बलिया में सखी वार्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन के जिला मिशन समन्वयक राज कुमार सिन्हा, केंद्र प्रशासक, वन स्टॉप सेंटर वीणा कुमारी, केस वर्कर, मनी भूषण मिश्रा एवं वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ, संजीत कुमार द्वारा छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित लोगों को महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं महिला-बाल सुरक्षा से संबंधित प्रावधानों की जानकारी दी गई। इस दौरान बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006, साइबर क्राइम, पॉक्सो एक्ट, 2012, नशा मुक्ति सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया। साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, महिला हेल्पलाइन नंबर 181 एवं साइबर क्राइम टोल-फ्री नंबर 1930 के संबंध में भी विस्तृत जानकारी देते हुए आवश्यकता पड़ने पर इन सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।जागरूकता कार्यक्रम में कुल 53 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए जागरूकता कार्यक्रम का समापन किया गया।

# नीलगाय सूअर से फसल क्षति होने पर किसानों को मिलेगी अनुग्रह राशि

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के गैर-वन क्षेत्रों में घोड़परास (नीलगाय) एवं जंगली सूअर द्वारा फसलों को होने वाली क्षति के मद्देनजर कृषकों के हित में राज्य सरकार द्वारा अनुग्रह राशि उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। इसके तहत पात्र किसानों को फसल क्षति के आकलन के आधार पर 50,000 प्रति हेक्टेयर की दर से अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी।फसल क्षति होने पर संबंधित किसान को घटना के 48 घंटे के भीतर लिखित आवेदन निकटतम वन क्षेत्र कार्यालय अथवा संबंधित अंचल कार्यालय में जमा करना होगा। आवेदन के साथ भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र, अद्यतन लगान रसीद, बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति, बैंक खाता संख्या एवं आईएफएससी कोड तथा आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक होगा।प्राप्त आवेदन के आधार पर संबंधित वन पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी द्वारा क्षतिग्रस्त खेत का स्थल निरीक्षण कर जांच एवं क्षति का आकलन किया जाएगा। जांच प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद पात्रता के अनुरूप स्वीकृत अनुग्रह राशि संबंधित किसान के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी।वन प्रमंडल, बेगूसराय द्वारा किसानों से अपील की गई है कि घोड़परास अथवा जंगली सूअर दिखाई देने पर स्वयं उन्हें पकड़ने या भगाने का जोखिम न उठाएं। वन्यजीवों की उपस्थिति अथवा फसल क्षति की सूचना तत्काल संबंधित वन पदाधिकारी/अंचल अधिकारी को दें।

# मुख्यमंत्री ने डीबीटी से लाभुकों के खातों में की 28.97 करोड़ पेंशन राशि अंतरित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** मुख्यमंत्री ने सोमवार को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभुकों के खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से पेंशन राशि हस्तांतरित की गई। इस कार्यक्रम का सीधा लाइव प्रसारण बेगूसराय स्थित एनआईसी कार्यालय में किया गया, जिसमें जिले के संबंधित पदाधिकारी एवं लाभुक उपस्थित रहे। माह जुलाई 2026 के लिए जिले में विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत कुल 2,53,042 लाभुकों के बैंक खातों में 28,97,80,400 की राशि सीधे हस्तांतरित की गई है।

**योजना वार विवरण**

मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना : 1,21,350 लाभुकों को 14,18,97,100 **इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना** : 63,202 लाभुकों को 7,03,26,700, **लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना** : 29,033 लाभुकों को 3,25,42,800, **बिहार निःशक्तता पेंशन योजना** : 21,864 लाभुकों को 2,44,83,900, **इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना** : 15,127 लाभुकों को 1,78,05,200, **इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना** : 2,466 लाभुकों को 27,24,700

इस अवसर पर अपर समाहर्ता बृज किशोर चौधरी, सहायक निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग अभिजीत सोनल सहित संबंधित पदाधिकारी एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभुक उपस्थित थे। डीबीटी के माध्यम से पेंशन राशि सीधे लाभुकों के बैंक खातों में हस्तांतरित किए जाने से सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित होने के साथ-साथ वृद्धजनों, विधवाओं एवं दिव्यांगजनों को समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध हो रही है।

# 86 गर्भवतियों की प्रसव पूर्व जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) नावकोठी में गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसव पूर्व जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 86 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। जांच के दौरान 13 महिलाएं एनीमिया से ग्रसित तथा एक महिला ब्लड शुगर से पीड़ित पाई गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन चौधरी ने गर्भवती महिलाओं को नियमित रूप से प्रसव पूर्व जांच कराने, चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार दवा लेने तथा गर्भावस्था के दौरान विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी। जांच के बाद लाभुकों को आयरन, कैल्शियम सहित आवश्यक दवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं।शिविर में एलटी पंकज कुमार जोशी द्वारा वजन, रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, मूत्र सहित आवश्यक पैथोलॉजिकल जांच की गई। डॉ. हिमांशु कुमार ने कहा कि गर्भावस्था के दौरान रक्त की कमी मां और शिशु दोनों के लिए जोखिम पैदा कर सकती है। उन्होंने आयरन एवं कैल्शियम की गोलियों के नियमित सेवन के साथ हरी पत्तेदार सब्जियां, पके पीले फल, रागी एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थों को भोजन में शामिल करने की सलाह दी। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को भारी काम से बचने, पर्याप्त आराम करने और सुरक्षित मातृत्व के लिए संस्थागत प्रसव कराने के लिए जागरूक किया। बैठने और पानी की व्यवस्था नहीं रहने से परेशानी शिविर में बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं की भीड़ रही। लाभुकों काजल कुमारी, पूनम कुमारी, शोभा कुमारी, रूपम कुमारी, रेणु कुमारी, अमृता कुमारी, क्रांति कुमारी, कोमल कुमारी एवं अनम खातून ने बताया कि शिविर में बैठने के लिए पर्याप्त जगह और पेयजल की व्यवस्था नहीं थी। उनका कहना था कि वे सुबह करीब नौ बजे पीएचसी पहुंच गई थीं, लेकिन दोपहर बाद तक जांच की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। लाभुकों ने यह भी बताया कि उन्हें नाश्ते का पैकेट उपलब्ध नहीं कराया गया।लाभुकों और कुछ आशा कार्यकर्ताओं के अनुसार, दोपहर करीब दो बजे के बाद चिकित्सा प्रभारी द्वारा एएनएम की बैठक बुलाए जाने के कारण शिविर में जांच व्यवस्था प्रभावित हुई। इस दौरान पैथोलॉजिकल जांच का कार्य मुख्य रूप से एलटी पंकज कुमार जोशी द्वारा किए जाने से मरीजों को अपनी बारी के लिए काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। आशा कार्यकर्ताओं ने भी जांच प्रक्रिया में हो रही देरी को लेकर नाराजगी जताई। शिविर में एएनएम रेनू कुमारी, बेबी कुमारी, श्वेता कुमारी, नंदन, आरुषी, रूपम, मनीषी, मोनी, रिंकी, सावित्री, विभा देवी समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने अपनी भूमिका निभाई।गर्भवती महिलाओं ने स्वास्थ्य विभाग से भविष्य में ऐसे शिविरों में पर्याप्त बैठने की व्यवस्था, पेयजल, आवश्यक सुविधाएं तथा जांच के लिए पर्याप्त कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने की मांग की, ताकि लाभुकों को घंटों इंतजार नहीं करना पड़े।

## स्वास्थ्यकर्मियों की कमी से परेशानी

**नावकोठी।** प्रखंड के पहसारा स्थित अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों स्वास्थ्यकर्मियों की कमी से जूझ रहा है। पांच चिकित्सकों समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मियों के पदस्थापन के बावजूद केंद्र की स्वास्थ्य व्यवस्था फिलहाल महज एक एएनएम के भरोसे चल रही है। इससे क्षेत्र के हजारों लोगों को सामान्य इलाज के लिए भी दूसरे स्वास्थ्य केंद्रों का रुख करना पड़ रहा है।

**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं. एफ/डब्ल्यूसी/जेजे/08/एसपीएल/08, दिनांक 07.08.2026,** मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्व रेलवे, लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर, जिला-मुंगेर, बिहार-811214 द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर संबंधित कार्य के लिए पर्याप्त वित्तीय और तकनीकी संसाधनों के साथ-साथ प्रमाणित अनुभव और क्षमता रखने वाले इच्छुक निविदाकारों से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा केस सं. एफ/डब्ल्यूसी/जेजे/08/एसपीएल/08, कार्य का नाम** : जेएमपी-जैक्स, मात्रा-199 सेट यानी 995 अदद, क्षमता-25 टन और मात्रा-25 सेट यानी 125 अदद, क्षमता-35 टन को आरंभ करने के साथ परिवहन कार्य। **निविदा मूल्यः** रु. 3,96,55,273.03, **निविदा कागजात का मूल्यः** शून्य (जीसीसी, अप्रैल 2022 के भाग-I, कार्य के लिए निविदाओं के क्लॉज़-3 के अनुसार), **बोली प्रतिभूतिः** रु.7,93,100/-, **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 29.08.2026 को 12.00 बजे। **कार्य की समापन अवधिः** 24 माह। **प्रस्ताव की वैधताः** 60 दिन। निविदा कागजात **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगा। बोली प्रतिभूति का भुगतान आईआरईपीएस साइट पर उपलब्ध नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के ज़रिए किया जाना चाहिए। बोली प्रतिभूति के भुगतान का दस्तावेज़ी प्रमाण ई-निविदा प्रस्ताव के साथ संलग्न किया जा सकता है। **समरूप प्रकृति के कार्यः** "फर्म के पास जेएमपी जैक के कंपोनेंट्स की आपूर्ति/जेमएपी-जैक को आरंभ करने / जेएमपी-जैक की मरम्मत का अनुभव होना चाहिए"। ऊपर बताए गए एक या एक से अधिक कोई भी कार्य, जो भारतीय रेलवे या पीयू या केंद्र/राज्य सरकार के प्रतिष्ठान या पब्लिक लिस्टेड कंपनी/ट्रस्ट की किसी भी यूनिट में किया गया हो, जिसका औसत वार्षिक टर्नओवर रु.500 करोड़ या उससे ज़्यादा हो, उसे विवेचित किया जाएगा।

MISC-139/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# महाविद्यालयों को सरकारी नियंत्रण में लेने के खिलाफ संयुक्त मोर्चा का धरना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**आरा।** वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले आज वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के नूतन परिसर स्थित प्रशासनिक भवन के समक्ष प्रस्तावित नए विश्वविद्यालय अधिनियम के विरोध में धरना एवं प्रदर्शन आयोजित किया गया। यह आंदोलन बिहार विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 एवं पटना विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 को समाप्त कर उसके स्थान पर लाए जा रहे नए प्रस्तावित अधिनियम के विरोध में आयोजित किया गया। धरने में विश्वविद्यालय के विभिन्न अंगीभूत महाविद्यालयों के सैकड़ों शिक्षक, स्नातकोत्तर विभागों के शिक्षक तथा विश्वविद्यालय के प्रशासनिक विभागों के शिक्षकेत्तर कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की व्यापक एकजुटता ने यह स्पष्ट कर दिया कि विश्वविद्यालय की स्वायत्तता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। धरने को संबोधित करते हुए वकुटा के अध्यक्ष प्रो. चंचल पाण्डेय एवं वकुस्टा के अध्यक्ष प्रो. दिवाकर पाण्डेय ने संयुक्त रूप से कहा कि बिहार विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 एवं पटना विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 ने लंबे समय से उच्च शिक्षा संस्थानों के लोकतांत्रिक एवं स्वायत्त स्वरूप की रक्षा की है। इन अधिनियमों को समाप्त कर प्रस्तावित नया अधिनियम लाना विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता पर सीधा प्रहार है। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत महाविद्यालयों का प्रशासनिक नियंत्रण विश्वविद्यालयों से लेकर सीधे सरकार के अधीन करने का प्रयास किया जा रहा है, जो उच्च शिक्षा के लोकतांत्रिक एवं अकादमिक स्वरूप के लिए गंभीर खतरा है। इससे प्रशासनिक एवं वित्तीय निर्णयों में सरकारी हस्तक्षेप बढ़ेगा तथा विश्वविद्यालयों का शैक्षणिक वातावरण प्रभावित होगा। पूर्व अध्यक्ष प्रो. विश्वनाथ चौधरी ने कहा कि विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता से किसी भी प्रकार का समझौता उच्च शिक्षा के भविष्य को अंधकार में धकेलने के समान है। सचिव डॉ. शशि भूषण राय ने कड़े शब्दों में कहा कि सरकार अपनी हर सीमा पार कर ले, लेकिन शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी विश्वविद्यालय की स्वायत्तता की रक्षा के लिए अपनी लड़ाई की सीमा स्वयं तय करेंगे। कोषाध्यक्ष डॉ आनन्द भूषण पाण्डेय ने सभी शिक्षक एवं शिक्षाकेत्तर कर्मचारियों के एकजुटता का सराहना किया तथा प्रस्तावित बिल का विरोध किया। शिक्षाकेत्तर कर्मचारी के अध्यक्ष शशिरंजन उर्फ गुड्डू ने पुरजोर तरीके से इस प्रस्तावित बिल का विरोध किया और सभी को एकजुट होकर लड़ने को कहा। भोजपुर जिला अध्यक्ष डॉ खुशबू कुमारी ने मंच का संचालन करते हुए सभी शिक्षक एवं शिक्षाकेत्तर कर्मचारियों को एक साथ होकर प्रस्तावित बिल के खिलाफ लड़ने को कहा। सच्चिदानंद महाविद्यालय के सचिव डॉ. संतोष कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों की स्वायत्तता को कमजोर करने वाले किसी भी प्रावधान को स्वीकार नहीं किया जाएगा। वहीं, वाकूसटा के उपाध्यक्ष डॉ लक्ष्मी कुमारी, स्नातकोत्तर शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार,सचिव डॉ. आमिर महमूद ने कहा कि शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के अधिकार, सम्मान एवं सेवा-सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

# बनखंडी स्थान में दूसरी सोमवारी पर उमड़ा सैलाब

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सावन की दूसरी सोमवारी पर सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के चंदौर पंचायत अंतर्गत शिवगंज गांव स्थित प्रसिद्ध बाबा बनखंडी स्थान में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह होते ही पूरा क्षेत्र हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंज उठा। दूर-दराज से पहुंचे महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने बाबा बनखंडी का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की।श्रद्धालुओं का जत्था सुबह से ही डीजे व अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर भोलेनाथ के भजन बजाते हुए बोल बम के जयकारे लगाते बाबा बनखंडी स्थान की ओर बढ़ता रहा। तेघड़ा प्रखंड के मधुरापुर बोल्डर घाट, बदलपुरा गंगा घाट एवं अयोध्या स्थित धर्मराज गंगा घाट पर स्नान कर श्रद्धालु पवित्र गंगाजल पात्र में भरकर पैदल बाबा स्थान पहुंचे। इस दौरान तेघड़ा-अतरुआ-बनवारीपुर पथ पर कांवरियों और शिवभक्तों की लंबी कतार देखने को मिली। श्रद्धालुओं के उत्साह और भक्ति से पूरा मार्ग शिवमय नजर आ रहा था।

# 80 लाख की लागत से उच्चस्तरीय स्वास्थ्य केंद्र शुरू



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शाहपुर।** रेलकर्मियों एवं सेवानिवृत्त रेलकर्मियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में रेलवे ने महत्वपूर्ण पहल की है। आरा में भारतीय रेल वित्त निगम के सीएसआर फंड से करीब 80 लाख रुपये की लागत से निर्मित उच्चस्तरीय स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में भारतीय रेल वित्त निगम के सीएमडी मनोज कुमार दूबे, पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रपाल सिंह, दानापुर के डीआरएम विनोद कुमार सहित रेलवे के कई वरीय अधिकारी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। नवस्थापित स्वास्थ्य केंद्र से आरा एवं आसपास के क्षेत्रों में कार्यरत तथा सेवानिवृत्त दो लाख से अधिक रेलकर्मियों और उनके आश्रितों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलने की उम्मीद है। आधुनिक सुविधाओं से लैस यह केंद्र रेलकर्मियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को स्थानीय स्तर पर अधिक सुलभ और प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि रेलकर्मियों और उनके परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना रेलवे की प्राथमिकताओं में शामिल है। सीएसआर के माध्यम से स्थापित यह स्वास्थ्य केंद्र सामाजिक उत्तरदायित्व और जनकल्याण की दिशा में सराहनीय पहल है। स्वास्थ्य केंद्र के शुरू होने से रेलकर्मियों एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उपचार के लिए दूर जाने की आवश्यकता कम होगी। स्थानीय स्तर पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होने से समय और खर्च दोनों की बचत होगी। आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं से युक्त केंद्र रेलकर्मियों के स्वास्थ्य संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

# विश्वविद्यालय अधिनियम के विरोध में अतिथि प्राध्यापकों ने काला बिल्ला लगाकर जताया विरोध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**आरा।** प्रस्तावित बिहार विश्वविद्यालय अधिनियम-2026 के प्रावधानों के विरोध में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय समेत विभिन्न महाविद्यालयों में कार्यरत अतिथि प्राध्यापकों ने सोमवार को काला बिल्ला लगाकर शैक्षणिक व प्रशासनिक कार्य किया। अतिथि प्राध्यापक संघ के अध्यक्ष डॉ. आदित्य कुमार आनंद ने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों और महाविद्यालयों में अतिथि प्राध्यापकों ने शांतिपूर्ण तरीके से काला बिल्ला लगाकर विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि आंदोलन का उद्देश्य किसी व्यक्ति, संस्था या सरकार का विरोध करना नहीं है। प्रस्तावित अधिनियम के कुछ प्रावधानों से विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता, शैक्षणिक व्यवस्था और शिक्षक-कर्मचारियों के अधिकार प्रभावित होने की आशंका है। इसी को लेकर संघ ने लोकतांत्रिक तरीके से अपनी चिंता सरकार तक पहुंचाई है। डॉ. आनंद ने कहा कि आंदोलन के बावजूद महाविद्यालयों में कक्षाएं और अन्य शैक्षणिक गतिविधियां सामान्य रूप से चलती रहीं। अतिथि प्राध्यापकों ने अपने प्रशासनिक दायित्वों का भी निर्वहन किया, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि संघ आगे भी शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों को सरकार और संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखेगा। इस दौरान डॉ. धनंजय प्रसाद, डॉ. राधिका रमन, डॉ. अशोक तिवारी, डॉ. अनामिका कुमारी, संजय सिंह, डॉ. एसपी राय, डॉ. कंचन कुमारी, डॉ. जुगल प्रसाद समेत अन्य अतिथि प्राध्यापक मौजूद रहे।

# दूसरी सोमवारी को उमड़ा शिव भक्तों का सैलाब

**बांका (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बांका-सुल्तानगंज से बाबाधाम जल लेकर जाने के लिए आज आस्था का महासैलाब उमड़ पड़ा है।गंगा घाट से लेकर कांवरिया पथ तक सिर्फ भगवा ही भगवा नजर आ रहा है जुबां पर बोल बम का जयघोष है और कंधों पर कांवर मौका है सावन की दूसरी सोमवारी का जब बाबा भोलेनाथ को जल चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं का रेला सुल्तानगंज से देवघर की ओर बढ़ रहा है। उत्तरवाहिनी गंगा में स्नान के बाद श्रद्धालु गंगाजल भर रहे हैं और करीब 105 किलोमीटर की कठिन पैदल यात्रा पर निकल रहे हैं कहीं डाक बम अपनी रफ्तार से देवघर की ओर बढ़ते नजर आ रहे हैं, तो कहीं कांवरियों के जत्थे भक्ति में झूमते हुए बाबा की नगरी की ओर बढ़ रहे हैं श्रावणी मेले की शुरुआत से अब तक 22 लाख से ज्यादा कांवरिया सुल्तानगंज से देवघर के लिए पैदल रवाना हो चुके हैं। वहीं लाखों श्रद्धालु ट्रेन और दूसरे वाहनों से भी बाबा बैद्यनाथ के दर्शन के लिए देवघर की ओर कूच कर चुके हैं दूसरी सोमवारी से ठीक पहले रविवार को ही करीब एक लाख डाक बम सुल्तानगंज से देवघर के लिए रवाना हुए डाक बम की रफ्तार और कांवरियों की आस्था ने कच्ची कांवरिया पथ को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया है।

Govt. of Bihar

**कार्यालय, नगर पंचायत नासरीगंज, रोहतास**

**RFP RE-NIT No: 02/2026-27**

**1. LETTER OF INVITATION (LOI) FOR BIDS REQUEST FOR PROPOSAL**
**Nagar Panchayat, NASRIGANJ invites online proposals for Selection of Agencies for Providing Outsourced Manpower for Performing and Managing Day to Day Activities related to sanitation work for Nagar Panchayat, Nasriganj,**
Details of schedule for the bid are given below:-.

| Sl. # | Activity | Timeline & Address |
|---|---|---|
| 1 | Website for submission of proposal | www.eproc2.bihar.gov.in/ |
| 2 | Mode of Submission. | Online submission through eproc2 portal (www.eproc2.bihar.gov.in) and at the same time submission of Hard copies at the office of Nagar Panchayat, NASRIGANJ. |
| 3 | Date and time for Submission of Technical & Financial proposal on www.eproc2.bihar.gov.in | **27.08.2026 by 10:00 AM** to **07.09.2026 by 03:30 PM** |
| 4 | Last date and time for Submission of Hard Copies (Payment Proof in the case of a Bank Guarantee, the Original Copy of the Power of Attorney and documents related to Blacklisting/Debarment shall be submitted in original ). | **09.09.2026 by 03.00 PM** **Office- Nagar Panchayat, Nasriganj** Dist.- ROHTAS, State- Bihar (821310) |
| 5 | Date and time of opening of Technical Bids | **09.09.2026 by 03:30 PM** |
| 6 | Date of opening of financial bid Date and time of opening of Financial Proposal | To be informed later to technically qualified bidder. |
| 7 | Date of Pre-Bid meeting | **28.08.2026 by 02:00 PM** at the office of Nagar Panchayat, NASRIGANJ. |
| 8 | Method of Selection | **Least Cost Selection (LCS)** |
| 9 | Cost of Bidding Document (Tender Fee) | Tender Fee Rs 10,000/- (Non-Refundable) to be paidthrough Online at www.eproc2.bihar.gov.in |
| 10 | EMD (2% of the estimated cost) | Rs 11,66,000/-( Eleven lakh sixty six thousand only) (Refundable) paid through Online at www.eproc2.bihar.gov.in. or In case of Bank guarantee EMD should paid in the favour of Executive Officer, Nagar Panchayat, Nasriganj. payable at Rohtas. |
| 11 | Duration of Work | 24 onths |

RFP document shall be available on website: **www.eproc2.bihar.gov.in**
For Queries & Clarifications, send e-mail to: nagarpanchayatnsg@gmail.com
For further details please visit: **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**

**Executive Officer,**
**Nagar Panchayat, Nasriganj**

PR- 009628 ( B & C ) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# मगध क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत करना प्राथमिकता : विकास वैभव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** मगध रेंज के पुलिस महानिरीक्षक विकास वैभव सोमवार को औरंगाबाद जिले के प्रसिद्ध देव सूर्य मंदिर पहुंचे। करीब 21 वर्षों के बाद देव पहुंचने पर उन्होंने भगवान भास्कर के दरबार में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। भगवान सूर्य से बिहार और पूरे देश के सुख, शांति, समृद्धि और विकास की कामना की। मंदिर न्यास समिति के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने आईजी का स्वागत किया। समिति की ओर से उन्हें अंगवस्त्र और प्रसाद भेंट कर सम्मानित किया गया। दर्शन के बाद मीडिया से बातचीत में आईजी विकास वैभव ने कहा कि करीब 21 वर्षों के बाद इस अलौकिक मंदिर में आने का अवसर मिलना उनके लिए सौभाग्य की बात है। पूरे क्षेत्र और बिहार के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना की है। भगवान सूर्य अपने प्रकाश से पूरे राष्ट्र को ऊर्ज़ा, सकारात्मकता और नई दिशा प्रदान करें, यही उनकी कामना है। आईजी ने कहा कि मगध क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। कानून का राज पूरी तरह स्थापित करने और बिहार को विकसित बनाने में पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों पर लगातार नजर रखने और आम लोगों को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मंदिर परिसर में मौजूद स्थानीय लोगों ने आईजी को नबीनगर एनटीपीसी से निकलने वाले ओवरलोड फ्लाई ऐश ट्रकों की समस्या से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि एनटीपीसी से प्रतिदिन बड़ी संख्या में फ्लाई ऐश लदे ट्रक सड़कों पर गुजरते हैं। इनमें कई वाहन क्षमता से अधिक भार लेकर चलते हैं। इससे सड़कें जल्द क्षतिग्रस्त हो रही हैं और वाहनों की आवाजाही के दौरान उड़ने वाली धूल से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए आईजी विकास वैभव ने संबंधित अधिकारियों को मामले का तत्काल संज्ञान लेने और नियमों का उल्लंघन करने वाले ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आम जनता की सुरक्षा और सुविधा सर्वोपरि है। क्षमता से अधिक भार लेकर चलने वाले वाहनों पर प्रभावी रोक लगाई जाए और नियम तोड़ने वाले ट्रक मालिकों व चालकों के खिलाफ जुर्माने के साथ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# सड़क दुर्घटनाओं में दो बच्चों समेत तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर थाना क्षेत्र के दानी बिगहा पार्क के समीप सोमवार की शाम तेज रफ्तार थार की टक्कर से छह वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। घटना की है। मृत बच्चे की पहचान देव थाना क्षेत्र के चेता बिगहा निवासी सुबोध सिंह के पुत्र आदित्य कुमार रूप में रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार मृतक आदित्य का परिवार शहर के सत्येन्द्र नगर में गणेश चौक के समीप किराए के मकान में रहता है। आज दानी बिगहा पार्क के समीप सड़क पार करने के दौरान तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी जिसमें वह बुरी तरह ज़ख्मी हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से बच्चे को आनन-फानन में सदर अस्ताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार मृतक बच्चे का पिता दिल्ली के एक निजी कंपनी में काम करते है। मां इलाज़ के लिए बनारस गई है। इस घटना से परिजनों में शोक व्याप्त है। थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक छह वर्षीय बच्चे की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप मामले की जांच करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं देव प्रखंड के कंचनपुर थाना क्षेत्र में बालू लदे ट्रैक्टर ने 15 साल के नाबालिग को रौंद दिया। उसे सदर अस्पताल ले जाया गया पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए। केताकी बाजार को बंद करा दिया। सड़क पर टायर जलाकर आगजनी की। मृतक की पहचान केताकी मठ निवासी प्रिंस कुमार के रूप में हुई है। प्रिंस अपने दो साथियों के साथ एरोरा गांव के पास घूम रहा था तभी हादसा हो गया। घटना में प्रिंस के दोनों दोस्त बाल-बाल बच गए। इसी प्रकार मदनपुर-देव पथ पर उमगा तालाब के समीप तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से 52 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की है। मृतक की पहचान मदनपुर थाना क्षेत्र के पूर्णडीह टोले पक्का पर निवासी स्व. जिमेंदार भुइयां के 52 वर्षीय पुत्र सुरेंद्र भुइयां के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सुरेंद्र भुइयां रोज की तरह मजदूरी कर मदनपुर से अपने घर लौट रहे थे तभी यह हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार सुरेंद्र भुइयां जैसे ही उमगा तालाब के पास पहुंचे तभी तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वे सड़क पर ही गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। रात का समय होने और सड़क सुनसान रहने के कारण घायल सुरेंद्र भुइयां काफी देर तक वहीं तड़पता रहे। कुछ देर बाद एक राहगीर की नजर घायल पर पड़ी जिसके बाद स्थानीय लोगों को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर ले गये लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज मामले की जांच में जुट गई है।

# 2.51 लाख लाभुकों के खाते में भेजी गयी पेंशन राशि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभुकों के बैंक खातों में 1,100 प्रति लाभुक की पेंशन राशि का अंतरण किया गया। इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला औरंगाबाद के योजना भवन में किया गया। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा उपस्थित रहीं। उनके साथ अपर समाहर्ता एवं जिला पंचायत राज पदाधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर सामाजिक सुरक्षा की छह पेंशन योजनाओं के लाभुकों को डीबीटी के माध्यम से पेंशन राशि का अंतरण किया गया। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार जिला औरंगाबाद में कुल 2,51,805 पेंशनधारियों को 28,74,67,600 की राशि का अंतरण किया गया। मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के 1,54,694 लाभुकों को 17,90,37,400 रूपये, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के 42,551 लाभुकों को 4,70,21,100 रूपये, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 24,096 लाभुकों को 2,70,53,500 रूपये, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 6,184 लाभुकों को 71,69,100 रूपये, बिहार निःशक्तता पेंशन योजना के 22,924 लाभुकों को 2,57,13,900 रूपये एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांगता पेंशन योजना के 1,356 लाभुकों के बीच 14,91,600 रूपये का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से समाज के वृद्धजनों, विधवाओं एवं दिव्यांगजनों को समयबद्ध आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

# डकैती और पुलिस पर हमला सहित अन्य मामलों में 51 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में रविवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कुल 51 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 47 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, डकैती में एक, पुलिस पर हमला में सात, हत्या के प्रयास में तीन, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 20 तथा अन्य मामलों में 20 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इसके अलावा 654 लीटर देसी शराब, 82.430 लीटर विदेशी शराब, एक बाइक एवं एक कार बरामद किया गया है। वहीं वाहन जांच अभियान के तहत 1354 वाहनों की जांच की गई जिसमें 109000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा दो चांदी के पायल, एक सोने का मंगलसूत्र, दो झुमका, दो सिकरी, नकद 48000 रूपये, 32 तसला, तीन बाइक बरामद किया गया है और कार्रवाई के फलस्वरूप तीन भट्ठियों को ध्वस्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कानून व्यवस्था के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएंगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी के पास भी नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी सूचना हो तो पुलिस से साझा करें सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव की भावना को जन-जन तक पहुंचाने एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम का आयोजन 09 अगस्त से 17 अगस्त तक किया जा रहा है। यह कार्यक्रम बिहार सरकार के निर्देशानुसार एवं जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के कौशल नेतृत्व में जिले के सभी प्रखंडों एवं विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों में उत्साह एवं उमंग के साथ किया जा रहा है। जिले के विद्यालयों में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालयों में छात्र-छात्राओं द्वारा उत्साहपूर्वक रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम्' का गायन किया गया। साथ ही, विद्यार्थियों द्वारा अपने शिक्षकों के नेतृत्व में हाथों में तिरंगा लेकर तिरंगा रैली भी निकाली गई। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिला एवं प्रखंड स्तर पर भी 'हर घर तिरंगा' अभियान को व्यापक जनभागीदारी के साथ संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, विद्यार्थियों, युवाओं एवं आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा जिलेवासियों से अपील की गई है कि वे अपने घरों पर तिरंगा फहराएं और 'हर घर तिरंगा' अभियान में सक्रिय रूप से सहभागी बनें। जिला प्रशासन द्वारा सभी विद्यालयों, विभागों, संस्थानों एवं आम नागरिकों से 'हर घर तिरंगा' अभियान को पूरे उत्साह, सम्मान एवं राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ मनाने की अपील की गई है।

# चोरों ने घर से उड़ाये लाखों की संपत्ति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** दाउदनगर थाना क्षेत्र के पिलछी गांव में रविवार की देर रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर लाखों रुपये के सामान, नकदी और जेवरात की चोरी कर ली। घटना के बाद पीड़ित परिवार सहित ग्रामीणों में दहशत और नाराजगी है। पीड़ित गृहस्वामी व्यास महतो ने बताया कि यह चोरी की वारदात रात करीब 12 बजे से सुबह तीन बजे के बीच हुई। चोरों ने घर का दरवाजा खोलकर अंदर प्रवेश किया और सीधे उन कमरों में पहुंचे जहां बक्से रखे हुए थे। चोरों ने दो बड़े बक्सों को तोड़कर उसमें रखे जेवरात और नकदी निकाल ली। बताया जा रहा है कि चोरी गए जेवरातों में मंगटीका, जितिया, लॉकेट, पायल और चैन जैसे कीमती सामान शामिल हैं, जिनकी कीमत करीब चार लाख रुपये आंकी गई है। इसके अलावा चोरों ने बक्सों में रखे 1 लाख 55 हजार 970 रुपये नकद भी चुरा लिए। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि कांड के सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। जल्द ही चोर पकड़े जाएंगे।

# पीएम सूर्यघर योजना : औरंगाबाद में 202 रूफटॉप सोलर संयंत्रों का संस्थापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य के सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के तहत लाभुकों के आवेदन, वेंडर चयन, रूफटॉप सोलर संयंत्रों के संस्थापन, बैंक ऋण की स्वीकृति एवं वितरण तथा आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के साथ सदर अनुमंडल पदाधिकारी गौरव सिंह, सिविल सर्जन डॉ कृष्णा कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति, सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी जुड़े रहे। समीक्षा के दौरान बताया गया कि राज्य में पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत अब तक 1,01,034 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें 75,238 लाभुकों का वेंडर चयन किया जा चुका है तथा 25,689 रूफटॉप सोलर संयंत्रों का संस्थापन पूर्ण किया गया है। योजना के अंतर्गत अब तक 171.74 करोड़ रुपये की सब्सिडी लाभुकों को जारी की जा चुकी है। औरंगाबाद जिले में योजना के तहत 993 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें 811 लाभुकों का वेंडर चयन किया जा चुका है तथा 202 रूफटॉप सोलर संयंत्रों का संस्थापन पूर्ण किया गया है। पिछले चार माह में जिले में 73 संस्थापन किए गए हैं। जिले में संस्थापन कार्य को गति देने के लिए संबंधित एजेंसी एम/एस सेन एंड पंडित वोल्टेज कंट्रोल प्राइवेट लिमिटेड को 6,578 लाभुकों का लक्ष्य आवंटित किया गया है। नवंबर 2026 तक निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रतिदिन 70 संस्थापन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उपलब्ध प्रगति के अनुसार संबंधित एजेंसी द्वारा औरंगाबाद में संचयी रूप से 531 स्ट्रक्चर एवं 154 पैनल स्थापित किए गए हैं। योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सामग्री की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। उपलब्ध विवरण के अनुसार औरंगाबाद में 74 स्ट्रक्चर एवं 142 मॉड्यूल उपलब्ध हैं तथा अतिरिक्त सामग्री की आपूर्ति भी प्रक्रियाधीन है।

# सरोज यादव के निधन पर पूर्व मंत्री ने जताई संवेदना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश पासवान ने कुटुंबा प्रखंड के रिसियप निवासी एवं युवा राजद के जिला महासचिव सरोज यादव के असमय निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। डॉ. पासवान ने कहा कि सरोज यादव के निधन की खबर से वे न केवल मर्माहत हैं बल्कि व्यक्तिगत रूप से भी उन्हें बहुत बड़ी क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय सरोज यादव हर समय जरूरतमंदों की मदद के लिए तत्पर रहते थे। वे अपने स्तर से लोगों की हरसंभव सहायता करते थे। सामाजिक कार्यों में उनकी सक्रिय भूमिका और समाज के प्रति उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। पूर्व मंत्री ने कहा कि सरोज यादव के व्यक्तित्व में लोगों के प्रति अपनापन और सहयोग की भावना थी। डॉ. पासवान ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि भगवान स्वर्गीय सरोज यादव की आत्मा को शांति तथा उनके शोक-संतप्त परिजनों को इस कठिन एवं दुख की घड़ी में धैर्य और शक्ति प्रदान करें।

# बीआरबीसीएल में 'हर घर तिरंगा अभियान' का शुभारंभ

## वंदे मातरम के सामूहिक गायन से गूंजा परिसर, कर्मचारियों को वितरित किए गए राष्ट्रीय ध्वज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले के बारून एवं नवीनगर प्रखंड की सीमा पर स्थित भारतीय रेल बिजली कंपनी लि. (बीआरबीसीएल) में सोमवार को 'हर घर तिरंगा अभियान 2026' का उत्साहपूर्ण शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए.जे. राजकुमार के साथ सभी विभागाध्यक्षों एवं अधिकारियों की उपस्थिति रही। अभियान के शुभारंभ के अवसर पर राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन किया गया। सामूहिक गायन के दौरान पूरा वातावरण देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना से ओत-प्रोत रहा। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्र के प्रति सम्मान और समर्पण की भावना के साथ अभियान में भागीदारी की। 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत बीआरबीसीएल के सभी कर्मचारियों को राष्ट्रीय ध्वज प्रदान किया गया। कर्मचारियों से अपील की गई कि वे अपने परिवारजनों के साथ अपने घरों एवं कार्यस्थलों पर तिरंगा फहराकर राष्ट्र के प्रति सम्मान, गौरव और एकता की भावना को अभिव्यक्त करें। बीआरबीसीएल में यह अभियान 17 अगस्त 2026 तक मनाया जाएगा। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और राष्ट्रप्रेम की भावना से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से बीआरबीसीएल ने देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय गौरव के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया।

# जिलाधिकारी ने सुनी फरियादियों की शिकायत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सोमवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में सात निश्चय-3 अंतर्गत सबका सम्मान-जीवन आसान पहल के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। इसमें जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे।

# प्राथमिकता के आधार पर पात्र लाभुकों का बनाएं राशन कार्ड

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार के मुख्य सचिव द्वारा खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की अद्यतन प्रगति की समीक्षा हेतु राज्य के सभी जिलाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान राशन कार्ड निर्गमन की प्रगति, विशेषकर पंचायत विकास दिवस के अंतर्गत नए राशन कार्ड के लिए प्राप्त आवेदनों, उनके सत्यापन तथा लंबित आवेदनों के निष्पादन की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में पंचायत विकास दिवस के अंतर्गत नए राशन कार्ड के लिए प्राप्त आवेदनों के निष्पादन एवं सत्यापन की प्रगति पर विशेष रूप से चर्चा की गई। उपलब्ध विभागीय आंकड़ों के अनुसार, 09 अगस्त तक राज्य में नए राशन कार्ड के लिए कुल 13,93,704 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 12,91,434 आवेदनों का सत्यापन किया जा चुका है। औरंगाबाद जिले में पंचायत विकास दिवस के तहत नए राशन कार्ड निर्गमन हेतु निर्धारित 48,241 के लक्ष्य के विरुद्ध कुल 69,546 आवेदन प्राप्त हुए, जो निर्धारित लक्ष्य का 144 प्रतिशत है। इनमें से 69,522 आवेदनों का सत्यापन किया जा चुका है तथा मात्र 24 आवेदन सत्यापन/क्लोजिंग हेतु लंबित हैं। इस दौरान औरंगाबाद से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, सदर एसडीओ गौरव सिंह, डीएसओ श्वेतांक लाल, डीपीआओ श्वेता प्रियदर्शी सहित संबंधित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# देवकुंड में 60 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पवित्र श्रावण मास के अवसर पर गोह प्रखंड क्षेत्र के दुग्धेश्वर धाम देवकुंड में सोमवार के दिन 650 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दर्शन एवं पूजा-अर्चना की। मेले श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा मेला क्षेत्र में व्यापक एवं सुव्यवस्थित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि श्रद्धालुओं को दर्शन एवं पूजा-अर्चना में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। श्रावणी मेला के दौरान जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पेयजल, सुरक्षा एवं बैरिकेडिंग, मेडिकल सुविधा, नियंत्रण कक्ष सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जल क्षेत्र में एसडीआरएफ का चलंत बोट भी तैनात किया गया है। मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था एवं भीड़ प्रबंधन के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं संबंधित पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिला प्रशासन द्वारा मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा का लगातार अनुश्रवण किया जा रहा है। नियंत्रण कक्ष के माध्यम से विभिन्न व्यवस्थाओं की निगरानी* की जा रही है तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए मेडिकल एवं आपातकालीन सेवाओं को सक्रिय रखा गया है। इस अवसर पर दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बीडीओ एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी ने मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे प्रशासन द्वारा निर्धारित प्रवेश एवं निकास मार्ग, बैरिकेडिंग एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्था का पालन करें तथा प्रशासन एवं पुलिस के निर्देशों में सहयोग प्रदान करें, ताकि सभी श्रद्धालु सुरक्षित एवं सुगम रूप से देवकुंड में दर्शन कर सकें।

